जबलपुर
गुरुवार, 16 जनवरी 2025
- माघ मास शुक्ल पक्ष : 3
- वर्ष : 19, अंक : 252
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम
अधि. 27
न्यून. 12

मोहन कैबिनेट की बैठक में हुए कई अहम फैसले

# मप्र 2028 तक होगा गरीबी मुक्त, गरीब कल्याण मिशन को मंजूरी डायल-100 सेवा के द्वितीय चरण के लिए 1565 करोड़ रु. की स्वीकृति

## शासकीय भवनों में सोलर रूफ टॉप संयंत्रों की स्थापना होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मोहन सरकार वर्ष 2028 तक मप्र को गरीबी से मुक्त कराने जा रही है। इसके लिए मप्र कैबिनेट ने बुधवार को एक बड़ा निर्णय लेते हुए 'गरीब कल्याण मिशन' के क्रियान्वयन को मंजूरी दे दी। मिशन का उद्देश्य राज्य के गरीब और वंचित वर्गों का आर्थिक उत्थान करते हुए उनकी आय को न्यूनतम आय के स्तर तक लाना है।

गरीब कल्याण मिशन संयुक्त रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की ओर से अन्य विभागों के सहयोग से क्रियान्वित किया जाएगा। मप्र कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई।

### शासकीय योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन होगा

गरीब कल्याण मिशन-2028 के तहत स्थानीय समुदाय के सशक्तिकरण के माध्यम से वर्तमान शासकीय योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करते हुए राज्य की जनता को आत्मनिर्भरता और समृद्धि के पथ पर अग्रसर करने में सहायक सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्ष-2024 के स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर 'गरीब कल्याण मिशन-2028' की घोषणा की थी। इसी आधार पर वर्ष 2028 तक में प्रदेश को गरीबी मुक्त करने का निर्णय लिया गया है।



### डायल-100 सेवा का काम अब नई कंपनी को

कैबिनेट ने एकीकृत पुलिस कॉल सेन्टर एवं नियंत्रण कक्ष तंत्र (डायल-100) सेवा के द्वितीय चरण अप्रैल-2025 से सितंबर-2030 तक (5 वर्ष 06 माह) के संचालन के लिए 1200 फर्स्ट रिस्पांस व्हीकल (एफआरवी) के साथ कुल अनुमानित राशि 1565 करोड़ रुपए की परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई।

भोपाल में 24-25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट

## जापान बनेगा ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का कंट्री पार्टनर, सीएम जाएंगे जापान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों और निवेश प्रोत्साहन की दिशा में अगली रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव शहडोल में होने जा रही है। भोपाल में 24-25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में जापान भी कंट्री पार्टनर के रूप में भाग लेगा। मुख्यमंत्री की प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के लिए 27 जनवरी से एक फरवरी तक जापान की यात्रा प्रस्तावित है। निवेश आकर्षित करने के लिए मुख्यमंत्री जल्दी ही जापान जाएंगे।

निवेश प्रोत्साहन के लिए 11 विभागों की 21 नीतियों पर कार्य जारी

### शहरी गैस वितरण के लिए बन रही है विशेष नीति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 11 विभागों को, ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से पहले, अपनी निवेश नीतियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अंतर्गत 21 निवेश नीतियों पर कार्य जारी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के तहत मप्र निवेश प्रोत्साहन नीति 2025, एमपी लॉजिस्टिक्स नीति, मप्र निर्यात संवर्धन एवं ओडीओपी नीति 2025 तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के अंतर्गत प्रदेश में एमएसएमई विकास नीति 2025, एमपी एमएसएमई भूमि विकास आवंटन नीति 2025 और एमपी स्टार्टअप नीति पर कार्य जारी है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

पीएम मोदी ने भारत में बने 3 नए युद्धपोत देश को समर्पित करते हुए कहा

# शक्ति संपन्न होता भारत विस्तारवाद नहीं विकासवाद पर करता है भरोसा

*पीएम मोदी ने कहा कि भारत पूरे हिंद महासागर क्षेत्र में पहले उत्तरदाता के रूप में उभरा है और पिछले कुछ महीनों में भारतीय नौसेना ने हजारों लोगों की जान बचाई है और लाखों के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कार्गो को सुरक्षित किया है।*



एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन वॉरशिप आईएनएस सूरत (डिस्ट्रॉयर), आईएनएस नीलगिरि (स्टेल्थ फ्रिगेट) और आईएनएस वाघशीर (सबमरीन) को राष्ट्र को समर्पित किए। इन तीनों अल्ट्रा-मॉर्डन वॉर शिप से नेवी की ताकत और बढ़ जाएगी।

पीएम मोदी ने कहा 15 जनवरी को आर्मी डे के रूप में भी मनाया जाता है। आज भारत की समुद्री विरासत नेवी के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए भी बहुत बड़ा दिन है। छत्रपति शिवाजी महाराज ने नौसेना को नया सामर्थ्य दिया था, नया विजन दिया था। आज उनकी इस पावन धरती पर 21वीं सदी की नेवी को सशक्त करने की तरफ हम एक बहुत बड़ा कदम उठा रहे हैं। यह पहली बार हो रहा है, जब एक डिस्ट्रॉयर, फ्रिगेट और सबमरीन को एकसाथ कमीशन किया जा रहा है। ये तीनों मेड इन इंडिया हैं।

- पहली बार डिस्ट्रॉयर, फ्रिगेट और सबमरीन एकसाथ कमीशंड हुए
- तीनों अल्ट्रा-मॉर्डन वॉर शिप से नेवी की ताकत और बढ़ जाएगी
- 5 हजार से ज्यादा साजोसामान और उपकरण विदेशों से नहीं मंगाए जाएंगे
- पीएम ने छत्रपति शिवाजी महाराज का जिक्र किया कहा- नौसेना को नया सामर्थ्य और नया विजन दिया था

### पीएम मोदी ने कहीं 4 बड़ी बातें



**1 मेक इन इंडिया के मंत्र से काम कर रहे**

कर्नाटक में देश की सबसे बड़ी हेलिकॉप्टर बनाने वाली फैक्ट्री शुरू हुई। यूपी-तमिलनाडु में बन रहे डिफेंस कॉरिडोर को और गति मिलेगी। नेवी ने भी मेक इन इंडिया अभियान का विस्तार किया है। मझगांव डॉक यार्ड के आप साथियों की भूमिका है। 10 साल में नेवी में 33 शिप्स और 7 सबमरीन को शामिल किया गया।

**2 भारत समुद्र की बड़ी ताकत बन रहा**

आज जो प्लेटफॉर्म लॉन्च हुए हैं, उनमें भी इसकी झलक है। नीलगिरी चोल वंश के सामुद्रिक सामर्थ्य के प्रति समर्पित है। सूरत वॉर शिप उस वक्त की याद दिलाता है, जब गुजरात को पोर्ट के जरिए वेस्ट एशिया से जुड़ा था।

**3 दुनिया का भारत पर भरोसा बढ़ा**

बीते कुछ महीनों में हमारी नौसेना ने सैकड़ों जानें बचाईं। हजारों करोड़ रुपए के नेशनल और इंटरनेशनल कार्गो की सुरक्षा की है। दुनिया का भारत पर भरोसा बढ़ा है। भारतीय नौसेना, कोस्टगार्ड पर लगातार भरोसा बढ़ता जा रहा है। आसियान हो, ऑस्ट्रेलिया हो, गल्फ हो, अफ्रीका के देश हों, सबके साथ आज भारत का आर्थिक सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है।

**4 वन अर्थ, वन फैमिली पर भरोसा**

भारत विस्तारवाद नहीं, विकासवाद की भावना से काम करता है। ओपन, सिक्योर, इन्क्लूजिव इंडो पैसेफिक रीजन का समर्थन किया है। जब समुद्र से सटे देशों के विकास की बात आई तो भारत ने मंत्र दिया सागर- सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन। जी-20 में कहा कि वन अर्थ, वन फैमिली,वन फ्यूचर।

## खबर संक्षेप

### पीएम संग्रहालय की नई टीम में स्मृति ईरानी



**नई दिल्ली।** एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) की सोसायटी और कार्यकारी परिषद का पुनर्गठन किया गया है। संस्था की सोसायटी में कई नए नाम शामिल हुए हैं। प्रधानमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव नृपेंद्र मिश्रा को सोसायटी अध्यक्ष के रूप में पांच वर्ष का एक और कार्यकाल मिला है।

### यूजीसी नेट एग्जाम का संशोधित शेड्यूल जारी



**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से यूजीसी नेट दिसंबर 2024 के लिए 15 जनवरी को होने वाला एग्जाम स्थगित कर दिया गया है। अब संशोधित टाइम टेबल जारी कर दिया गया है। अब परीक्षा का आयोजन 21 एवं 27 जनवरी को निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर करवाया जाएगा। 21 की परीक्षा पहली शिफ्ट में संपन्न करवाई जाएगी।

### स्मृति मंधाना ने शतक जड़कर रचा इतिहास



**नई दिल्ली।** स्मृति मंधाना वनडे क्रिकेट में सबसे तेज शतक जड़ने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बन गई हैं। आयरलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में उन्होंने यह कारनामा किया। स्मृति के अलावा प्रतिका रावल ने भी शतक जड़ा। दो शतकों की मदद से भारत ने आयरलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे मैच में 5 विकेट पर 435 रन बनाए।

### डल्लेवाल की हालत पर भड़के जस्टिस सूर्यकांत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत डल्लेवाल के सेहत के बारे में पंजाब सरकार पर नाराजगी जताते हुए रिपोर्ट मांगी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डल्लेवाल की सेहत से जुड़ी पहले और अब की सारी मेडिकल रिपोर्ट उन्हें दी जाएं। पंजाब के मुख्य सचिव रिपोर्ट को सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार को सौंप दें। इसके बाद एम्स के डायरेक्टर से राय ली जाएगी।

पीएम मोदी ने विधायकों को दी सलाह, कहा

## ट्रांसफर करवाने और दलाली जैसे कामों से बनाएं दूरी



एजेंसी ▶▶ मुंबई

- सेहत और परिवार को ध्यान रखें साथ उनके लिए भी काम करें जिन्होंने आपको वोट नहीं दिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के विधायक और विधान परिषद के सदस्यों के साथ बैठक की। पीएम ने विधायकों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की सलाह दी है और हर साल अपनी जांच करने की बातें कहीं हैं।

पीएम ने बैठक में विधायकों को सलाह देते हुए कहा कि राजनीतिक और सामाजिक जीवन में काम करते हुए अपने स्वास्थ्य पर भी ध्यान दें और हर साल अपनी मेडिकल जांच जरूर कराएं घर में अपनी पत्नी, बेटी, मां पर विशेष ध्यान दें। सामाजिक जीवन में काम करते वक्त उनकी उपेक्षा न करें। योग या किसी भी तरह के व्यायाम करें। पीएम ने कहा कि मैं खुद भी रोज सुबह जल्दी उठकर योग करता हूं।

सच्ची स्वतंत्रता...वाले आरएसएस चीफ के बयान पर भड़के राहुल

## कहा-आरएसएस प्रमुख ने जो कहा वह देशद्रोह



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- यह कहना कि भारत को 1947 में स्वतंत्रता नहीं मिली, हर भारतीय का अपमान है

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को संविधान पर टिप्पणी को लेकर आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत पर जमकर हमला बोला और उन पर देशद्रोह का आरोप लगाया। दिल्ली में कांग्रेस के नए मुख्यालय के उद्घाटन के मौके पर बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मुझे लगता है कि यह काफी प्रतीकात्मक है कि कल आरएसएस प्रमुख ने कहा कि भारत को 1947 में कभी स्वतंत्रता नहीं मिली। उन्होंने कहा कि सच्ची स्वतंत्रता तब मिली जब राम मंदिर का निर्माण हुआ। मोहन भागवत ने कल संविधान पर हमला किया जब उन्होंने कहा कि यह हमारी स्वतंत्रता का प्रतीक नहीं है।' कांग्रेस सांसद ने कहा कि मोहन भागवत ने देश को यह बताने की हिम्मत की कि वे स्वतंत्रता आंदोलन और संविधान के बारे में क्या सोचते हैं।

रांची में रिटायर्ड अधिकारी को बनाया निशाना

## डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाया और ठग लिए 2.27 करोड़ रुपए



पीड़ित की शिकायत पर सीआईडी ने दर्ज की एफआईआर

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के रांची से साइबर ठगी का मामला सामने आया है। बरियातू क्षेत्र में रहने वाले सीसीएल के रिटायर्ड अधिकारी साइबर ठगी का शिकार हो गए। ठगों ने खुद को टेलीफोन रेगुलेटरी अथॉरिटी (ट्राई) और साइबर सेल के अधिकारी बताकर डराया। साथ ही झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी। बदमाशों ने डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर उनसे 2.27 करोड़ रुपए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करवाए। रिटायर्ड अधिकारी को ठगों ने बताया कि उनके मोबाइल नंबर से भ्रामक विज्ञापन प्रसारित हुआ है,।

केंद्रीय मंत्री निशिकांत ने जताई थी कड़ी आपत्ति

## मेटा के सीईओ जुकरबर्ग ने भारत से मांगी माफी



दुबे ने लिखा- यह जीत भारत के आम नागरिकों की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मार्क जुकरबर्ग ने भारत को लेकर जो टिप्पणी की थी, उसके लिए 'मेटा' ने माफी मांग ली है।

आईटी और कम्युनिकेशन मामलों के संसदीय समिति के अध्यक्ष निशिकांत दुबे ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए ये जानकारी दी। इससे पहले केंद्रीय मंत्री निशिकांत दुबे ने मंगलवार को कहा था कि संसद की संचार और सूचना प्रौद्योगिकी स्थाई समिति ने इस मामले में मेटा को तलब करेगी।

24 घंटे से ज्यादा समय बाद भी नहीं हो पाया रेस्क्यू

## छिंदवाड़ा में कुएं में दबे तीनों मजदूरों की मौत, रेस्क्यू में देरी

- सीएम ने जताया दुख, परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले में कुआं धंसने से मलबे में दबे तीन मजदूरों को बचाया नहीं जा सका। करीब 24 घंटे तक चले रेस्क्यू के बाद भी उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। प्रशासन ने मौत की पुष्टि की है। हालांकि शव अभी कुएं से बाहर नहीं निकाले जा सके हैं।



### कच्ची मिट्टी बनी रेस्क्यू में बाधा

सुबह तक सभी मजदूरों से प्रशासन और रेस्क्यू टीम बात कर रही थी। मलबे में दबे मजदूर को बकायदा निकालने के लिए जेसीबी की सहायता ली जा रही थी।

एक दिन के लिए विश्व का सबसे ज्यादा आबादी वाला शहर बना प्रयागराज

# 4.20 करोड़ लोगों की भीड़ ने बना दिया रिकॉर्ड, दूसरे नंबर पर पहुंची टोक्यो की 3.74 करोड़ आबादी

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज एक दिन के लिए विश्व का सबसे ज्यादा आबादी वाला शहर बन गया। एक दिन के लिए प्रयागराज की आबादी लगभग सवा 4 करोड़ हो गई।

मकर संक्रांति पर यहां 3.50 करोड़ लोगों ने स्नान किया। जिले की आबादी करीब 70 लाख जोड़ ली जाए तो प्रयागराज में एक दिन की संख्या 4.20 करोड़ रिकॉर्ड की गई। ऐसे में एक दिन के लिए विश्व में टोक्यो शहर 3.74 करोड़ आबादी के साथ दूसरे नंबर पर रिकॉर्ड किया गया।

- मकर संक्रांति पर 3.50 करोड़ बाहर से पहुंचे और 70 लाख प्रयागराज की आबादी, दोनों जोड़कर भीड़ जुटी 4.20 करोड़ की
- माघी पूर्णिमा पर 7 करोड़ श्रद्धालु पहुंचेंगे प्रयागराज, टूटेगा मकर संक्रांति का रिकॉर्ड
- सोमवार और मंगलवार को कुल 5.15 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम के में किए स्नान

### हाईटेक स्वास्थ्य सेवा,जरूरत पड़ी तो ऑपरेशन भी



संगम तट से लेकर कई किमी तक पैर रखने की जगह नहीं बची

महाकुंभ-2025 को भव्य के साथ स्वस्थ बनाने के खास इंतजाम किए गए हैं। यहां 40 करोड़ लोगों के आने की संभावना है। इसी आधार पर कुंभ क्षेत्र में मेडिकल स्ट्रक्चर भी खड़ा किया गया है। पूरे मेले में स्वास्थ्य सेवाओं के नेटवर्क को ऐसा बनाया गया है कि बीमार होने पर कहीं भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। न सिर्फ ओपीडी, अगर भर्ती करने और ऑपरेशन करने की नौबत आती है,

### महाकुंभ में एंटी ड्रोन सिस्टम ने 9 ड्रोन गिराए

प्रयागराज महाकुंभ का बुधवार को तीसरा दिन था। सुबह 4 बजे से ही गंगा के तटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। हजारों की संख्या में लोगों ने 'हर-हर महादेव' और 'जय गंगा मैया' के जयकारे के साथ डुबकी लगाई। इस बीच पूरे महाकुंभ में हाईटेक सुरक्षा है। किसी को भी बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाने की अनुमति नहीं है। यहां लगे एंटी-ड्रोन सिस्टम ने अब तक मेला क्षेत्र में 9 ड्रोन मार गिराए हैं।



Government of Madhya Pradesh
MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
MSME
MPSeDC

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
अनंत संभावनाएँ
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
24 25 फरवरी 2025, भोपाल


डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री


नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

# रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव शहडोल

अपार संभावनाओं की भूमि

16 जनवरी, 2025 I पूर्वाह्न 11:00 बजे
यूनिवर्सिटी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, आर.जी.पी.वी., शहडोल

शुभारंभ
**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
द्वारा

**प्रमुख आकर्षण**

4000+ प्रतिभागी | मुख्यमंत्री के साथ वन-टू-वन मीटिंग | 3 सेक्टर आधारित सत्र | प्रदर्शनी

**फोकस सेक्टर**

खनन एवं खनिज | ऊर्जा | कृषि एवं उद्यानिकी | पर्यटन एवं हस्तशिल्प



D-11159/24

Website: invest.mp.gov.in
#RICShahdol

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

INDUSTRY PARTNER CII Confederation of Indian Industry
INDUSTRY PARTNER EY Shape the future with confidence

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

# पुणे में मनाया गया 77वां सेना दिवस

# थल सेनाध्यक्ष ने परेड की सलामी ली, कहा- उत्तरी सीमाओं पर स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील, सेना सदैव तैयार, देश नए युग की दहलीज पर

थल सेनाध्यक्ष ने आर्मी डे परेड में सेना पदक (वीरता) और अन्य पुरस्कार प्रदान किए। परेड में मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री, मद्रास रेजिमेंट, मराठा लाइट इन्फेंट्री रेजिमेंट, रेजिमेंट आफ आर्टिलरी, मिलिट्री पाइप्स एंड ड्रम बैंड, बॉम्बे इंजीनियर ग्रुप, आर्मी ऑर्डिनेंस कॉर्प्स और एनसीसी के दस्तों ने मार्च करके सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया

एजेंसी ▶▶ पुणे

थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पुणे में 77वें सेना दिवस परेड की सलामी ली। उन्होंने देश की सीमाओं पर तैनात जवानों पर भरोसा जताते हुए कहा कि आज हमारा देश नए युग की दहलीज पर खड़ा है और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है। परेड में विभिन्न मार्चिंग दस्तों और हथियारों के जरिए सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया गया। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि उत्तरी सीमाओं पर स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील है। हमारी सेना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार और सक्षम है। उत्तरी सीमाओं पर आधुनिक उपकरण और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है।

**परेड में कई झांकियों का भी प्रदर्शन किया गया**



**हथियारों के जरिए सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया**

### मार्चिंग दस्तों पर हेलिकॉप्टरों ने पुष्प वर्षा की

थल सेनाध्यक्ष ने आर्मी डे परेड में सेना पदक (वीरता) और अन्य पुरस्कार प्रदान किए। परेड में मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री, मद्रास रेजिमेंट, मराठा लाइट इन्फेंट्री रेजिमेंट, रेजिमेंट आफ आर्टिलरी, मिलिट्री पाइप्स एंड ड्रम बैंड, बॉम्बे इंजीनियर ग्रुप, आर्मी ऑर्डिनेंस कॉर्प्स और एनसीसी के दस्तों ने मार्च करके सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया। मार्चिंग दस्तों के माथे पर पसीना और आंखों में अनुभव की चमक दिखाई दी।

### पहली बार अग्निवीर महिला मार्चिंग टुकड़ी



पहली बार अग्निवीर महिला मार्चिंग टुकड़ी ने भारतीय सेना में महिलाओं की उल्लेखनीय यात्रा को दिखाया। 'नारी शक्ति' की थीम के अनुरूप अग्निवीर महिला मार्चिंग टुकड़ी ने महिला सैन्य पुलिस की ताकत, अनुशासन और समर्पण का प्रदर्शन किया। कैप्टन संध्या राव एच की कुशल कमान के तहत यह टुकड़ी भारतीय सेना में महिलाओं के नेतृत्व और प्रतिबद्धता का उदाहरण है।



### नेपाली आर्मी बैंड की टुकड़ी ने भाग लिया

परेड में पहली बार ऐतिहासिक रूप से नेपाली आर्मी बैंड की टुकड़ी ने भाग लिया, जो भारतीय और नेपाली सेना के बीच लंबे समय से चली आ रही दोस्ती में मील का पत्थर साबित हुई। इस टुकड़ी में तीन महिला सैनिकों सहित 33 सदस्य शामिल रहे, जिसमें ब्रास और पाइप बैंड ने अनूठी सांस्कृतिक और संगीतमय झलक जोड़ी। नेपाली आर्मी बैंड ने भारत और नेपाल के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाने वाली संगीत परंपराओं का मिश्रण पेश किया।



### सेना ने टी-90 टैंक भीष्म का किया प्रदर्शन

परेड के दौरान भारतीय सेना ने टी-90 टैंक भीष्म, के-9 वज्र, बीएमपी सारथ, लाइट स्ट्राइक व्हीकल, स्पेशलिस्ट मोबिलिटी व्हीकल बजरंग, पिनाका मल्टीपल लांचर सिस्टम, मोबाइल संचार नोड, ड्रोन जैमर प्रणाली, ब्रिजिंग सिस्टम का प्रदर्शन कर अपनी ताकत दिखाई।

निवर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन अपने विदाई भाषण में बोले

# भारत के साथ हिंद प्रशांत में बढ़ा सहयोग रिश्तों पर गर्व, संबंधों को मिली नई उर्जा



आईसीईटी संवाद एवं क्वाड जैसी महत्वपूर्ण पहल शुरू कीं

भारत सहित प्रशांत द्वीप के देशों के साथ रिश्ते मजबूत किए

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

निवर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हिंद-प्रशांत में भारत के साथ संबंध बढ़ाने को गर्व का विषय बताया। बाइडेन ने कहा, अब एक नया दौर शुरू हो गया है। भारत के साथ हमारे संबंधों को नई ऊर्जा मिली है। अमेरिका वैश्विक प्रतिस्पर्धा में 'परचम' लहरा रहा है, जबकि उसके प्रतिद्वंद्वी मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। फॉगी बॉटम स्थित अमेरिकी विदेश मंत्रालय के मुख्यालय में विदेश नीति पर बाइडेन ने राष्ट्रपति रहते हुए अपना अंतिम भाषण दिया।

### शैक्षणिक, प्रौद्योगिकी और रक्षा उद्योग सहयोग महत्वपूर्ण

*राष्ट्रपति ने पीएम नरेंद्र मोदी के साथ भारत और अमेरिका देशों की सरकारों, व्यवसायों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच रणनीतिक प्रौद्योगिकी साझेदारी एवं रक्षा औद्योगिक सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी को बढ़ाने और विस्तार देने के लिए मई 2022 में महत्वपूर्ण तथा उभरती प्रौद्योगिकियों (आईसीईटी) पर अमेरिका-भारत संवाद की घोषणा की है।*

### क्वाड, ऑकस पहले से मजबूत

बाइडेन ने कहा कि पिछले चार वर्षों में अमेरिका-जापान-दक्षिण कोरिया, अमेरिका-जापान-फिलिपीन और ऑस्ट्रेलिया-ब्रिटेन-अमेरिका (ऑकस) त्रिपक्षीय साझेदारी तथा क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) एवं आईपीईएफ (हिंद-प्रशांत आर्थिक ढांचा) के जरिये हिंद-प्रशांत में अमेरिका के गठबंधन और साझेदारी नेटवर्क में फिर से जान फूंकी तथा भारत, इंडोनेशिया, वियतनाम, आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संगठन) और प्रशांत द्वीप के देशों के साथ वाशिंगटन के रिश्ते मजबूत किए।

### भारतवंशी कमला हैरिस ने दी मजबूती

जो बाइडेन ने कहा कि उनके और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के पदभार संभालने के बाद से अमेरिका ने अपनी वैश्विक स्थिति को और मजबूत किया है। अब, अमेरिका अधिक सक्षम है हम इसी की ओर बढ़ रहे हैं। और हम अगले प्रशासन को एक मजबूत राष्ट्र सौंप रहे हैं। हमारी राष्ट्रीय शक्ति के स्रोत पहले की तुलना में अधिक मजबूत हैं। हमने अपनी कूटनीतिक ताकत बढ़ाई और देश के इतिहास में अमेरिका में अब तक के सबसे अधिक साझेदार बनाए हैं। हमारी प्रौद्योगिकियां एआई बायोटेक क्वांटम तक उन्नत हैं।

### भारत के साथ कई मोर्चों पर काम किया

*उन्होंने अपने प्रशासन की उपलब्धियों और पिछले चार वर्षों में दुनिया में आए बदलावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि चार साल के प्रभावशाली कार्यकाल के दौरान अमेरिका ने भारत के साथ अपने संबंध 'मजबूत' किए और आईसीईटी संवाद एवं क्वाड जैसी महत्वपूर्ण पहल शुरू कीं।*

### अमेरिका वैश्विक प्रतिस्पर्धा में परचम लहरा रहा

बाइडेन ने कहा कि कूटनीति ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका की आर्थिक एवं सुरक्षा साझेदारी को द्विपक्षीय और बहुपक्षीय दोनों रूप से मजबूत करके उसे और अधिक सुरक्षित स्थिति में पहुंचा दिया। उन्होंने कहा कि इन चार वर्षों में कई संकट आए जिनका हमने डटकर सामना किया। वैश्विक अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी मानवीय मूल्यों का भविष्य और बाकी बहुत कुछ। मैं हमारे प्रशासन का आभार व्यक्त करता हूं कि अमेरिका वैश्विक प्रतिस्पर्धा में परचम लहरा रहा है। उन्होंने कहा अमेरिका अधिक मजबूत हुआ है, उसने कोई युद्ध नहीं किया।




यूके विदेश सचिव ने ब्रिटिश संसद में बताया

# भारत के साथ एफटीए पर वार्ता फिर से शुरू की गई

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन सरकार ने मंगलवार को संसद को बताया कि द्विपक्षीय संबंधों को 'और भी अधिक ऊंचाइयों' पर ले जाने की संयुक्त महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर वार्ता फिर से शुरू की गई है। एफटीए वार्ता इस महीने के अंत में फिर से शुरू होने की उम्मीद है। हाउस ऑफ कॉमन्स में ब्रिटेन की आर्थिक वृद्धि पर बहस के दौरान, ब्रिटिश भारतीय लेबर सांसद जीवुन संधेर ने विदेश सचिव डेविड लैमी से 'ब्रिटेन-भारत के बीच एक अच्छे व्यापार समझौते' को अंतिम रूप देने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में पूछा। लैमी ने पिछले नवंबर में ब्राजील में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम कीर स्टार्मर और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच हुई बैठक का हवाला देते हुए कहा कि यूके और भारत के प्रधानमंत्रियों ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी के एक महत्वाकांक्षी नवीनीकरण के लिए प्रतिबद्धता जताई है।



### संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाएंगे

विदेश सचिव डेविड लैमी ने कहा कि यूके-भारत व्यापार वार्ता फिर से शुरू होगी, जो यूके-भारत संबंधों को और भी अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने की हमारी संयुक्त महत्वाकांक्षा को पूरा करेगी, और भारत उन मुट्ठी भर देशों में से एक है जो यह निर्धारित करेंगे कि हम 1.5 डिग्री सेल्सियस की वैश्विक वार्मिंग सीमा को पूरा करते हैं या नहीं। उन्होंने पिछले साल जुलाई में लेबर सरकार के चुने जाने के कुछ ही हफ्तों के भीतर अपनी भारत यात्रा और पिछले महीने 10 डाउनिंग स्ट्रीट में ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की तरफ से भारतीय व्यापार जगत के नेताओं के साथ एक गोलमेज सम्मेलन की मेजबानी की ओर इशारा किया।

### डॉ. जयशंकर जल्द ही आएंगे यूके

*यूके के विदेश सचिव ने अपने भारतीय संबंध को दोहराते हुए कहा कि मेरी मां की परदादी, जो कलकत्ता से थीं। उन्होंने बताया कि जल्द ही भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को यूके आमंत्रित करने की योजना बना रहे हैं। यूके के आधिकारिक व्यापार और व्यापार विभाग (डीबीटी) के आंकड़ों के अनुसार, 2024 के अंत तक चार तिमाहियों में यूके और भारत के बीच वस्तुओं और सेवाओं का कुल व्यापार 42 बिलियन पाउंड था। एफटीए के साथ इसमें काफी वृद्धि होने की उम्मीद है, जिसके लिए बातचीत जनवरी 2022 में शुरू हुई थी और 2024 में दोनों देशों में आम चुनावों के लिए चौदहवें दौर में रोक दी गई थी।*

# कार ने महिला-पुरुष को मारी टक्कर, 1 की मौत और दूसरा गंभीर

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में तेज रफ्तार कार का कहर देखने को मिला। नवी मुंबई के तलोजा एमआईडीसी इलाके में मंगलवार सुबह 9.46 बजे कार ने महिला-पुरुष को टक्कर मार दी। इस घटना में एक घायल की मौत हुई और दूसरे की हालत गंभीर है। वहीं, टक्कर की घटना वहां लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई। 25 सेकेंड का वीडियो सामने आया है। इसमें नजर आ रहा है कि एक महिला मोबाइल फोन पर बात करती चली जा रही है। जैसे ही वो थोड़ा आगे बढ़ती है, तभी उसके पास से एक युवक क्रॉस करता दिखता है।



## ठाणे में अवैध रूप से रह रहीं तीन बांग्लादेशी महिलाएं गिरफ्तार

**ठाणे।** भारत में अवैध रूप से रह रही तीन बांग्लादेशी महिलाओं को महाराष्ट्र के ठाणे जिले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर उल्हासनगर पुलिस ने मंगलवार को कोलेगांव में छापा मारा और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि महिलाएं वैध वीजा नहीं दिखा सकीं। उनकी पहचान रोजिना बेगम सुकुर अली (29), तंजिला खातून रज्जाक शेख (22) और शेफाली बेगम मुनीरुल शेख (23) के रूप में की गई। अधिकारी ने बताया कि महिलाएं घरेलू सहायिका के रूप में काम करती थीं तथा अपना जीवनयापन करने के लिए इसी प्रकार के अन्य काम भी करती थीं। उन्होंने बताया कि डोंबिवली के मनपाड़ा पुलिस थाने में पासपोर्ट अधिनियम और पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और आगे की जांच जारी है।









## मां गंगा और भोले बाबा के लगते रहे जयकारे, श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही बिना थके हारे

# अद्भुत, अविश्वसनीय और अकल्पनीय आस्था के महापर्व को थकान और सर्दी भी नहीं रोक पा रही

### अमृत स्नान का साक्षी बनने को श्रद्धालुओं में दिखी बेकरारी

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

सनातन परंपरा के सबसे बड़े मानव समागम का वृहद रूप दिखाई दे रहा। हर तरफ स्नानार्थियों की आस्था उमड़ती रही। मेला क्षेत्र के अलावा प्रमुख मार्गों पर भी स्नानार्थियों की भीड़ रही। आस्था की नगरी में तरह-तरह के रंग दिखे। लोग मां गंगा और भोले बाबा के जयकारे लगाते हुए चलते रहे। उत्साह और जयकारों के बीच कई किमी की पैदल यात्रा की थकान और सर्दी भी लोगों की आस्था को डिगा न सकी। करीब 10 लाख कल्पवासी व उनके परिजनों के अलावा बड़ी संख्या में अन्य श्रद्धालु भी मेला क्षेत्र में ही रुक गए और स्नान किया। इनके अलावा अखाड़े और अन्य संत व उनके अनुयायी भी मेला क्षेत्र में पहुंचे। भोर से ही सभी मार्गों पर सिर्फ श्रद्धालु ही नजर आए। काली मार्ग, बांध, सभी पांटून पुलों पर तिल रखने की भी जगह नहीं बची। हर तरफ श्रद्धालुओं, संतों व उनके अनुयायियों की ही भीड़ नजर आई। बड़ी संख्या में लोग भजन गाते हुए चल रहे थे। इस तरह के नजारे लोगों के आकर्षण का केंद्र भी रहे।

त्रिवेणी संगम पर महाकुंभ का पहला अमृत स्नान अद्भुत, अविश्वसनीय और अकल्पनीय आस्था का महापर्व बन गया। ठंड और कोहरे से लिपटा त्रिवेणी का तट ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो सृष्टि ने खुद को इस अद्वितीय आयोजन के स्वागत में संवार लिया हो। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती की धाराओं का मिलन स्थल दिव्यता का ऐसा केंद्र बन गया, जहां हर सांस में श्रद्धा और हर पल में ऊर्जा का संचार हो गया।




**भोर से चला स्नान का सिलसिला**

### बम-बम भोले के उद्घोष

इनमें चादरों में लिपटे, आंखों में उम्मीद लिए घाट के किनारे बड़ी संख्या में लोग बैठे पहुंचे। उनके लिए यह इंतजार एक साधना जैसा था। बम-बम भोले के उद्घोष और नावों का साया मानो इस आस्था के संग सफर में साथी बनने का वादा कर रहे थे। हर चेहरा एक कहानी कह रहा था, और हर निगाह उस पल का हिस्सा बनने के लिए बेकरार दिखी। इनमें न केवल भारत बल्कि दुनियाभर से आए श्रद्धालु भी शामिल थे।

### आए थे पुण्य की डुबकी लगाने... पुलिस ने घुमा दिया पूरा शहर

शहर में श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह किए गए डायवर्जन से सिर चकरा गया। घूमते-घूमाते 15 से 20 किमी शहरभर में चक्कर काटा, फिर जाकर संगम में डुबकी लगाने का मौका मिला। यह कहना है पटना से आए रामनाथ का था। यही हाल कई श्रद्धालुओं का रहा। महाकुंभ का सकुशल आयोजन कराने को लेकर पुलिस की ओर से रेलवे स्टेशन, बस अड्डे और शहरी सीमा से मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बैरिकेडिंग अलग-अलग रूटों से मेला में प्रवेश दिया जा रहा है। ऐसे में जगह-जगह घुमावदार रास्ते से श्रद्धालुओं को लंबा चक्कर काटना पड़ा।

### पेशवाई में हर्षा के रथ पर बैठने से भड़के संत

### इसका परिणाम भुगतना होगा...



महाकुंभ में मॉडल और एंकर हर्षा रिछारिया अपनी सुंदरता को लेकर सुर्खियों में हैं, लेकिन अब उन्हें लेकर एक विवाद ने जन्म ले लिया है। यह विवाद निरंजनी अखाड़े की पेशवाई में उन्हें रथ पर बैठाने को लेकर शुरू हुआ है, जिसे लेकर संत इस पर भड़क गए हैं। शांभवी पीठाधीश्वर स्वामी आनंद स्वरूप महाराज ने कहा है कि ये उचित नहीं है और इसके परिणाम भुगतने पड़ेंगे। 4 जनवरी को निरंजनी अखाड़े के पेशवाई निकली थी। उस वक्त हर्षा संतों के साथ रथ पर बैठी नजर आई थीं। स्वामी आनंद स्वरूप ने कहा कि यह सही नहीं है। समाज में गलत संदेश फैलेगा।




**एयर इंडिया की बड़ी पहल**

### दिल्ली-प्रयागराज के बीच की डेली फ्लाइट्स की शुरुआत की

महाकुंभ में श्रद्धालुओं और यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए एयर इंडिया ने यात्रा को और सुविधाजनक बनाने के लिए विशेष पहल की है। एयरलाइन ने दिल्ली और प्रयागराज के बीच अस्थायी रूप से दैनिक उड़ानों की शुरुआत करने की घोषणा की है। ये उड़ानें 25 जनवरी से 28 फरवरी तक चलेंगी, जिससे श्रद्धालु आसानी से प्रयागराज पहुंचेंगे। यह यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है।

### सद्गुरु जग्गी बोले- 2 दिन महाकुंभ में रहूंगा



आध्यात्मिक गुरु और ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव ने कहा- यह तीसरा महाकुंभ है, जिसमें मैं शामिल हो रहा हूं। मैं दो दिन तक महाकुंभ में रहूंगा। इसे नहीं टाल सकते हैं।

### आज से संस्कृति का महाकुंभ शंकर महादेवन आएंगे



महाकुंभ में 16 जनवरी से 24 फरवरी तक संस्कृति का महाकुंभ होगा। मुख्य मंच गंगा पंडाल का होगा, जिसमें देश के प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। 16 जनवरी को गंगा पंडाल में सिंगर शंकर महादेवन प्रस्तुति देंगे।

### 10 देशों का डेलिगेशन महाकुंभ में डुबकी लगाएगा



भव्य और दिव्य महाकुंभ अब दुनिया का ध्यान आकर्षित कर रहा है। गुरुवार को 10 देशों का 21 सदस्यीय दल संगम में पवित्र डुबकी लगाएगा। विदेश मंत्रालय के एक्सटर्नल पब्लिसिटी एंड पब्लिक डिप्लोमेसी डिवीजन ने आमंत्रित यह बात कही है।

## राहुल के विवादित बयान पर भाजपा का पलटवार, बोले नड्डा

**हर भारतीय राज्य, वाले बयान पर सियासत गरमाई**

# राहुल ने उजागर किया कांग्रेस का सच, देशविरोधी ताकतों को बढ़ाने का 'इतिहास' आया सामने

### कांग्रेस के तंत्र का शहरी नक्सलियों और डीप स्टेट के साथ घनिष्ठ संबंध उजागर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लड़ाई भाजपा ही नहीं हर भारतीय राज्य से वाले बयान को लेकर सियासत शुरू हो गई है। भाजपा ने राहुल पर पलटवार किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास रहा है कि उसने देश को कमजोर करने वाली ताकतों को बढ़ावा दिया है।नड्डा ने एक्स पर लिखा कि कांग्रेस का घिनौनी सच किसी से छिपा नहीं है।

अब उनके अपने नेता ने ही इसका पर्दाफाश कर दिया है। मैं राहुल की सराहना करता हूं कि उन्होंने वह बात साफ-साफ कही जो देश जानता है कि वह भारतीय राज्य से लड़ रहे हैं। यह कोई रहस्य नहीं है कि राहुल और उनके तंत्र का शहरी नक्सलियों और डीप स्टेट के साथ घनिष्ठ संबंध है। जो भारत को बदनाम करना चाहते हैं। उनके बार-बार के कार्यों ने भी इस विश्वास को मजबूत किया है। उन्होंने जो कुछ भी किया या कहा है वह भारत को तोड़ने और हमारे समाज को विभाजित करने वाला है।

**सत्ता के लालच में कांग्रेस कुछ भी करने को तैयार**

नड्डा ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास उन सभी ताकतों को बढ़ावा देने का रहा है, जो एक कमजोर भारत चाहते हैं। सत्ता के लिए उनके लालच का मतलब देश की अखंडता से समझौता करना और लोगों को धोखा देना था।



**ये भी बोले**

### राहुल का बयान पूर्व नियोजित और प्रायोजितः पूनावाला



भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने भी राहुल गांधी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल का बयान महज संयोग नहीं है बल्कि जॉर्ज सोरोस द्वारा पूर्व नियोजित और प्रायोजित है। आज कांग्रेस और राहुल ने साफ कर दिया है कि भाजपा और पीएम मोदी का विरोध करते-करते वे देश का विरोध करने लगे हैं। वे और उनके समर्थक 'भारत तोड़ो' के एजेंडे पर चलते हैं।

### अपनी मानसिक स्थिरता की जांच कराएं राहुलः पुरी



भाजपा नेता हरदीप पुरी ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल को अपनी मानसिक स्थिति पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने राहुल के किसी बयान का जिक्र किए बिना कहा कि उनसे कहिये वे जाकर अपनी मानसिक स्थिरता की जांच कराएं।

### राहुल अपरिपक्व नेता प्रतिपक्षः भाटिया



भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल पर कहा कि दुर्भाग्य है कि हमारे पास एक अपरिपक्व नेता प्रतिपक्ष है। भारत एक अधिक जिम्मेदार, वफादार नेता प्रतिपक्ष का हकदार है। प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं, फिर भी वह कहते हैं कि वह भारतीय राज्य के खिलाफ लड़ रहे हैं।

### केजरीवाल और वर्मा समेत कई ने किया नामांकन



आप के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नई दिल्ली सीट से नामांकन दाखिल किया। नामांकन करने से पहले वह वाल्मीकि मंदिर और कनॉट प्लेस में स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन और पूजा करने के लिए गए। नई दिल्ली सीट से भाजपा के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा और कालकाजी सीट से भाजपा के उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने भी अपने समर्थकों के साथ चुनाव आयोग के दफ्तर पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। जंगपुरा से प्रत्याशी मनीष सिसोदिया रोड शो किया।

### बिधूड़ी के फिर बिगड़े बोल

### जैसे जंगल में हिरणी भागती है वैसे दिल्ली की सड़कों पर आतिशी



कालकाजी विधानसभा सीट से उम्मीदवार और भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी एक बार फिर से अपने बयान को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। उन्होंने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ विवादित बयान दिया है। बिधूड़ी ने कहा कि आप नेता आतिशी हिरणी की तरह पूरे शहर में घूम रही हैं।

## राहुल संविधान को लेकर क्यों घूम रहे? सीतारमण



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आश्चर्य जताया कि वे भारतीय संविधान को अपने हाथ में क्यों लेकर घूम रहे हैं। एक्स पर एक पोस्ट में सीतारमण ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जिन्होंने संविधान की शपथ ली थी, अब कह रहे हैं कि हम अब भाजपा, आरएसएस और भारतीय राज्य से ही लड़ रहे हैं।

### आप ने दो उम्मीदवारों को बदला

दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आप ने उम्मीदवारों की संशोधित सूची जारी की है। नरेला से शरद चौहान और हरिनगर से सुरिंदर सेतिया को उम्मीदवार बनाया गया है। पहले नरेला से दिनेश भारद्वाज और हरि नगर से राज कुमारी ढिल्लन आप उम्मीदवार थीं।

## सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को फटकारा

# कानून के खिलाफ दलीलें देना हम बर्दाश्त नहीं करेंगे



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह केंद्र सरकार की तरफ से कानून के विपरीत दी गई कानूनी दलीलों को बर्दाश्त नहीं करेगा। कोर्ट ने यह सख्त टिप्पणी प्रवर्तन निदेशालय के इस तर्क को नकारने के बाद की है कि पीएमएलए की धारा 45 का प्रावधान किसी महिला पर लागू नहीं होगा। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइंया की बेंच ने कहा कि यूनियन ऑफ इंडिया द्वारा कानून के विपरीत दी गई दलीलें देने के आचरण को बर्दाश्त नहीं करेंगे।इससे पहले कोर्ट ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल की जमकर खिंचाई की थी। उन्होंने तर्क दिया था कि कड़ी जमानत शर्तें महिलाओं पर भी लागू होती हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने ईडी की ओर से पहले की गई दलील के लिए शुरुआत में माफी मांगी। मेहता ने कहा कि पिछली दलील मिस कम्युनिकेशन की वजह से हुई थी।

### एसजी ने जवाब के लिए मांगा वक्त

जस्टिस ओका ने कहा कि मिस कम्युनिकेशन का कोई सवाल नहीं है। हम यूनियन ऑफ इंडिया की इस तरह की दलीलों की कभी सराहना नहीं करेंगे। इस बात को दोहराते हुए कि वे माफी मांग रहे हैं, एसजी ने जवाब दाखिल करने के लिए मोहलत मांगी। यह कहते हुए कि आरोपी महिला आपराधिक गतिविधियों की सरगना थी और केवल महिला होने के आधार पर उसे जमानत नहीं मिलनी चाहिए।

### शराब घोटालाः लखमा और बेटा गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित 2160 करोड़ रुपए के शराब घोटाला केस में ईडी ने पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को गिरफ्तार कर लिया है। लखमा के साथ उनके बेटे हरीशको भी गिरफ्तार किया गया है। शराब घोटाला में उन्हें पूछताछ को रायपुर के ईडी दफ्तर बुलाया गया था। लंबी पूछताछ के बाद लखमा को गिरफ्तार किया है। पहले लखमा ही आबकारी मंत्री थे।

### हम जमानत रद्द भी कर देंगेः हाईकोर्ट

केरल उच्च न्यायालय ने बुधवार को मशहूर व्यवसायी बॉबी चेम्मानूर को जमानत मिलने के बावजूद जेल से बाहर न आने पर फटकार लगाई। अदालत ने एक दिन पहले ही मलयालम अभिनेत्री हनी रोज का यौन उत्पीड़न करने के मामले में जमानत दी थी। अदालत ने बॉबी चेम्मानूर के व्यवहार से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अदालत के साथ ड्रामा मत कीजिए। जस्टिस पीवी कुन्हीकृष्णन ने चेम्मानूर को चेतावनी देते हुए कहा कि उच्च न्यायालय के साथ खेल मत खेलिए और कहा कि अगर अदालत जमानत दे सकती है तो जमानत रद्द भी कर सकती है।

## पीएम ने इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन किया

# हमारी सरकार सेवा भावना अध्यात्म पर काम कर रही

एजेंसी ▶▶ खारघर

पीएम नरेंद्र मोदी ने नवी मुंबई के खारघर में इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन किया। इस दौरान महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और भाजपा सांसद हेमा मालिनी भी थीं।



उद्घाटन के बाद पीएम मोदी ने एक कार्यक्रम को संबोधित भी किया। उन्होंने बताया कि उनकी सरकार सेवा भावना के साथ काम कर रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि ज्ञान और भक्ति की इस महान भूमि पर इस्कॉन के प्रयास से श्री श्री राधा मदनमोहनजी मंदिर का उद्घाटन किया जा रहा है। यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे इस दिव्य उद्घाटन में भूमिका निभाने का मौका मिल रहा है। मैं अभी देख रहा था कि श्री श्री राधा मदनमोहन जी मंदिर परिषद की जो रूपरेखा है, इसका जो स्वरूप है, उसमें अध्यात्म और ज्ञान की सम्पूर्ण परंपरा के दर्शन होते हैं। मंदिर में ईश्वर के विविध स्वरूपों के दर्शन होते हैं।

## फिटनेस एप 'स्ट्रावा' से फ्रांस में मचा हड़कंप, शीर्ष गुप्त सैन्य क्षेत्र उजागर

# फ्रांसीसी नौसेना की परमाणु पनडुब्बी की लोकेशन हुई लीक

एजेंसी ▶▶ पेरिस

तकनीक ने इंसानी जीवन को बहुत आसान बना दिया है, लेकिन जैसे-जैसे जीवन में तकनीक का दखल बढ़ रहा है, वैसे ही इसके नुकसान भी सामने आ रहे हैं। ऐसे ही एक नुकसान से फ्रांस की नौसेना का सामना हुआ है। जिसमें फिटनेस एप के चलते गोपनीय सुरक्षा सूचना लीक हो गई। दरअसल फ्रांस की परमाणु पनडुब्बी पर तैनात अधिकारियों और चालक दल ने गलती से अपनी दौड़ और जॉगिंग के रिकॉर्ड को एक फिटनेस एप पर दर्ज किया, जिससे उनकी परमाणु पनडुब्बी की लोकेशन इंटरनेट पर लीक हो गई। सभी देशों की सेनाएं अपनी पनडुब्बियों की लोकेशन को सुरक्षा के चलते बेहद गोपनीय रखती हैं, लेकिन एक लापरवाही से बेहद गोपनीय सूचना सार्वजनिक हो गई।

» *इंटरनेट पर दिखा पनडुब्बी चालक दल का सदस्य*

» *लीक का कारण बनी फिटनेस वाली स्मार्टवॉच*

### आइल लॉन्ग बेस पर दिखीं 4 फ्रांसीसी परमाणु पनडुब्बियां



इस लीक से कथित तौर पर आइल लॉन्ग बेस पर चार फ्रांसीसी परमाणु पनडुब्बियां हैं, जिनमें से प्रत्येक 16 परमाणु मिसाइलों से लैस है, इन मिसाइलों की विस्फोटक तीव्रता हिरोशिमा और नागासाकी पर गिराए गए बमों से भी लगभग एक हजार गुना अधिक शक्तिशाली है।

### पनडुब्बी के सदस्य ने किया एप का उपयोग

फ्रांसीसी परमाणु पनडुब्बी के अधिकारी और चालक दल के सदस्य एक स्ट्रावा नामक फिटनेस एप का उपयोग कर रहे थे। इस एप पर यूजर्स अपनी फिटनेस गतिविधियों की जानकारी साझा करते हैं, जिससे दुनियाभर में उनकी प्रगति की निगरानी की जा सकती है।

### *लापरवाही के चलते जानकारी लीक*

*आइल लॉन्ग बेस में लगभग 2,000 सैन्यकर्मी रहते हैं और यह फ्रांस का एक शीर्ष गुप्त सैन्य क्षेत्र है। यह चौबीसों घंटे कैमरे की निगरानी, ड्रोन द्वारा निरंतर निगरानी, नियमित अंतराल पर बायोमेट्रिक स्कैनर से पहचान इसे एक किले की तरह सुरक्षित बनाती है। क्षेत्र में मोबाइल फोन प्रतिबंधित हैं। इतने भारी सुरक्षा इंतजामों के बावजूद, एक लापरवाही के चलते संवेदनशील जानकारी लीक हो गई। यह लीक स्मार्टवॉच के जरिए हुआ, जिसमें सैनिक अपने स्वास्थ्य और फिटनेस जांच के लिए थर्ड-पार्टी एप्लिकेशन का इस्तेमाल करते हैं, जो लीक का कारण बना।*

### विकास कार्य रुकवाने के आरोप का मामला

# हाई कोर्ट ने भाजपा विधायक सहित अन्य से मांगा जवाब

जबलपुर।

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने विकास कार्य रुकवाने के आरोप पर बांधवगढ़ के भाजपा विधायक शिवनारायण ज्ञान सिंह सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया है। मामले की अगली सुनवाई 24 जनवरी को निर्धारित की गई है।



याचिकाकर्ता जनपद पंचायत करकेली की अध्यक्ष प्रियंका सिंह बघेल की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि भाजपा विधायक सिंह ने जनपद पंचायत के काम में बेवजह अड़ंगा लगा रखा है। वर्ष 2022-23 में जारी बजट के परिप्रेक्ष्य में जनपद पंचायत द्वारा विकास कार्यों की योजना बनाई गई थी। इसके बाद सभी अनुमतियां लेने के बाद जनपद पंचायत ने वर्क आर्डर जारी किया और निर्माण सामग्री बुला ली। लेकिन विधायक के अडंगे के कारण विकास कार्यो पर रोक लगा दी गई। लिहाजा, हाई कोर्ट की शरण ले ली गई। याचिका में विधायक सिंह के अलावा राज्य शासन, उमरिया कलेक्टर, जिला पंचायत के सीईओ, जनपद पंचायत करकेली के सीईओ और जनपद उपाध्यक्ष पूनम साहू को पक्षकार बनाया गया है।

## पासपोर्ट नवीनीकरण के लिए माता-पिता दोनों की सहमति आवश्यक नहीं :

हाई कोर्ट ने कहा कि विदेश यात्रा का अधिकार एक मौलिक अधिकार है और पासपोर्ट अधिनियम के तहत पासपोर्ट के नवीनीकरण के लिए दोनों माता-पिता की सहमति की आवश्यकता नहीं है। अदालत ने याचिकाकर्ताओं के वकीलों की दलीलों को स्वीकार किया और यह जांचने से इनकार कर दिया कि याचिका के आधार पर प्रस्तुत दस्तावेज़ असली हैं या नहीं। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ और अधिवक्ता कपिल दुग्गल ने पक्ष रखाा। जबकि पासपोर्ट प्राधिकरण/भारत सरकार की ओर से अधिवक्ता देवेश भोजने उपस्थित हुए।

## अभिनेता नितीश भारद्वाज की बेटियों के पासपोर्ट नवीनीकरण के दिए निर्देश

### हाई कोर्ट ने नाबालिग जुड़ा पुत्रियों की मां की याचिका पर पिता की आपत्ति को किया दरकिनार

हरिभूमि जबलपुर।

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विनय सराफ की एकलपीठ ने पासपोर्ट प्राधिकरण, भोपाल को निर्देश दिए हैं कि नाबालिग जुड़वा बहनों के पासपोर्ट का नवीनीकरण करें। कोर्ट ने नाबालिग पुत्रियों व उनकी मां स्मिता भारद्वाज की याचिका पर यह व्यवस्था दी है। सुनवाई के दौरान पिता अभिनेता नितीश भारद्वाज आपत्तिकर्ता के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने अपना पक्ष स्वयं रखते हुए पासपोर्ट नवीनीकरण की मांग निरस्त करने पर बल दिया। लेकिन हाई कोर्ट ने उनकी आपत्ति को दरकिनार करते हुए याचिकाकर्ता को राहत दे दी। याचिकाकर्ता नाबालिग पुत्रियों की मां वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं, जिन्होंने भोपाल पासपोर्ट प्राधिकरण के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें नाबालिग पुत्रियों के पिता नितीश भारद्वाज की आपत्ति के कारण उनकी पासपोर्ट नवीनीकरण से इनकार कर दिया गया था।



# सांसद ने किया जबलपुर-हैदराबाद के बीच नई उड़ान का उद्घाटन

**जबलपुर**। सांसद आशीष दुबे ने बुधवार को जबलपुर से हैदराबाद के लिए प्रारंभ हुई इंडिगो की नई विमानसेवा का उद्घाटन किया। हैदराबाद के लिए जबलपुर से वर्तमान में संचालित उड़ान के अतिरिक्त यह नई उड़ान है। उद्घाटन अवसर पर प्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सांसद आशीष दुबे ने हैदराबाद के लिए प्रारंभ नई उड़ान के पहले फ्लायर नवयुवक आर्यन मिश्रा को बोर्डिंग पास प्रदान किया,आने वाले यात्रियों का पुष्प प्रदान कर स्वागत भी किया। सांसद दुबे ने बताया कि नई उड़ान सप्ताह के तीन दिन सोमवार-बुधवार और शुक्रवार को जबलपुर से हैदराबाद के बीच संचालित होगी।उड़ान नियत दिनों में शाम चार बजे जबलपुर आएगी और 20 मिनिट बाद हैदराबाद के लिए वापस जाएगी।उन्होंने बताया कि नई उड़ान के मार्ग पर 78 सीटों की क्षमता वाला एटीआर 72 विमान उड़ान भरेगा। इस दौरान विधायक अभिलाष पांडे,भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन,नगरनिगम अध्यक्ष रिकुंज विज़ और नवनियुक्त नगर भाजपा अध्यक्ष रत्नेश सोनकर,सर्वआशीष पटेल,सुमित मिश्रा, नीलू वाजपेयी, विवेक पटेल,संकल्प पाठक,अभय सिंह ठाकुर,अर्पित दुबे,अंशुमान पाठक,कुमार नीरज शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# हाई कोर्ट ने जंगली हाथियों के मामले की सुनवाई 22 जनवरी तक बढ़ाई

जबलपुर।

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी व न्यायमूर्ति अवनींद्र सिंह की युगलपीठ ने जंगली हाथियों के मामले की सुनवाई 22 जनवरी तक के लिए बढ़ा दी है। अब इस मामले की सुनवाई अन्य युगलपीठ करेगी। मामला रायपुर निवासी नितिन सिंघवी की ओर से दायर किया गया है। उनकी ओर से अधिवक्ता अंशुमान सिंह पैरवी कर रहे हैं। उन्होंने अवगत कराया कि केंद्रीय पर्यावरण विभाग की गाइडलाइन के अनुसार जंगली हाथियों को पकड़ने का कदम अंतिम उपाय के रूप में होना चाहिए। लेकिन मध्य प्रदेश में इसे पहले विकल्प के रूप में अपनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ से जंगली हाथियों के झुंड मध्य प्रदेश के जंगलों में प्रवेश करते हैं, जिससे किसानों की फसलें बर्बाद होती हैं और घरों में तोड़फोड़ की घटनाएं बढ़ रही हैं। कुछ मामलों में जंगली हाथियों द्वारा किए गए हमलों में लोगों की मृत्यु भी हो चुकी है। जंगली हाथियों को प्रिंसिपल चीफ कंजरवेटर फारेस्ट (पीसीसीएफ) वाइल्ड लाइफ के आदेश पर ही पकड़ा जा सकता है। जंगली हाथी संरक्षित वन्य प्राणियों की प्रथम सूची में आते हैं, और पकड़े जाने के बाद उन्हें टाइगर रिजर्व में भेजकर प्रशिक्षण दिया जाता है। ट्रेनिंग के दौरान हाथियों को यातनाओं का सामना करना पड़ता है। याचिका की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने सरकार को निर्देशित किया था कि पिछले 30 वर्षों में पकड़े गए हाथियों का पूरा विवरण पेश किया जाए। सरकार की तरफ से पेश की गयी रिपोर्ट में बताया गया था कि वर्ष 2017 से अब तक 10 जंगली हाथियों को पकड़ा गया है, जिनमें से दो हाथियों को छोड़ा जाना है।



## जबलपुर होकर चलेगी कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर**। रेल प्रशासन द्वारा महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं की मांग और आस्था को ध्यान में रखते रानी कमलापति-बनारस-रानी कमलापति कुंभ मेला एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इस संबंध में सीनियर डीसीएम डॉ. मधुर वर्मा ने बताया कि गाड़ी संख्या 01661 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 16 जनवरी से 20 फरवरी तक प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को सुबह 11:10 बजे रानी कमलापति से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 10:15 बजे बनारस पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01662 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 17 जनवारी से 21 फरवरी तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को दोपहर 14:45 बजे बनारस से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 11:30 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में मंडीदीप, औबेदुल्लागंज, बुदनी, नर्मदापुरम, इटारसी, सोहागपुर, पिपरिया, गाडरवारा, करेली, नरसिंहपुर, श्रीधाम, मदनमहल, जबलपुर जंक्शन, देवरी, सिहोरा रोड, कटनी जंक्शन, झुकेही, मैहर, सतना जंक्शन, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार स्टेशनों पर रुकेगी।

# भारतीय संस्कारों का ध्वजवाहक है गडरिया समाज : सिंह

**जबलपुर**। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने गडरिया समाज को भारतीय संस्कारों का ध्वजवाहक बताते हुए कहा है कि ये वो समाज है जिसने महाभारत में भगवान श्रीकृष्ण का साथ दिया था और जो देवी अहिल्या का वंशज है। सिंह ने कहा कि गडरिया समाज की अपनी जीवन शैली के लिए देश में अलग पहचान है। जहां भी इस समाज के लोग रहते हैं उन्हें भारतीय संस्कृति के प्रतिरूप के तौर पर देखा जाता है। लोक निर्माण मंत्री आज बुधवार को तिलवारा घाट में अखिल भारतीय गडरिया महासभा द्वारा आयोजित संक्रांति महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। लोक निर्माण मंत्री सिंह ने इस अवसर पर तिलवारा घाट स्थित गडरिया समाज भवन में शेड निर्माण के लिए अपनी विधायक निधि से पांच लाख रूपये देने की घोषणा की। उन्होंने समाज द्वारा स्थान का चयन कर लेने पर, अहिल्या देवी की प्रतिमा की स्थापना के लिए भी एक लाख रूपये की राशि देने की घोषणा की। सिंह ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या भारत की भूमि पर एक पवित्र नाम है जिसने सर्व समाज के कल्याण के लिए अपना जीवन जिया। उन्होंने कहा कि देश में जब भी भक्ति भाव के साथ परोपकार की बात आती है तो मां स्वरूपा देवी अहिल्या का नाम सबसे ऊपर आता है, उनका नाम सुनकर हम सबका सिर श्रृद्धा और सम्मान के साथ झुकता है। यही कारण है कि आज पूरे देश में लोकमाता देवी अहिल्या की स्मृति में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है और ऐसा करने वाली भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र और राज्यों की सरकार ही है। मंत्री सिंह ने इस अवसर पर गडरिया समाज के लोगों का समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर करने का संकल्प लेने का अव्हान किया। उन्होंने कहा कि गडरिया समाज को बेटियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए कैसे प्रेरित किया जा सके इस पर चिंतन करना होगा, साथ ही अपने समाज की दहेज मुक्त और नशा मुक्त समाज के रूप में पहचान भी बनानी होगी। लोक निर्माण मंत्री ने संक्रांति उत्सव के इस कार्यक्रम में गडरिया समाज के प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान भी किया। प्रारंभ में उन्होंने मां सरस्वती और देवी अहिल्याबाई के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर लोक निर्माण मंत्री सिंह का समाज की ओर से शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। संक्रांति उत्सव के इस कार्यक्रम को गडरिया समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोती श्रीपाल ने भी संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधिन में लोकमाता देवी अहिल्याबाई की कीर्ति को देश और प्रदेश में जगह-जगह फहराने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का अभार व्यक्त किया। लोक माता देवी अहिल्याबाई बोर्ड के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद पाल, गडरिया समाज के राष्ट्रीय अधयक्ष मोती श्रीपाल, समाज के जिला अध्यक्ष रामजी श्रीपाल, पार्षद सुनील गोस्वामी, भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र विश्वकर्मा एवं गडरिया समाज के सभी पदाधिकारी और गणमान्यजन मौजूद थे।






# मुनाफा बढ़ने पर 70 एकड़ में लगाई मिर्च

**जबलपुर**। जिले के मझौली विकासखंड के ग्राम सुहजनी में कृषक सत्येन्द्र सिंह द्वारा की जा रही मिर्च, टमाटर एवं शिमला मिर्च की खेती का किसान कल्याण तथा कृषि विकास के अधिकारियों ने जायज़ा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने कृषक सत्येन्द्र सिंह से चर्चा की तथा उनके अनुभव जाने। कृषि अधिकारियों ने आस-पास के किसानों से भी गेंहू और धान की फसल के स्थान पर उद्यानिकी फसलों की खेती करने का आग्रह किया, ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। मिर्च, शिमला मिर्च एवं टमाटर की खेती कर अवलोकन करने पहुंचे अधिकारियों में अनुविभागीय कृषि अधिकारी सिहोरा रवि आम्रवंशी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जे एस राठौर शामिल थे।इस अवसर पर सत्येन्द्र ने बताया कि वे सिकमी की लगभग 70 एकड जमीन पर 50 एकड में मिर्च, 10 एकड में शिमला मिर्च और 10 एकड में टमाटर की खेती कर रहे है। उनके फार्म में छः ट्यूबवेल भी हैं। उन्होंने खेत की तैयारी कर मेड बनाई हैं और उनमें पॉलीथिन की मल्च एवं ड्रिप लगाई है। सत्येन्द्र ने टमाटर की साहो, हरी मिर्च की सुनिधी और शिमला मिर्च की आशा किस्म की फसल लगाई है। मेड़ों के किनारों पर हायब्रिड पीला गेंदा भी लगाया है। जिससे कीट नियंत्रण में मदद मिलती है और अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है। अनुविभागीय कृषि अधिकारी सिहोरा रवि आम्रवंशी द्वारा गेंदा लगाने का कारण पूछने पर सत्येन्द्र ने बताया कि गेंदे के फूल के पीले रंग से कीट पतंगे आकर्षित होते है और मुख्य फसल को कम नुकसान पहुंचाते है। जिससे एक स्थान पर कीटों को नियंत्रण करने में सुविधा होती है तथा रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग कम होने से खेती की लागत भी कम होती है। कृषक सत्येन्द्र ने बताया की उनके द्वारा इन फसलों की खेती की शुरुआत चार साल पहले की गई थी। शुरू में वह 6 एकड में मिर्च, शिमला मिर्च और टमाटर लगाते थे, जिससे उनको अधिक मुनाफा होता था इस वजह से अब उनके द्वारा रकवा बढ़ाकर 70 एकड कर दिया गया है। कीट नियंत्रण हेतु उन्होंने अल्ट्रा वायलेट ट्रेप लगाये हैं और प्राकृतिक कीट नियंत्रण हेतु वे नीम के तेल का उपयोग करते है। सत्येंद्र फसलों में कम्पोस्ट खाद, वर्मी कम्पोस्ट का इस्तेमाल करते हैं। अल्ट्रा वायलेट ट्रेप से रस चूसने वाले छोटे कीट एफिड, जेसिड आदि रात्रि में लाइट की तरफ आकर्षित होते है।

# महापौर ने स्वर्ण प्राशन की दो-दो बूँद पिलाई और बच्चियों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया

जबलपुर।

नगर के प्रथम नागरिक महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने ज्ञान विद्या पब्लिक स्कूल, गणेश नगर, जबलपुर में आचार्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर महामुनिराज के प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर आयोजित स्वर्ण प्राशन संस्कार शिविर का शुभारंभ करते हुये बच्चों को निरोगी बनाने की दिशा में जैन समाज की इस पहल को पवित्र और अनुकरणीय बताया है। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने कहा कि सुवर्ण प्राशन संस्कार में जो औषधि दी जा रही है उससे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी, वे निरोगी होंगे और यही बच्चे स्वस्थ्य भारत की नींव रखेंगे। महापौर श्री अन्नू ने शिविर का शुभारंभ आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने हाथों से पाँच बच्चियों को सुवर्ण प्राशन की दो-दो बूँद पिलाई और बच्चियों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने जैन समाज द्वारा आचार्य विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा से बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा उनके शारीरिक एवं बौद्धिक विकास के उद्देश्य से चलाये जा रहे सुवर्ण प्राशन संस्कार अभियान की सफलता की कामना भी की। महापौर श्री अन्नू का जैन समाज के पदाधिकारी द्वारा शाल श्रीफल भेंट कर उनका स्वागत किया गया। सुवर्ण प्राशन संस्कार शिविर में महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के साथ एम.आई.सी. सदस्य श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, राघवेन्द्र यादव तथा बी.आर.सी. कुंडम व शिविर प्रभारी सुरेन्द्र जैन मौजूद थे।



# क्या तिलवारा, भेड़ाघाट में नहीं होता स्नान...?

### गौरीघाट पर ही मेहरबान रहा प्रशासन

**जबलपुर**। गौरीघाट में मकर संक्राति पर्व के पुण्य स्नान के लिए प्रशासन ने चाक-चौबंद व्यवस्था की थी लेकिन भेड़ाघाट, तिलवाराघाट में प्रशासनिक व्यवस्था के नाम पर महज खानापूर्ति ही नजर आई। जिसका खामियाजा अंततः श्रद्धालुओं को भुगतना पड़ा। गौरीघाट में मकर स्नान के लिए लाखों की तादाद में श्रद्धालुओ के पहुंचने के कारण सुबह से ही पुलिस और प्रशासन का पूरा अमला यहां मौजूद रहा। जिसके चलते रेवा के दूसरे तटों पर अव्यवस्थाओं का बोलबाला हो गया। भेड़ाघाट व तिलवाराघाट जहां हर वर्ष मकर स्नान करने मकर संक्रांति पर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालु पहुंचते हैं। यहां प्रशासन के इंतजाम के नाम पर कुछ नजर नहीं आया। पवित्र स्नान करने पहुंचे श्रद्धालु तटों पर व्याप्त गंदगी देखकर भड़क उठे। इन्हें गंदे पानी में डुबकी लगाने मजबूर होना पड़ा। यदि गौरीघाट की व्यवस्था की बात छोड़ दी जाए तो प्रशासन ने इस पावन पर्व पर भेड़ाघाट व तिलवाराघाट को पूर्णतः अनाथ बना दिया। रेवा के इन तटों पर हालात यह थे कि यहां जीवन रक्षकों (होमगार्ड) के कोई जवान नजर नहीं आ रहे थे। दूसरी ओर पुलिस के जवानों की मौजूदगी भी न के बराबर रही। इन्हें भी हुई परेशानी गौरीघाट पर मकर संक्रांति पर्व का स्नान करने पहुंची महिलाओं को कपड़े बदलने के लि कोई पृथक व्यवस्था नहीं होने से काफी परेशानी उठानी पड़ी।

### अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद भाजपा में सब चौंके

# सत्ता संगठन और संघ के समन्वय से बने नये समीकरण

जबलपुर।

भाजपा आलाकमान ने जिले में एक नया समीकरण स्थापित किया है। बागी तेवरों को शांत करते हुए, जातिगत समीकरणों को ध्यान में रखते हुए पुराने समर्पित कार्यकर्ताओं को मौका दिया गया है। इस कदम से जिले में एक नया राजनीतिक समीकरण देखने को मिल रहा है। हाल ही में जारी नगर अध्यक्ष की सूची में पूर्व विधानसभा के रत्नेश सोनकर को नगर अध्यक्ष बनाया गया, जबकि इससे पहले जारी हुई सूची में ग्रामीण अध्यक्ष का पद राजकुमार पटेल को सौंपा गया था। एससी वर्ग से नगर अध्यक्ष मिलने के बाद अब जिले में सभी जातीय समूहों को प्रतिनिधित्व मिलने का संकेत मिल रहा है। वहीं, एक और चर्चा भी जोरों पर है कि दोनों नवनियुक्त अध्यक्ष मंत्री राकेश सिंह के करीबी हैं। इस पर यह कहा जा रहा है कि अध्यक्षों के चयन में किसी विधायक या सांसद का प्रभाव नहीं था, बल्कि मंत्री राकेश सिंह ने अपनी बात मनवाई और जबलपुर जिले में अपने वर्चस्व को सिद्ध किया। वहीं दूसरी ओर यह कहा जा रहा है कि सत्ता संगठन और संघ के समन्वय के बाद नये समीकरण और शहर व ग्रामीण भाजपा में अध्यक्ष तय हुये।अब देखना यह होगा कि आगामी दिनों में नगर भाजपा में किस तरह से काम करती है। फिलहाल, अधिकांश कार्यकर्ता पार्टी के निर्णय को स्वीकार करते हुये नये अध्यक्षों का स्वागत कर रहे हैं और फिलहाल उनकी नेतृत्व क्षमता पर विश्वास जताया जा रहा है।



### दोनों अध्यक्षों ने की मंत्री से मुलाकात

मध्य प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह से उनके सिविल लाइन स्थित निवास पर नवनियुक्त नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर और ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मंत्री सिंह ने दोनों नवनियुक्त अध्यक्षों को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मंत्री राकेश सिंह ने कहा, "भारतीय जनता पार्टी ने अपने संगठन में श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि रत्नेश सोनकर और राजकुमार पटेल के नेतृत्व में जबलपुर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी का कार्य और अधिक गति से फैलेगा और दोनों नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाएंगे।" उन्होंने यह भी कहा कि दोनों अध्यक्षों के कार्यकाल में पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर और ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने मंत्री राकेश सिंह का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि वे पार्टी के कार्य को मजबूती से आगे बढ़ाएंगे।

आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर

# पनागर ब्लाक में 30 हजार बच्चों को स्वर्ण प्राशन दवा पिलाई गई

हरिभूमि, जबलपुर।

आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर पनागर जैन समाज द्वारा आयोजित रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले स्वर्ण प्राशन ड्रॉप के वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ पनागर विधानसभा के विधायक सुशील तिवारी इंदू भैया द्वारा किया गया। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रीना आनंद जैन, मंडल संयोजक आनंद जैन मिंचू भैया, भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र साहू, नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल एवं पूर्णायु डॉ सौरभ जैन, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष अंकुर जैन , विमल जैन, मंत्री अभिनन्दन चौधरी, महामंत्री अनिल बंशकार, राहुल बड़कुल, विद्याधर, सनी लसगरी, अंकित नायक, की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महिला मंडल , नवयुवक सभा,बालिका मंडल की संस्था का सम्पूर्ण नगर ग्रामीण के स्कूल में अपना सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का आभार जैन सामाज के अध्यक्ष श्री राजेश कटंगह जी द्वारा किया गया।



## समाधि दिवस पर सुवर्ण पाशन की खुराक पिलाई गई

पाटन। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर पूर्णायु आयुर्वेद चिकित्सक सालय एवं अनुसंधान विधापीठ के तत्वावधान मै पुष्य नक्षत्र से सुवर्ण पाशन का पाटन जनपद शिक्षा केंद्र के एकीकृत माध्यमिक विद्यालय महगवां ( मननी) मे सभी छात्र छात्राओं को एक बूंद जीवन रक्षा के लिए पिलाई गयी सुवर्ण पाशन हजारो वर्ष से ऋषि मुनियो द्वारा बताए गए पवित्र 16 संस्कारो मै से एक महत्वपूर्ण संस्कार है जिसमे बच्चो को सुवर्ण घी एवं अनेक औषधीय का मिश्रण है बच्चो की मेमोरी पावर ,पृति रोधक क्षमता वजन बढाने मांसपेशी हड्डी पाचनतंत्र को मजबूत बनाता है इस अवसर पर श्रम जीवी पत्रकार परिषद पाटन के संयोजक एवं पूर्व शिक्षक राजेश नायक जैन ने आचार्य प्रवर के तैलचित्र पर दीप जलाकर शुभारंभ किया एवं आचार्य भगवन द्वारा चलाये गये विभिन्न प्रकार की समाज हित देश हित और जनमानस के लिए किए जा रहे कोशिश का विस्तार व्यापक रूप से प्रकाश डाला और बच्चो की एक बूंद दवा पिलाई। इस अवसर पूर्णायु के चिकित्सक दल मै डाक्टर मोहित वर्मा,अमन सेन गायत्री रूचिता सानिया पितिझा बतौर अध्ययन रत छात्राएँ के साथ शिक्षक नवीता जैन रजनी कतिया मनीता राठौर सावित्री मरकाम आँगन वाडी से पुष्पा ठाकुर मनीषा ठाकुर सहयोगी के रूप मै उपस्थित रही सबसे अधिक महत्वपूर्ण भूमिका जन शिक्षक अरविंद तिवारी का संचालन आभार प्रकट किया।





जम्मू कश्मीर सेमीफाइनल में, कटनी को 63 रनों से हराया

# अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता

**मझौली।** अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के श्री विष्णु वराह कप के तीसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जम्मू कश्मीर ने कटनी को 63 रनों से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने वाली तीसरी टीम बनी। ।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सईद सोनू के धुआंधार 80 रन 45 गेंदों पर 10 चौके और 4 शानदार छक्कों की बदौलत जम्मू कश्मीर टीम का स्कोर 180 रन निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर बनाया। जम्मू की ओर से अन्य बल्लेबाज बासित डार 25 रन 15 गेंद पर और प्रवीण राठौर ने 14 रन 6 गेंद पर बनाए। वही कटनी की ओर से आदित्य मिश्रा ने तीन और सचिन यादव ने दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कटनी की टीम ने तेज शुरुआत के चक्कर में अपने शुरुआती 5 विकेट 49 के योग पर 5 ओवर में ही गवां दिए और उसके बल्लेबाज तू चल में आया की तर्ज पर लगातार विकेट पतझड़ में फंसे रहे आदित्य मिश्रा ने 23 रन की छोटी पारी खेली और इस तरह पूरी टीम 12.5 ओवर में 117 के योग पर ऑल आउट हो गई।जम्मू की ओर से आदिल हुसैन आकाश सिसोदिया शाहिद सलमान प्रभांशु शुक्ला ने दो-दो विकेट हासिल किए।शाहिद सोनू की धुआंधार पारी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मैच में उपस्थित अतिथि द्वारा दिया गया। मैच के प्रारंभ में सुनील सराऊगी और अंत में राजेंद्र चौरसिया मनोरंजन राय रत्नेश सोनी रिजु नेमा देवेंद्र दाहिया आशीष तिवारी राहुल जैन अनुराग दुबे रामराज राजपूत राममिलन राजपूत शाहिद खान सहित सभी पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित रहे। कल का सातवां लीग मुकाबले दिल्ली और चंडीगढ़ के मध्य खेला जाएगा।

# एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यक्रम आयोजित



**सिहोरा।** जनपद पंचायत सिहोरा में एक दिवसीय अल्पविराम कार्यक्रम का आयोजन अशोक उपाध्याय प्राचार्य सीएम राइज, प्रभारी बीईओ के मुख्य आतिथ्य में किया गया। जिसमें सर्वप्रथम सीईओ जितेन्द्र गुप्ता, कटनी जिले से मास्टर ट्रेनर श्री असाटी, समन्वयक दीप्ति ठाकुर,डॉ मनीषा खरे,प्रतिभा दुबे,लक्ष्मी श्रीवास्तव, बृजेश श्रीवास्तव, मंगलदीप के द्वारा अतिथियों का स्वागत पौधे देकर किया गया। राज्य आनंद संस्थान की परिकल्पना को एक वीडियो के माध्यम से बताया। एवं सत्रों में राजेंद्र असाटी के द्वारा आनंद की ओर एवं जीवन का लेखा-जोखा सत्र लेकर बताया कि मदद करने से आत्मसंतुष्टि मिलती है।

मनीषा खरे,प्रतिभा दुबे ने कहा चिंता एवं प्रभाव का दायरा सत्र के द्वारा समझाया कि हमें समस्या का अंग नहीं बनना है बल्कि समाधान के संग रहना है। कार्यक्रम में 60 प्रतिभागियों के द्वारा सहभागिता दी गई। सभी प्रतिभागियों को फोल्डर पेन नोटपैड और सर्टिफिकेट वितरण किया गया। सीईओ गुप्ता ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम शासकीय कार्यों को करने की ऊर्जा बढ़ाते हैं एवं अपने परिवार से संबंधों के महत्वता को दर्शाते हैं। मुख्य अतिथि ने कहा कि हमारे जीवन में अल्प विराम का बहुत महत्व है उसके द्वारा हम अपने को आनंदमई बना सकते हैं एवं किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोक सकते हैं।

# कॉलेज चलो अभियान का शुभारंभ



**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में कॉलेज चलो अभियान 2025-26 का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार श्रीवास्तव के द्वारा किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर बघेल एवं कॉलेज चलो अभियान के नोडल अधिकारी आशुतोष कुमार सोनी एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। महाविद्यालय द्वारा अपने कार्य क्षेत्र में आने वाले उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में होने वाले कॉलेज चलो अभियान 202526 के कार्यक्रमों का विधिवत तिथि वार कैलेंडर जारी किया गया जिसके अनुसार शासकीय लाल चंद्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय यशोदा बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौला में कार्यक्रम 18 जनवरी को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गांधीग्राम एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोसलपुर में कार्यक्रम 20 जनवरी को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या मजाक्वा मैं 21 जनवरी को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंभी सरधारा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महा परसवाड़ा में 22 जनवरी को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अगरिया एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रमखिरिया में कार्यक्रम 23 जनवरी को एवं अंत में शासकीय कम राइस सिहोरा एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा में 24 जनवरी को कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे इन कार्यक्रमों के माध्यम से उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले 12 वीं की विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश संबंधी नीति निर्देश एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

## ब्लॉक कांग्रेस की बैठक आज

**सिहोरा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा के तत्वाधान में आज गुरुवार को दोपहर 1 बजे रेस्ट हाउस में बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें जिला जबलपुर ग्रामीण के प्रभारी ठाकुर रजनीश सिंह विधायक एवं जिला सहप्रभारी ग्रामीण जबलपुर, श्रीमती सुनीता पटेल पूर्व विधायक,डॉ, नीलेश जैन अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण का आगमन हो रहा है जो सभी सम्माननीय कांग्रेस जनों के साथ बैठक एवं मुलाकात करेंगे।ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बिहारी पटेल ने सभी सभी सम्माननीय कांग्रेस जनों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर सफल बनाने की अपील की।

## मकान के गेट का ताला तोडकर बाईक ले गए दो अज्ञात चोर

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत सुभाषनगर महाराजपुर में एक मकान के गेट का ताला तोड़कर अज्ञात दो चोर घर पर रखी बाईक चोरी कर ले गए। सीसीटीव्ही फुटैज में दोनों चोर बाईक चुराते दिखाई दे रही है। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुभाषनगर महाराजपुर निवासी 27 वर्षीय कपड़ा प्रिंट व्यापारी अनुपम पांडे का हाउसिंग बोर्ड का एक मंजिला मकान है। घर पर उसके पिता दिनेश कुमार की पैशन प्रो बाईक क्रमांक एमपी 20 एमएस 9622 रात में खड़ी थी। सुबह देखा तो बाईक वहां से गायब थी। पड़ोसी के घर में लगे सीसीटीव्ही कैमरे के फुटेज देखे तो देर रात अज्ञात दो लोग गेट का ताला तोड़कर घर में घुसकर मोटर सायकल चोरी कर ले गयें। पुलिस ने अज्ञात दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# फड़ पर पुलिस का छापा, 10 जुआरी गिरफ्तार



**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत चौधरी मोहल्ला में मेन रोड में बिजली के खंभे के नीचे जमे जुए फड़ पर छापा मारकर पुलिस ने 10 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 16 हजार 300 रुपए जब्त किए है। गढ़ा थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने बताया कि गत दिवस गढा चौधरी मोहल्ला मेन रोड बिजली के खंभे के नीचे जुआ मन्ना खेल रहे शेखर चौधरी, पप्पी चौधरी , करन अहिरवार, अरविन्द झारिया, मनीष ठाकुर, राहुल चौधरी , प्रमोद विश्वकर्मा , राकेश सिंह ठाकुर, रतन लाल अहिरवार, अनिल केवट को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सभी जुआड़ियों के पास से नगद 16 हजार 300 रुपये तथा 52 ताश के पत्ते जप्त करते हुए 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की।

घमापुर और सिहोरा में वारदातें, 2 घायल

# शराबखोरी के लिए रुपए नहीं देने पर चाकूबाजी

**जबलपुर।** घमापुर और सिहोरा थाना क्षेत्रों में शराब पीने के लिए रुपए देने से मना करने की बात पर दो बदमाशों ने दो युवकों के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बल्दीकोरी की दफाई निवासी 18 वर्षीय देवेंद्र चौधरी गत रात लगभग 10 बजे खाना खाकर टहलने निकला था जैसे ही मुन्ना किराना स्टोर्स के पास पहुंचा, तभी विशाल चौधरी उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये की मांग करने लगा, रुपए देने से मना करने पर चाकू से हमला कर जांघ व जबड़ा में चोटें पहुंचा दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 296, 119(1), 351(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

इसी प्रकार सिहोरा में सैय्यद बाबा की टोरिया निवासी 27 वर्षीय शंभू सोनी गत शाम लगभग 7.30 बजे अपने घर के सामने बैठा था तभी मोहल्ले का सौरभ यादव उसके पास आया और उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये की मांग करने लगा, रुपए देने से मना करने पर गालीगलौज व मारपीट कर उसे गिरा दिया, जिससे उसके हाथ की कलाई में चोटें आ गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(3), 119(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया गया है।

## कृषि मंडी गेट के पास मिला अज्ञात महिला का शव

**जबलपुर।** विजयनगर थाना अतंर्गत कृषि उपज मंडी गेट के पास एक अज्ञात महिला की मौत हो गई। मौत का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। विजयनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह लगभग 10 बजे एक अज्ञात महिला की कृषि उपज मंडी गेट के पास मृत अवस्था में पड़ी मिली। मृतिक की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष की बताई जा रही है जिसने कत्थाई रंग की साड़ी, पीले लाईट कलर की स्वेटर, पैर में पायल पहनी है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।




**श्रीमती राधिका बाई विश्वकर्मा-** करमेता विश्वकर्मा बस्ती निवासी श्री रामचरण विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती राधिका बाई विश्वकर्मा (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सतीश सोनकर-** भरतीपुर निवासी श्री सतीश सोनकर (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती प्रेमलता गुप्ता-** भूकंप कॉलोनी धनवंतरी नगर निवासी श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमलता गुप्ता (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दशरथ प्रसाद कनौजिया-** रामलीला मैदान के पास घमापुर शीतलामाई वार्ड निवासी श्री दशरथ प्रसाद कनौजिया (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सोहन सिंह ठाकुर-** पुरानी पीपी कॉलोनी ग्वारीघाट रोड निवासी श्री सोहन सिंह ठाकुर (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रेम लाल रैकवार-** पुरानी बस्ती आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री प्रेम लाल रैकवार (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा बाई बर्मन-** रामनगर रांझी निवासी श्री आशाराम बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा बाई बर्मन (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई कोरी-** भानतलैया खेरमाई वार्ड निवासी श्री जमुना प्रसाद कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई कोरी (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गंगाराम-** गणेश नगर कछपुरा मालगोदाम के पास निवासी श्री रमेश कुमार के पुत्र श्री गंगाराम (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला बाई-** आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री ओंकार प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजकुमार तिवारी-** सेमरापटी बहोरीबंद निवासी श्री राजकुमार तिवारी (103) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामकली बेन-** फूटाताल उर्दू स्कूल के पास निवासी श्री बाबू लाल बेन की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली बेन (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती धनवंतरी पटेल-** शारदा नगर रांझी निवासी श्री मूलचंद पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती धनवंतरी पटेल (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175



# भारत के तीन बैंकों ने दुनिया के सबसे बड़े 25 बैंकों की सूची में बनाई जगह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनिया में सबसे अधिक मार्केटकैप वाले शीर्ष 25 बैंकों में भारत के एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने जगह बनाई है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई।

- आईसीआईसीआई का मार्केट कैप 25 .8 फीसदी व एचडीएफसी 1.6 फीसदी बढ़ा

डेटा एनालिटिक्स और रिसर्च कंपनी ग्लोबल डेटा की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। दुनिया के शीर्ष 25 मार्केट कैप वाले बैंकों में एचडीएफसी बैंक की रैंकिंग 13वीं, आईसीआईसीआई बैंक की 19वीं और एसबीआई की 24वीं है। 2024 की चौथी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के अंत तक एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 158.5 अरब डॉलर, आईसीआईसीआई बैंक का 105.7 अरब डॉलर, एसबीआई का 82.9 अरब डॉलर था।

## एचडीएफसी, आईसीआईसीआई और एसबीआई बैंक की ऊंची उड़ान

### भारतीय बैंकों की स्थिति मजबूत

रिपोर्ट में बताया गया कि भारतीय बैंकों की स्थिति मजबूत बनी हुई है। जनवरी से दिसंबर 2024 की अवधि में आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप सालाना आधार पर 25.8 प्रतिशत बढ़कर 105.7 अरब डॉलर हो गया है। इस दौरान एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप सालाना आधार पर 1.6 प्रतिशत बढ़कर 158.5 अरब डॉलर हो गया है।




### दुनिया का सबसे बड़ा बैंक जेपी मॉर्गन

दुनिया के शीर्ष 25 बैंकों का मार्केट कैप दिसंबर, 2024 के अंत तक सालाना आधार पर 27.1 प्रतिशत बढ़कर 4.6 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। जेपी मॉर्गन चेस मार्केट कैप के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा बैंक बना हुआ है। 2024 की चौथी तिमाही के अंत तक इसका मार्केट कैप सालाना आधार पर 37.2 प्रतिशत बढ़कर 674.9 अरब डॉलर हो गया है।

### क्या होता है मार्केट कैप

मार्केट कैप, यानी मार्केट कैपिटलाइजेशन, किसी कंपनी की कुल बाजार वैल्यू को दर्शाता है। इसे कंपनी के कुल जारी शेयरों की संख्या को उनके मौजूदा बाजार मूल्य से गुणा करके निकाला जाता है। यह मेट्रिक कंपनी के आकार और वित्तीय ताकत को मापने का एक महत्वपूर्ण पैमाना है और कंपनियों को स्मॉल कैप, मिड कैप और लार्ज कैप श्रेणियों में वर्गीकृत करने में मदद करता है।

### गोल्डमैन सैक्स के मार्केटकैप में भी वृद्धि

इस दौरान गोल्डमैन सैक्स के मार्केटकैप में 42.9 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि देखने को मिली है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती के कारण चौथी तिमाही में अधिकांश शेयरों में तेजी आई, जबकि टैरिफ को लेकर चिंताओं के कारण अन्य क्षेत्रीय बाजार दबाव में रहे। रिपोर्ट में अनुमान जताया गया कि डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के तहत लगाए जाने वाले टैरिफ और 2025 में नियोजित कर कटौती एक दूसरे को संतुलित कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### भारतपे की आईपीओ लाने की योजना

**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी भारतपे के सीईओ नलिन नेगी ने कहा है कि कंपनी का राजस्व वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 30 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। कंपनी ने इसी वित्त वर्ष में कर पूर्व आय सकारात्मक होने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी का डेढ़ से दो साल में आईपीओ लाने का विचार है।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र का मुनाफा 36 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 36 प्रतिशत बढ़कर 1,406 करोड़ रुपये रहा है। 2023-24 की तीसरी (दिसंबर) तिमाही में शुद्ध लाभ 1,036 करोड़ रुपये रहा था। उसकी कुल आय सालाना आधार पर 5,851 करोड़ रुपये से बढ़कर 7,112 करोड़ रुपये हो गई।

### वेदांता रिसोर्सेज ने बांड जारी कर 1.1 अरब डॉलर जुटाए




**नई दिल्ली।** खनन क्षेत्र दिग्गज के उद्योगपति अनिल अग्रवाल की वेदांता रिसोर्सेज ने मौजूदा देनदारियों का समय से पहले भुगतान करने के लिए नई बांड पेशकश के जरिये 1.1 अरब डॉलर जुटाए हैं। कंपनी वेदांता रिसोर्सेज फाइनेंस-2 पीएलसी ने अंतरराष्ट्रीय बांड पूंजी बाजारों में दो किस्त में नई बांड पेशकश जारी कर 1.1 अरब डॉलर जुटाए हैं।

### जर्मनी की अर्थव्यवस्था में लगातार दूसरे साल गिरावट



**बर्लिन।** जर्मनी की अर्थव्यवस्था में लगातार दूसरे वर्ष 2024 में गिरावट आई है। यह जानकारी बुधवार को जारी शुरुआती आधिकारिक आंकड़ों से मिली है। ये आंकड़े चुनाव से कुछ सप्ताह पहले जारी किए गए हैं, जिसमें अर्थव्यवस्था शीर्ष मुद्दा है। जर्मनी की अर्थव्यवस्था यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

### ब्रिटेन में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 2.5 प्रतिशत पर



**लंदन।** ब्रिटेन में दिसंबर के महीने में खुदरा मुद्रास्फीति अप्रत्याशित रूप से कम होकर 2.5 प्रतिशत पर आ गई है। इससे नीतिगत दरों में कटौती के लिए बैंक ऑफ इंग्लैंड पर दबाव बढ़ सकता है। ब्रिटेन के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने बुधवार को दिसंबर, 2024 के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित आंकड़े जारी किए।

### जेएंडके बैंक को सूचना न देने पर सेबी की चेतावनी




**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने जेएंडके बैंक को प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) की नियुक्ति के खुलासे से संबंधित नियामकीय प्रावधान का अनुपालन न करने पर चेतावनी जारी की है। जेएंडके बैंक ने मंगलवार को शेयर बाजारों को बताया कि प्रबंध निदेशक एवं सीईओ की नियुक्ति की सूचना सेबी को 24 घंटे के भीतर देने की निर्धारित समयसीमा से एक घंटा 40 मिनट की देरी से दी गई थी। यह खुलासा 25 दिसंबर, 2024 को निर्धारित समय सीमा के बाद किया गया था।

## मुद्रास्फीति समायोजित करने आयकर पर राहत मिले

# सरकार बजट में 11 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय का लक्ष्य रखे : इक्रा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बुधवार को कहा कि सरकार को अगले वित्त वर्ष के बजट में 11 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का लक्ष्य रखना चाहिए जबकि उपभोक्ता व्यय को बढ़ावा देने के लिए मुद्रास्फीति-समायोजित व्यक्तिगत आयकर पर राहत देनी चाहिए।*

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि पिछले बजट में रिकॉर्ड 11.11 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय अनुमान से लगभग 1.4 लाख करोड़ रुपये कम रहने की संभावना है। ऐसे में अगले बजट का लक्ष्य पिछले साल के स्तर पर तय किया जाना चाहिए।

### चार माह में 54 फीसदी व्यय करना होगा

इसके साथ ही नायर ने कहा कि पूंजीगत व्यय चालू वित्त वर्ष में बजट लक्ष्य को हासिल करने के लिए जरूरी रफ्तार से पीछे चल रहा है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान पूंजीगत व्यय 5.13 लाख करोड़ रुपये रहा है जो 11.11 लाख करोड़ रुपये के बजट अनुमान का 46 प्रतिशत है। इसका मतलब है कि वित्त वर्ष के बाकी चार महीनों में ही सरकार को 54 प्रतिशत व्यय करना होगा।

### पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता मिले

नायर नेकहा, हम चालू वित्त वर्ष में पूंजीगत व्यय में बड़ी गिरावट देख रहे हैं। अगले साल के लिए उम्मीद है कि पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता देने के लिए राजकोषीय गुंजाइश बनेगी। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 4.5 प्रतिशत राजकोषीय घाटा लक्ष्य को हासिल किया जा सकेगा।



- पूंजीगत व्यय अनुमान से लगभग 1.4 लाख करोड़ कम रहने की संभावना
- अगले बजट का लक्ष्य पिछले साल के स्तर पर तय हो
- चालू वित्त वर्ष में पूंजीगत व्यय में बड़ी गिरावट दिख रही

### आयकर दायरे से अधिक करदाता बाहर न हो

नायर ने कहा, "मुद्रास्फीति खर्च के लायक आमदनी को खत्म कर देती है। कर में राहत की मांग अनुचित नहीं है। हालांकि, कर राहत के मामले में कुछ मामूली रियायतें दी जा सकती हैं, लेकिन हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि हम बहुत अधिक लोगों को आयकर के दायरे से बाहर न करें।"

### कर में छूट से शहरी करदाताओं की मनोदशा बेहतर होगी

इससे 11 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय किया जा सकेगा जो चालू वित्त वर्ष के संभावित आंकड़ों से 11-12 प्रतिशत अधिक होगा।उन्होंने बजट में आयकर से जुड़ी अपेक्षाओं के बारे में पूछे जाने पर कहा कि आयकर स्लैब और दरों में कुछ बदलाव होने से शहरी करदाताओं की मनोदशा को बेहतर करने में मदद मिलेगी।

### आयकर के निचले स्लैब की दर बदले

नायर ने कहा कि ऐसा करते समय यह ध्यान रखना होगा कि कर राजस्व में बहुत अधिक गिरावट न आए और बहुत अधिक करदाताओं को कर के दायरे से बाहर न किया जाए। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री ने कहा, "शायद आयकर के निचले स्लैब की दरों में बदलाव किया जाए या स्लैब में मुद्रास्फीति को समायोजित कर शुरुआत में ही थोड़ी राहत दी जाए।"

### आईटीआर दोनों व्यवस्था में दाखिल करने की छूट

वर्तमान में व्यक्तिगत करदाता या तो पुरानी कर व्यवस्था के तहत अपना आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल कर सकते हैं जो कटौती और छूट का लाभ प्रदान करती है या नई कर व्यवस्था के तहत जो करों की कम दर प्रदान करती है।

# चार करोड़ से अधिक कीमत के घरों की बिक्री 53 फीसदी बढ़ी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- परामर्श कंपनी सीबीआरई ने जारी की रिपोर्ट
- देश में इस श्रेणी के घरों की बिक्री 19,700 इकाई हुई

पिछले साल चार करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले लक्जरी घरों की अच्छी मांग देखने को मिली। देश के सात प्रमुख शहरों में इस श्रेणी के घरों की बिक्री 53 प्रतिशत बढ़कर 19,700 इकाई हो गई।

रियल एस्टेट परामर्श कंपनी सीबीआरई ने यह जानकारी दी है। कैलेंडर वर्ष 2023 में चार करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले घरों की बिक्री 12,895 इकाई रही थी। इस श्रेणी के घरों की बिक्री 2024 के दौरान सबसे ज्यादा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर)-दिल्ली में 10,500 इकाई रही। जबकि, वर्ष 2023 में यह 5,525 इकाई थी। सीबीआरई के भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया और अफ्रीका के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अंशुमान मैगजीन ने कहा, "आवासीय रियल एस्टेट बाजार मजबूत बुनियाद के आधार पर आगे बढ़ रहा है। उम्मीद है कि यह गति जारी रहेगी, और आगामी तिमाहियों में बिक्री और नई आवासीय इकाइयों की पेशकश, दोनों स्थिर रहेंगी।"

इसके अलावा, मैगजीन ने कहा कि पारंपरिक रूप से मध्यम स्तर के विकास से जुड़े नोएडा, बेंगलुरु, पुणे और चेन्नई जैसे कई शहर तेजी से महंगे घरों की परियोजनाओं की ओर रुख कर रहे हैं। कृसुमी कॉरपोरेशन के अध्यक्ष और सीईओ आकाश खुराना ने कहा, "भारत में लक्जरी आवास क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है।

### पुणे में बढ़ी व बेंगलुरु में घटी

पुणे में इस श्रेणी में बिक्री 400 घरों से बढ़कर 825 घर हो गई, लेकिन बेंगलुरु में यह 265 घरों से घटकर 50 रह गई। इस मूल्य श्रेणी में कोलकाता में आवास बिक्री 310 इकाइयों से बढ़कर 530 इकाई हो गई, जबकि हैदराबाद में मांग 2,030 घरों से बढ़कर 2,100 हो गई। सीबीआरई के आंकड़ों से पता चलता है कि चेन्नई में लक्जरी घरों की बिक्री 2024 में बढ़कर 275 घर हो गई, जो 2023 में 165 इकाई थी।

# सोना 220 रुपए मजबूत हुआ, चांदी रही स्थिर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 220 रुपये बढ़कर 80,800 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 80,580 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

हालांकि, चांदी 91,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 220 रुपये बढ़कर 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया, जो पिछले कारोबारी सत्र में 80,180 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बाजार सूत्रों ने कहा कि स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की ताजा मांग और विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख के कारण सोने में तेजी आई।



- सोना बढ़कर 80,800 रुपए प्रति दस ग्राम

**एशियाई बाजार में चांदी रही तेज :** गांधी ने कहा कि अगर सीपीआई अनुमान से कम आता है, तो फेडरल रिजर्व द्वारा इस साल ब्याज दरों में कमी करने की संभावना बढ़ सकती है, और इससे कीमती धातुओं को और अधिक लाभ होगा। एशियाई बाजार में चांदी का वायदा भाव 1.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 30.75 डॉलर प्रति औंस पर बोला गया।

## आदित्य बिड़ला फैशन बाजार से जुटाएगा फंड



**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड (एबीएफआरएल) के निदेशक मंडल ने प्रवर्तकों और बाजार से 2,378.75 करोड़ रुपये जुटाने को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, उसके निदेशक मंडल ने प्रवर्तक समूह की इकाई पिलानी इन्वेस्टमेंट एंड इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन को 317.45 रुपये के निर्गम मूल्य पर 10 रुपये अंकित मूल्य के 4.08 करोड़ शेयर जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिससे कुल 1,297.50 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे। इसमें कहा गया, इसके अलावा गैर-प्रवर्तक श्रेणी के तहत योग्य संस्थागत खरीदारों को 272.37 रुपये के निर्गम मूल्य पर 10 रुपये अंकित मूल्य के 3.96 करोड़ शेयर जारी किए जाएंगे जिसकी कुल कीमत 1,081.25 करोड़ रुपये बैठती है।

# दोपहिया वाहन पर सरकार 18 प्रतिशत करे जीएसटी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- हीरो मोटोकॉर्प के सीईओ ने की मांग

अग्रणी दोपहिया विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निरंजन गुप्ता ने बुधवार को 125 सीसी तक की क्षमता वाले दोपहिया वाहनों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती की मांग करते हुए कहा कि ये वाहन देश में आम जनता के लिए परिवहन का विकल्प हैं। गुप्ता ने कहा कि सरकार को दीर्घकालिक वृद्धि, स्थिरता और निवेश के रास्ते पर चलना आगे भी जारी रखना चाहिए। गुप्ता ने आगामी केंद्रीय बजट से जुड़ी उम्मीदों के बारे में पूछे जाने पर कहा, ईमानदारी से कहूं तो जीएसटी केंद्रीय बजट का विषय नहीं है। लेकिन इसके साथ मैं यह भी कहूंगा कि खासकर 125 सीसी तक के दोपहिया वाहनों पर जीएसटी को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने का एक मजबूत मामला बनता है। इसकी वजह यह है कि ये आम लोगों के वाहन हैं। वर्तमान में सभी तरह के दोपहिया वाहनों के लिए 28 प्रतिशत की एकसमान जीएसटी दर है। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन विलासिता का सामान न होकर भारत में आम लोगों के लिए परिवहन का साधन हैं। गुप्ता ने कहा, ''प्रवेश स्तर के दोपहिया वाहन बहुत सारे प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रोजगार पैदा करने में मदद करते हैं। ऐसे में कम-से-कम 125 सीसी तक के दोपहिया वाहनों पर जीएसटी को घटाकर 18 प्रतिशत किया जाना चाहिए।'

### निवेश के रास्ते पर चलते रहना होगा

इसके साथ ही गुप्ता ने कहा कि सरकार को दीर्घकालिक वृद्धि, स्थिरता और निवेश के रास्ते पर चलते रहना चाहिए ताकि पूंजीगत निवेश में वृद्धि जारी रहे। उन्होंने रोजगार सृजन के लिए शुरू की गई योजनाओं का विस्तार किए जाने की भी बात कही।

# देश का निर्यात दिसंबर में एक फीसदी घटा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत का वस्तु निर्यात दिसंबर, 2024 में सालाना आधार पर करीब एक प्रतिशत घटकर 38.01 अरब डॉलर रह गया, जबकि व्यापार घाटा कम होकर 21.94 अरब डॉलर रह गया। यह लगातार दूसरा महीना है जबकि निर्यात में गिरावट आई है।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर, 2024 में आयात सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 59.95 अरब डॉलर हो गया। चालू वित्त वर्ष (2024-25) के पहले नौ माह (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान निर्यात 1.6 प्रतिशत बढ़कर 321.71 अरब डॉलर और आयात 5.15 प्रतिशत बढ़कर 532.48 अरब डॉलर हो गया है।



- दिसंबर में व्यापार घाटा कम होकर 38 .01 अरब डॉलर
- लगातार दूसरा माह जब निर्यात में गिरावट आई

### आयात व निर्यात के बीच अंतर बढ़ा

अप्रैल-दिसंबर के दौरान व्यापार घाटा यानी आयात व निर्यात के बीच का अंतर बढ़कर 210.77 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो गत वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में 189.74 अरब अमेरिकी डॉलर था।

### सेवा क्षेत्र में भारत का निर्यात बेहतर

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने नवीनतम आंकड़ों के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि वस्तुओं तथा सेवाओं दोनों में भारत का निर्यात अन्य देशों की तुलना में बेहतर चल रहा है। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, " यह हमारे निर्यात की जुझारू क्षमता को दर्शाता है। चालू वित्त वर्ष की सभी तीन तिमाहियों (अप्रैल-दिसंबर) में भी हमने बेहतर प्रदर्शन किया है। हम पेट्रोलियम के अलावा निर्यात में काफी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।"

*मजबूत तंत्र बनाने समिति गठित* 
*बर्थवाल ने कहा कि पिछले साल दिसंबर में जिन क्षेत्रों ने निर्यात में अच्छी वृद्धि दर्ज की है उनमें इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग और औषधि शामिल हैं।*

### 20 देशों का भारत के निर्यात में 20 फीसदी हिस्सा

मंत्रालय ने हाल ही में 20 देशों में भारतीय दूतावासों की वाणिज्यिक शाखाओं के साथ बैठक की। इसमें निर्यात को प्रभावित करने वाले मुद्दों तथा उन्हें हल करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया गया। इन 20 देशों का भारत के निर्यात में करीब 60 प्रतिशत हिस्सा है।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 224 अंक चढ़ा

- रिलायंस, जोमैटो और कोटक में

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला बुधवार को लगातार दूसरे दिन जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 224 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, जोमैटो और कोटक बैंक में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा।

कारोबारियों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में तेजी और विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से बाजार धारणा पर असर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 224.45 अंक की बढ़त के साथ 76,724.08 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 37.15 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,213.20 अंक पर बंद हुआ।




*जोमैटो में चार फीसदी की तेजी* 
*सेंसेक्स के शेयरों में जोमैटो में चार प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। इसके अलावा एनटीपीसी, पावर ग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति, टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज और अदाणी पोर्ट्स के शेयर भी लाभ में रहे।*

*टाटा मोटर्स रहा नुकसान में* 
*दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक और टाटा मोटर्स शामिल हैं।*

## मुख्यालय के अधिकारी कर रहे हैं प्रमोटर परिवार से बातचीत

# पेप्सिको भी कूदा हल्दीराम को खरीदने की होड़ में

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

स्नैक्स और मिठाइयां बनाने वाली दिग्गज कंपनी हल्दीराम में हिस्सेदारी खरीदने को होड़ दिलचस्प हो गई है। अमेरिका की दिग्गज कंपनी पेप्सिको भी अब इसमें कूद गई है। कंपनी के अधिकारी हल्दीराम स्नैक्स फूड में हिस्सेदारी खरीदने के लिए सीधे प्रमोटर अग्रवाल फैमिली से बातचीत कर रहे हैं।

पेप्सिको के अलावा सिंगापुर की कंपनी टेमासेक और अल्फा वेव ग्लोबल भी हल्दीराम में हिस्सेदारी खरीदने की होड़ में शामिल हैं। इन दोनों कंपनियों ने हल्दीराम में 10-15 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए ऑफर दिया है। सूत्रों के मुताबिक न्यूयॉर्क में पेप्सिको मुख्यालय के अधिकारियों ने हाल के दिनों हल्दीराम में माइनोरिटी स्टेक खरीदने के लिए अग्रवाल परिवार के सदस्यों के साथ सीधे बातचीत शुरू की है।

- हल्दीराम में 10 से 15 फीसदी हिस्सेदारी बेचने की है योजना




### 90,000 करोड़ रुपए की वैल्यूएशन

हालांकि यह बातचीत अभी शुरुआती स्तर पर है और संभव है कि यह अंजाम तक न पहुंचे। माना जा रहा है कि अगर यह डील आगे बढ़ती है तो इसमें फंडिंग भी अमेरिका की मूल कंपनी करेगी। पेप्सिको की भारतीय यूनिट की इसमें ज्यादा भूमिका नहीं है। अग्रवाल फैमिली 85,000-90,000 करोड़ रुपए की वैल्यूएशन की उम्मीद कर रही है।

### कौन-कौन हैं रेस में

हल्दीराम स्नैक फूड्स ने वित्त वर्ष 2024 में 12,800 करोड़ रुपए का रेवेन्यू दर्ज किया, जो पेप्सिको से करीब दोगुना है। यह 500 प्रकार के स्नैक्स, नमकीन, मिठाइयां, रेडी टू ईट और प्री-मिक्स्ड फूड बनाती और डिस्ट्रीब्यूट करती है। हल्दीराम में माइनोरिटी स्टेक खरीदने की होड़ में सिंगापुर की कंपनी टेमासेक सबसे आगे है। हल्दीराम में 10-15% हिस्सेदारी खरीदने के लिए तीन बाइंडिंग ऑफर आए थे। इनमें ब्लैकस्टोन के नेतृत्व वाला कंसोर्टियम, टेमासेक-बेन और अल्फा वेव शामिल थे। बाद में बेन ने इस सौदे से खुद को अलग कर लिया।

### पेप्सिको कर रही प्रतिस्पर्धा का सामना

लेज चिप्स, कुरकुरे नमकीन स्नैक्स और डोरिटोस नाचो चिप्स बनाने वाली कंपनी पेप्सिको को भारतीय स्नैक्स बाजार में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय कंपनियों और डायरेक्ट टू कंज्यूमर कंपनियों की संख्या में काफी तेजी आई है। इनमें हल्दीराम, बीकानेरवाला, बालाजी और लिस्टेड कंपनियों बीकाजी फूड्स, गोपाल स्नैक्स और प्रताप स्नैक्स शामिल हैं। साथ ही एथनिक स्नैक्स कंपनियों की भी बाजार में भरमार है।

चिंतन

# भारत की सैन्य ताकत रक्षा व विकास के लिए

भारत की सैन्य क्षमता आत्मरक्षा, शांति और विकास के लिए है। राष्ट्र ने आज 77वां सेना दिवस मनाया है। आजादी के बाद अतीत में देश पर पांच युद्ध थोपे गए। भारत को चार बार पाकिस्तान से और एक बार चीन से जंग लड़नी पड़ी। भारत ने आक्रामकता और विस्तारवाद की नीति के तहत कभी भी कोई युद्ध या सैन्य संघर्ष नहीं किया है। मुंबई स्थित नौसेना डॉकयार्ड में नौसेना के तीन अग्रणी युद्धपोतों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस वाघशीर को आज ही राष्ट्र को समर्पित किया गया है। यह पहली बार हो रहा है, जब एक डिस्ट्रॉयर (विध्वंसक), एक फ्रिगेट और एक पनडुब्बी को एक साथ नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया है। ये तीनों स्वदेशी हैं। फ्रिगेट, युद्ध के लिए इस्तेमाल होने वाले जहाज होते हैं। इस मौके पर पीएम नरेन्द्र मोदी ने विश्व को आश्वस्त करते हुए संदेश दिया है कि 21वीं सदी के भारत के सैन्य सामर्थ्य का अधिक सक्षम और आधुनिक होना उसकी प्राथमिकताओं में से एक है, लेकिन इसका मकसद विस्तारवाद नहीं बल्कि विकासवाद की भावना है। भारत अपनी सैन्य ताकत को इसलिए हाईटेक और मजबूत बना रहा है, ताकि देश अपनी विकास यात्रा को निर्बाध जारी रख सके। भारत की सैन्य शक्ति दूसरे किसी मुल्क को न परेशान करने के लिए है और न ही विस्तारवाद की नीयत से है। पर हां, भारत की तरफ जो भी आंख उठाकर देखेगा, उसको माकूल जवाब दिया जाएगा। भारत ने आधुनिक हथियार, टैंक, मिसाइल, फाइटर प्लेन, परमाणु पनडुब्बी, हाईटेक युद्धपोतों आदि से अपनी सैन्य क्षमता को लैस किया है, जिससे भारत की सेना आज विश्व की बड़ी शक्तिशाली सेना बन गई है। संयुक्त राष्ट्र की शांति सेना दल में भी भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत अपने पड़ोसियों की भी सैन्य रक्षा करता रहा है। हिंद-प्रशांत महासागर, अरब सागर, लाल सागर, अदन की खाड़ी आदि जलक्षेत्र में बड़ी नौवहन ताकत है। ग्लोबल साउथ में भारत चीन के बाद दूसरी बड़ी सैन्य शक्ति है, लेकिन चीन की सैन्य शक्ति पर दूसरे मुल्कों को भरोसा नहीं है, कारण चीन के अपने सभी 13 पड़ोसी देशों के साथ सीमा विवाद है और चीन की विस्तारवादी नीति विवादों में रही है, चीन किसी के लिए भरोसेमंद नहीं है। इसलिए ग्लोबल साउथ के कोई भी देश चीन से खुद को सुरक्षित नहीं समझते हैं, जबकि भारत के प्रति सकारात्मक भरोसा है। प्रधानमंत्री के शब्दों में आज भारत को पूरे विश्व और 'ग्लोबल साउथ' में एक भरोसेमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है। भारत एक प्रमुख समुद्री शक्ति है। भारत ने हमेशा एक खुले, सुरक्षित, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन किया है। 1962 युद्ध के बाद गलवान की घटना ने चीन को भारत की नजर में अविश्वसनीय बना दिया है। इसलिए सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी सेना दिवस पर दो टूक चेतावनी दी है कि गलवान में जो कुछ हुआ, वैसा मंजर फिर नहीं होना चाहिए। भारत अपने पड़ोसियों के साथ शांतिपूर्ण संबंधों का पक्षधर रहा है, पर उकसाने पर मुंहतोड़ जवाब भी दिया है और आगे भी देता रहेगा। भारत ने अपने सीमाई क्षेत्र में सड़क, रेल, एयरपोर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया है, सैन्य उपकरण निर्माण में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा है। विकसित भारत सैन्य व सामरिक रूप से भी बहुत मजबूत होगा और आज का सैन्य रूप से समर्थ भारत वैश्विक सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और भू-राजनीतिक गतिशीलता को दिशा देने में प्रमुख भूमिका निभा रहा है। भारत में विश्व की श्रेष्ठ सैन्य ताकत बनने की क्षमता है।

दिवस विशेष
डॉ. रमेश ठाकुर



# स्टार्टअप्स ने आत्मनिर्भर मिशन को लगाए पंख

राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस सालाना 16 जनवरी को मनाया जाता है जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सन् 2022 में की गई थी। प्रधानमंत्री की ये सबसे विज़नरी योजनाओं में एक है जिसकी मौजूदा वक्त में चारों ओर धूम है। स्टार्टअप योजना ने असंख्य लोगों के लिए न सिर्फ रोजगार के विभिन्न अवसर मुहैया करवाए, बल्कि आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में भारतीयों में ललक भी पैदा की। 'राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस' के मनाने का मकसद समूचे देश में स्टार्टअप के प्रति प्रचलन को बढ़ाना और विभिन्न क्षेत्रों के कारोबारियों के योगदान को जन-जन तक पहुंचाना होता है। निश्चित रूप से स्टार्टअप योजना से देश की आबादी आत्मनिर्भर हो रही है। बीते तीन वर्ष के आंकड़े बताते हैं कि योजना किस हद तक सफलता के कदम चूम रही है। योजना के तहत लोग बैंकों से कम ब्याज पर लोन लेकर अपना व्यवसाय शुरू करने लगे हैं। गौरतलब है कि योजना का श्रीगणेश करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टार्टअप इकाइयों को नए भारत का 'आधार-स्तंभ' यूं ही नहीं कहा था। उन्हें पता था कि स्टार्टअप छोटे बिजनेस का वह प्रारूप है जो धीरे-धीरे आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ बनेगा। कमोबेश, वैसा होता दिखने भी लगा है। भारत की 142 करोड़ आबादी में अभी तक 13 करोड़ लोग बीते 3 वर्षों में स्टार्टअप की विभिन्न इकाइयों से जुड़ चुके हैं।

योजना युवक-युवतियों को नित नई दिशा दिखाने और भारतीय कारोबारियों की उपलब्धियों को बढ़ावा देने में लगी है। जो लोग कभी नौकरी मांगते थे, वो अब दूसरों को नौकरियां देने लगे हैं। सरकारी आंकड़ों पर गौर करें, तो रोजगार के क्षेत्र में स्टार्टअप ने असीम संभावनाओं के द्वार खोले हैं। हालांकि, भारत में स्टार्टअप का स्वर्णिम युग अभी आना बाकी है। पर, जिस हिसाब से शुरुआत इस योजना की हुई है उससे प्रतीत होता है कि आने वाले दिनों में बिजनेस का आधार स्तंभ साबित होगा स्टार्टअप। 'राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस' के इस खास दिन के जरिए युवाओं के मन में स्टार्टअप की ललक को पैदा करना और मेक-इन-इंडिया जैसी जरूरी योजनाओं के प्रति जागरुकता के अलावा भारतीय अर्थव्यवस्था को और पंख लगाना भी केंद्र सरकार का मुख्य मकसद है। स्टार्टअप के सकारात्मक नतीजे पूरे भारत में देखने को मिल रहे हैं। शुरुआत में जिन लोगों ने कुछ लाख रूपयों से शुरू किया स्टार्टअप, अब करोड़ों टर्नओवर में पहुंच गया है। लोगों का अगरबत्ती, ई-साइकिल, आचार, सिलाई, जरी, कपड़े आदि का बिजनेस छोटे स्तर से शुरू हुआ, जो आज बड़े कारोबार में तब्दील हो चुका है। आज 'स्टार्टअप दिवस' के मौके पर केंद्र सरकार की ओर से कई और भी लाभकारी सहूलितों की घोषणाएं की जाएंगी, जो प्रत्येक वर्ष की जाती हैं। क्योंकि स्टार्टअप आधुनिक भारत की एक ऐसी इकाई है जो प्रौद्योगिकी विकास, बौद्धिक संपदा से प्रेरित नए उत्पादकों, रोजगार के अवसरों, व्यवसायिक नवाचारों, उन्नती, प्रविस्तारण और व्यवसायीकरण की दिशा में पंख लगा रही है। दरअसल, स्टार्टअप इंडिया के साथ पंजीकरण करने से कई लाभ मिलते हैं, जिनमें लगातार तीन वित्तीय वर्षों के लिए टैक्स में छूट, उच्च गुणवत्ता वाली बौद्धिक संपदा सेवाओं और सुविधा प्रदाताओं में वित्तीय लाभ सरकार से लोग प्राप्त करते हैं। स्टार्टअप योजना प्रधानमंत्री की आत्मनिर्भर भारत बनाने की मुख्य योजनाओं में गिनी जाती है। इसके जरिए वह सभी को रोजगार के धंधों से जोड़ना चाहते हैं। योजना को लेकर उनका एक विजन है जिसका उन्होंने 2030 तक टारगेट तय किया हुआ है। भारत के भविष्य को लेकर प्रधानमंत्री की मज़बूत दृष्टि है। भविष्य में होने वाले बदलावों और विकासों को वह अच्छे से समझते हैं। स्टार्टअप उनकी दूरदर्शी और दिव्यदर्शी योजना है जिसके जरिए वह भारत को आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं। स्टार्टअप इंडिया भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य देश में स्टार्टअप्स और नये विचारों के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है जिससे देश का आर्थिक विकास हो एवं बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उत्पन्न हों। स्टार्टअप्स के लिए वेंचर ऋण उपलब्ध कराने के लिए बैंकों और अन्य उधारदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार प्रति वर्ष 2500 करोड़ रुपये की एक प्रारंभिक निधि आवंटित करती है। पिछले वर्ष राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के मौके पर केंद्र सरकार ने एक और नई पहल शुरू की है। अब स्टार्टअप्स में इन्क्यूबेटरों द्वारा निवेश कर से मुक्त कर दिया गया है। यह योजना महिला उद्यमियों और एससी और एसटी समुदायों के उद्यमियों को 10 लाख रुपये से 1 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी वाली ऋण राशि प्रदान करती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विस चुनाव
राज कुमार सिंह

# क्या दिल्ली की सत्ता में खिलेगा कमल

पांच साल में तीन मुख्यमंत्रियों के प्रयोग के बावजूद भाजपा 1998 के विधानसभा चुनाव में अपनी हार नहीं टाल पायी और कांग्रेस बाजी मार ले गयी। ग्रामीण क्षेत्रों में जनता पार्टी या जनता दल के असर को अपवाद मान लें तो दिल्ली की राजनीति में हमेशा भाजपा (जो पहले जनसंघ रही) और कांग्रेस का ही दबदबा रहा, लेकिन 1998 में बहुमत मिलने पर कांग्रेस ने भी, पहले उत्तर प्रदेश में राजनीति करती रहीं शीला दीक्षित को मुख्यमंत्री बनाया। हां, भाजपा ने जहां पांच साल में तीन मुख्यमंत्री बदले, वहीं शीला दीक्षित ने लगातार तीन बार कांग्रेस सरकार बनाकर रिकॉर्ड बना दिया। हालांकि भाजपा नगर निगम से लेकर विधानसभा तक कांग्रेस को कड़ी चुनौती देती रही।

दिल्ली की सियासत भी अजब है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को सभी सातों सीटें जिताने वाले मतदाता विधानसभा चुनाव में उसे दिल्ली की सत्ता के पास नहीं फटकने दे रहे। नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं। ज्यादातर राज्यों में भी भाजपा या उसके गठबंधन की सरकार हैं, लेकिन देश का दिल कही जाने वाली दिल्ली में कमल नहीं खिल पा रहा। दिल्ली की सत्ता से भाजपा के वनवास को 27 साल होने वाले हैं। निश्चय ही यह स्थिति दिल्ली भाजपा के नेताओं पर बड़ा सवालिया निशान लगाती है।

आजादी के बाद पहले चुनाव में कांग्रेस के चौधरी ब्रहमप्रकाश दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री बने थे, लेकिन फिर दिल्ली को केंद्र शासित क्षेत्र घोषित करते हुए विधानसभा समाप्त कर दी गयी। 1956 से 1993 तक दिल्ली में राष्ट्रपति शासन रहा। दिल्ली में फिर विधानसभा बहाल होने के बाद 1993 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को जनादेश मिला। तब दिल्ली में भाजपा नेताओं की चर्चित तिकड़ी होती थी- केदारनाथ साहनी, विजय कुमार मल्होत्रा और मदनलाल खुराना। उसी तिकड़ी के एक सदस्य मदनलाल खुराना मुख्यमंत्री बनाये गये, लेकिन हालात कुछ ऐसे बिगड़ते गये कि पांच साल में भाजपा को तीन मुख्यमंत्री बदलने पड़े। खुराना को हटा कर 1996 में दिल्ली देहात के बड़े नेता साहिब सिंह वर्मा को मुख्यमंत्री बनाया गया तो 1998 के विधानसभा चुनाव से बमुश्किल तीन महीने पहले हरियाणा मूल की सुषमा स्वराज को मुख्यमंत्री बना दिया गया।

पांच साल में तीन मुख्यमंत्रियों के प्रयोग के बावजूद भाजपा 1998 के विधानसभा चुनाव में अपनी हार नहीं टाल पायी और कांग्रेस बाजी मार ले गयी। ग्रामीण क्षेत्रों में जनता पार्टी या जनता दल के असर को अपवाद मान लें तो दिल्ली की राजनीति में हमेशा भाजपा (जो पहले जनसंघ रही) और कांग्रेस का ही दबदबा रहा। दोनों के पास दिल्ली में दिग्गज नेता भी रहे, लेकिन 1998 में बहुमत मिलने पर कांग्रेस ने भी, पहले उत्तर प्रदेश में राजनीति करती रहीं शीला दीक्षित को मुख्यमंत्री बनाया। हां, भाजपा ने जहां पांच साल में तीन मुख्यमंत्री बदले, वहीं शीला दीक्षित ने लगातार तीन बार कांग्रेस सरकार बनाकर रिकॉर्ड बना दिया। हालांकि भाजपा नगर निगम से लेकर विधानसभा तक कांग्रेस को कड़ी चुनौती देती रही। लेकिन भ्रष्टाचार के विरुद्ध जन लोकपाल मुद्दे पर अन्ना हजारे के आंदोलन के बाद बनी आम आदमी पार्टी (आप) के उदय से कांग्रेस के साथ-साथ भाजपा भी हाशिये पर फिसलती गयी। बेशक आप की भागीदारी वाले 2013 के पहले विधानसभा चुनाव में 31 सीटों के साथ भाजपा सबसे बड़े दल के रूप में उभरी, लेकिन 28 विधायकों वाली आप, आठ विधायकों वाली कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनाने में सफल हो गयी। हालांकि अरविंद केजरीवाल की वह सरकार 49 दिन ही चल पायी। कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए वैकल्पिक राजनीति की वकालत करने वाले अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी को कांग्रेस से उस दोस्ती के लिए कठघरे में खड़ा कर भाजपा खुद को आगे ला सकती थी, लेकिन बुढ़ाते नेतृत्व की जगह नये नेतृत्व को उभारने में नाकामी और प्रधानमंत्री मोदी पर ही पूरी तरह निर्भरता उसे भारी पड़ी। 2013 के विधानसभा चुनाव में



सबसे बड़े दल के रूप में उभरने के बावजूद भाजपा ने 2015 के चुनाव में अपने नेताओं को नजरअंदाज कर रिटायर्ड महिला आईपीएस अधिकारी किरण बेदी को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाया।

शायद भाजपा अन्ना हजारे के दो शिष्यों केजरीवाल और किरण बेदी के बीच चुनावी मुकाबले से अपनी सत्ता की बिसात बिछाना चाहती थी, लेकिन दिल्ली वालों की नजर में दोनों के बीच कोई मुकाबला ही नहीं था। मतदाताओं ने आप को 70 में 67 सीटें जिताकर अभूतपूर्व बहुमत दे दिया। भाजपा मात्र तीन सीटों पर सिमट गयी तो कांग्रेस का खाता तक नहीं खुला। किरण बेदी के प्रयोग से चुनावी हार से भी बड़ा नुकसान यह हुआ कि भाजपा के अपने नेता उपेक्षा से हताश हो गये और पार्टी के परंपरागत मिडल क्लास वोट बैंक में भी सेंध लग गयी। उसके बाद भी केंद्र में सत्तारूढ़ होने के नाते देश की राजधानी दिल्ली में खुद को अपने पैरों पर खड़ा कर पाना भाजपा के लिए ज्यादा मुश्किल नहीं होना चाहिए था, पर प्रभावी स्थानीय नेतृत्व की कसौटी पर वह लगातार नाकाम रही। अन्ना आंदोलन से बनी छवि का लाभ उठाने के लिए अराजनीतिक किरण बेदी पर 2015 में दांव लगाया तो 2020 के विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की कमान कभी अमर सिंह के सानिध्य में समाजवादी पार्टी से राजनीति शुरू करने वाले भोजपुरी कलाकार मनोज तिवारी को सौंप दी।

शायद भाजपा को लगा कि जिस पूर्वांचली वोट बैंक की बदौलत तीन बार शीला दीक्षित कांग्रेस सरकार बना गयीं और फिर केजरीवाल दो बार मुख्यमंत्री बन गये, वह मनोज तिवारी की लोकप्रियता से खिंचा उसके पाले में चला आयेगा, पर निराशा ही हाथ लगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जबर्दस्त चुनाव प्रचार के बावजूद भाजपा आठ सीटों से आगे नहीं बढ़ पायी। बेशक कांग्रेस लगातार दूसरी बार खाता खोलने में भी नाकाम रही। उसके बाद भी भाजपा जरूरी सबक सीख कर प्रभावी स्थानीय नेतृत्व उभारने में सफल नजर नहीं आती। पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा जनाधार वाले नेता माने जा सकते हैं, लेकिन उनकी पहचान पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा सरीखे सज्जन राजनेता का बेटा होने के बावजूद 'भड़काऊ' बयानबाजी तक सिमट गयी है। डॉ हर्षवर्धन और विजय गोयल हाशिये पर भेज दिये गये हैं। आठ महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव में सात में से छह सांसदों के टिकट काटने से भी यही संकेत गया कि वे दिल्ली में भाजपा की नेतृत्व-रणनीति की कसौटी पर खरा नहीं उतरे। प्रभावी स्थानीय नेतृत्व का अभाव भी एक बड़ा कारण है कि लोकसभा में एकतरफा समर्थन करने वाले दिल्लीवासी विधानसभा चुनाव में भाजपा को पूरी तरह नकारते रहे हैं।

अभी तक तो संदेश तो यही है कि राष्ट्रीय राजनीति में भाजपा के मुकाबले आप कहीं नहीं ठहरती तो दिल्ली की राजनीति में केजरीवाल के सामने भाजपा का कोई नेता नहीं टिकता। दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भाजपा का इरादा किसी को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाने का तो नहीं है, लेकिन प्रवेश वर्मा को नयी दिल्ली विधानसभा सीट से आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध उम्मीदवार बनाये जाने से लगता है कि उन्हें राज्य की राजनीति में लाया जा रहा है। देहात के नेता को पूर्ण शहरी क्षेत्र से चुनाव लड़ाने के पीछे की रणनीति तो भाजपा ही बेहतर समझती होगी, लेकिन देहात की कुछ सीटों पर उसे फायदा मिल सकता है। उसी की काट के रूप में केजरीवाल ने जाट आरक्षण का दांव चला है। यह देखना दिलचस्प होगा कि ऐन चुनाव के वक्त ये दांवपेच मतदाता का मन कितना बदल पाने में कामयाब होंगे। जाहिर है, बड़ा सवाल भाजपा के दिल्ली की सत्ता से वनवास की समाप्ति का है।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## किसी एक काम को ही बेहतर करें



संकलित
दर्शन

पुराने समय में भारद्वाज मुनि थे। वे देवगुरु बृहस्पति के पुत्र थे। भारद्वाज बहुत सारा ज्ञान हासिल करना चाहते थे। उनकी सोच ये थी कि उन्हें संसार की सारी बातों का ज्ञान हो जाए। इसके लिए वे लगातार अध्ययन करते रहते थे। एक दिन बृहस्पति ने अपने पुत्र भारद्वाज से कहा कि पूरे संसार का ज्ञान वेदों में है। अगर तुम वेद पढ़ लोगे तो समझ लो कि तुमने पूरा ज्ञान हासिल कर लिया है। पिता की बात मानकर भारद्वाज वेद पढ़ने लगे। भारद्वाज मुनि की संकल्प शक्ति और पढ़ाई की एकाग्रता देखकर देवराज इंद्र प्रसन्न हो गए और वे भारद्वाज के सामने प्रकट हुए। इंद्र ने कहा कि मैं तुम्हारी लगन देखकर बहुत प्रसन्न हूं। तुम मुझसे कोई भी वर मांग सकते हो। भारद्वाज ने इंद्र से कहा कि संसार में ज्ञान बहुत सारा है, लेकिन मेरी उम्र बहुत कम है। कृपया करके मेरी उम्र सौ साल बढ़ा दीजिए। इंद्र ने भारद्वाज की उम्र सौ वर्ष और बढ़ा दी। भारद्वाज मुनि को ज्ञान हासिल करते-करते सौ वर्ष भी बीत गए। इसके बाद देवराज इंद्र ने उनकी उम्र सौ साल और बढ़ा दी। अगले सौ साल और बीत गए, लेकिन भारद्वाज को पूरा ज्ञान नहीं मिल सका। जब अगले 100 भी बीत गए गए, तब इंद्र भारद्वाज के सामने प्रकट हुए और बोले कि भारद्वाज सामने तीन पहाड़ हैं। क्या हम इन पहाड़ों से एक मुट्ठी मिट्टी लेकर इन पहाड़ों की व्याख्या कर सकते हैं? ये संभव नहीं है। ठीक इसी तरह संसार का ज्ञान है। संसार का ज्ञान अथाह है। किसी एक व्यक्ति के लिए पूरा ज्ञान हासिल करना संभव नहीं है।

## कपड़े की उपयोगिता दिखावे के लिए नहीं



संकलित
प्रेरणा

संत कबीर रोज अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। कबीर जी के उपदेश सुनने एक धनी व्यक्ति भी आता था। धनी व्यक्ति कबीर दास जी से बहुत प्रभावित था। एक दिन उस धनी व्यक्ति ने देखा कि कबीर दास जी जो कुर्ता पहनते हैं, वह बहुत पुराना हो गया और कुर्ता बहुत ही सामान्य कपड़े से बना था। अगले दिन धनी व्यक्ति एक मूल्यवान कुर्ता लेकर पहुंचा और कबीर दास को उपहार में दे दिया। कुर्ता मखमल से बना था। बाहर की ओर से कुर्ता मखमली था और अंदर की ओर उसमें सामान्य कपड़ा लगा था। धनी व्यक्ति ने सोचा था कि अब कबीर दास जी उसका दिया हुआ कुर्ता पहनेंगे। अगले दिन जब वह व्यक्ति फिर से कबीर दास जी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि कबीर जी ने उल्टा कुर्ता पहना है। दरअसल, कबीर दास जी के कुर्ते का मलमल वाला हिस्सा अंदर की ओर था और बाहर सामान्य कपड़ा दिख रहा था। उस धनी व्यक्ति ने कबीर जी से पूछा कि ये आपने क्या किया? आपने तो कुर्ता उल्टा पहना है? सभी लोगों ने भी कबीर दास जी से पूछा कि कुर्ता मूल्यवान है तो आपने इसे उल्टा क्यों पहना है? कबीर जी ने कहा कि ये कुर्ता देखकर मैंने सोचा कि मखमल शरीर को स्पर्श होगा तो शरीर को ज्यादा बेहतर लगेगा, क्योंकि ये कपड़ा तो शरीर के लिए ही हैं। दिखाने के लिए तो साधारण हिस्सा ही काफी है। दूसरों को हमारे कपड़ों से क्या लेना-देना?

सटाका




आज की पाती

### अनिद्रा की बीमारी महामारी का रूप धारण कर लेगी

भारत सारी दुनिया में विश्व गुरु बनने की राह पर प्रगतिशील है, मगर विकास यात्रा के नाम पर विदेशों का कचरा भी भरा जा रहा है। इस बदलते हुए वातावरण में आदमी का जीवन स्तर पहले से ज्यादा बेहतर हुआ, मगर हम असली-नकली का अंतर करने में फेल हो रहे हैं। हर माल का डुप्लीकेट पहुंच गया है। आज के दौर में हर इनसान का आहार तक नकली हो गया है, फिर धर्म की रक्षा कौन करेगा? नई-नई बीमारियां फैल रही हैं, कोरोना के बाद अब आशंका है कि अनिद्रा की बीमारी वैश्विक महामारी का रूप धारण कर लेगी। वर्ष 2037 तक भारत भी इससे प्रभावित होगा, अतः इसकी रोकथाम के लिए अभी से कारगर योजना का निर्माण शुरू हो जाना चाहिए। – *संकेत गुप्ता, रायगढ़*

ट्रेंड

### कांग्रेस को खारिज करेंगे लोग



कांग्रेस का इतिहास उन सभी ताकतों को प्रोत्साहित करने का रहा है जो कमजोर भारत चाहते हैं। सत्ता के लिए उनके लालच का मतलब देश की अखंडता से समझौता करना और लोगों के विश्वास को धोखा देना था। लेकिन, अब जनता ने तय कर लिया है कि वे राहुल गांधी और उनकी सड़ी-गली विचारधारा को खारिज करेंगे।
**-जेपी नड्डा, भाजपा अध्यक्ष**

### संविधान पर हमला



मोहन भागवत की यह दुस्साहसिक टिप्पणी कि भारत को 1947 में सच्ची आजादी नहीं मिली, हमारे स्वतंत्रता सेनानियों, प्रत्येक भारतीय नागरिक का अपमान और हमारे संविधान पर हमला है।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### गैर-जिम्मेदार स्टार्टअप



यह दुःखद है कि एक गैर-जिम्मेदार स्टार्टअप के कारण वर्षों के अत्याधुनिक प्रयास जलकर राख हो गए। आग एक प्रमुख जोखिम कारक है जिससे गंभीर तैयारियों के साथ निपटा जाना चाहिए।
**-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी**

### 'रूद्राष्टकम' का श्रवण



संतों, सिद्धों, गुरुजनों का कहना है कि 'रूद्राष्टकम' का पठन या श्रवण अशांत चित्त को शांति प्रदान करता है, हमें अवसाद से आनंद की ओर ले जाता है, हृदय में व्याप्त शंकाओं को समाप्त कर हमें निःशंक कर देता है। **-आशुतोष राणा, अभिनेता**

करंट अफेयर

## बाइडन ने दो नए राष्ट्रीय स्मारकों की घोषणा की



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को कैलिफोर्निया में दो स्थलों को राष्ट्रीय स्मारक के रूप में नामित किया। लॉस एंजिलिस के जंगल में लगी आग के कारण ये घोषणा स्थगित कर दी गई थी। ये राष्ट्रीय स्मारक मूल अमेरिकी जनजातियों के सम्मान में बनाए जाएंगे तथा मनोरम दृश्यों वाले पर्वतीय क्षेत्रों और रेगिस्तानों को खनन एवं ऊर्जा विकास के कार्यों से बचाएंगे। बाइडन ने व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में एक कार्यक्रम में यह घोषणा की। राष्ट्रपति छह जनवरी को कैलिफोर्निया पहुंचे, लेकिन उनके लॉस एंजिलिस पहुंचने से पहले ही तेज हवाओं के कारण जंगल में लगी आग ने विकराल रूप ले लिया। इसके कारण अधिकारियों को कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। बाइडन ने दक्षिणी कैलिफोर्निया में जोशुआ ट्री नेशनल पार्क के पास चकवाला राष्ट्रीय स्मारक और उत्तरी कैलिफोर्निया में सत्तिल्ला हाइलैंड्स राष्ट्रीय स्मारक की औपचारिक रूप से घोषणा की। उन्होंने कहा, 'उम्मीद थी कि इसकी घोषणा उसी स्थान पर होती लेकिन ऐसा नहीं हो सका।'

ऑफ बीट

## बीएमआई नहीं बता सकता कि हम स्वस्थ हैं या नहीं




हम जानते हैं कि 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) किसी के वजन और उससे जुड़े स्वास्थ्य के आकलन के लिए उपयुक्त प्रक्रिया नहीं है, लेकिन यह चिकित्सकों, जनसंख्या शोधकर्ताओं और निजी प्रशिक्षकों के लिए यह उपयोगी उपकरण बना हुआ है। बीएमआई लोगों को चार वजन श्रेणियों में वर्गीकृत करने की एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त जांच विधि है : कम वजन (बीएमआई 18.5 से कम), सामान्य वजन (18.5 से 24.9), अधिक वजन (25.0 से 29.9) या मोटापा (30 या अधिक)। किसी के वजन को उसकी लंबाई के वर्ग से विभाजित करके इसका पता लगाया जाता है। बेल्जियम के गणितज्ञ लैम्बर्ट एडोल्फ जैकस क्यूटलेट (1796-1874) ने औसत पश्चिमी यूरोपीय व्यक्ति की शारीरिक विशेषताओं का पता लगाने के लिए 1832 में एक गणितीय मॉडल 'बीएमआई' को इजाद किया था। इसे शुरू में क्यूटलेट इंडेक्स कहा गया और इसे कभी भी चिकित्सकीय आकलन का उपकरण नहीं माना गया। 1972 में क्यूटलेट इंडेक्स को 'बॉडी मास इंडेक्स' कहा गया। गणितीय सूत्र का उपयोग करके किसी के स्वास्थ्य का पूरा आकलन करना संभव नहीं है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के लिए राशि स्वीकृत

**बतौली।** छग के राष्ट्रीय राजमार्ग 43 अंबिकापुर से पत्थलगांव बाईपास बनाने कार्य टीबीसीएल सड़क निर्माण कंपनी को सौंप दिया गया है। अंबिकापुर से पत्थलगांव 90 किलोमीटर सड़क के कार्य लगभग पूर्ण होने के कगार में है। जहां छोटे बड़े पुल निर्माण के साथ ही अंबिकापुर लुचकी घाट में ओवर ब्रिज का निर्माण, सड़क निर्माण कंपनी टीबीसीएल द्वारा कर दिया गया है। लेकिन रिहायशी इलाके से हटकर बाई पास सड़क बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 200 करोड़ की राशि स्वीकृती प्रदान की गई।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अक्षत औरा को दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार जिले के अक्षत औरा पिता मनोज औरा को चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) फाइनल परीक्षा में ऑल इंडिया 5वीं रैंक हासिल करने पर बधाई दी हैं। अक्षत ने इस उपलब्धि से पूरे मप्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अक्षत के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि प्रदेश के युवाओं को अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी।

डॉ. यादव ने शहडोल उमरिया एवं अनूपपुर के कारोबारियों के साथ वर्चुअल संवाद किया

# औद्योगिक विकास के साथ युवाओं को रोजगार देना मप्र सरकार की प्राथमिकताः मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने कहा- निवेश छोटा हो या बड़ा, हमारे लिए एक समान है
- हमारा लक्ष्य औद्योगिक विकास के साथ युवाओं को रोजगार देना, स्व-रोजगार से जोड़नाःसीएम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश की समृद्धि और प्रदेशवासियों की उन्नति के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों से आशातीत सफलताएं मिली है। उन्होंने कहा कि निवेश छोटा हो या बड़ा हमारे लिए दोनों समान है। हमारा लक्ष्य औद्योगिक विकास के साथ युवाओं को रोजगार देना साथ ही स्व-रोजगार से जोड़ना भी है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की महती भूमिका रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार देर रात रीवा से शहडोल, उमरिया एवं अनूपपुर के उद्योगपतियों के साथ वर्चुअल संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शहडोल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में अब तक 20 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। 16 जनवरी को शहडोल में अगली रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हो रही है, जिसके लिए बड़े पैमाने पर निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्थानीय उद्योगपतियों से कहा कि उद्योग लगाने के लिए जो निवेशक मप्र में आ रहे हैं, हम उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होने देंगे। प्रदेश में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को प्रोत्साहित करने वाली नीतियां बनाई गई है। इसमें मप्र देश में चौथे स्थान पर है। निवेशकों की सुविधा के लिए प्रत्येक जिले में 'इंवेस्टमेंट फैसिलिटेशन सेंटर' प्रारंभ किए गए हैं। कलेक्टर्स को इनका नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### अब तक हुई आरआईसी में प्राप्त निवेश

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विभिन्न अंचलों में समान रूप से औद्योगिक विकास और रोजगार के सृजन के लिए अभिनव पहल करते हुए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव करने का निर्णय लिया। प्रदेश की पहली आरआईसी उज्जैन में 1-2 मार्च को हुई, जिसमें एक लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। दूसरी आरआईसी 20 जुलाई को जबलपुर में हुई, जिसमें 22 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इसी क्रम में 28 अगस्त को ग्वालियर में तीसरी आरआईसी हुई, जिसमें 8 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। चौथी आरआईसी सागर में 27 सितंबर को हुई, जिसमें 23 हजार 181 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। पांचवी आरआईसी रीवा में 23 अक्टूबर को हुई, जिसमें 30 हजार 814 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। प्रदेश की 6 वीं आरआईसी नर्मदापुरम में 7 दिसम्बर 2024 को हुई, जिसमें 31 हजार 800 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

### युवाओं की ऊर्जा को रचनात्मक दिशा प्रदान करेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन प्रारंभ किया जा चुका है। इस मिशन से हम युवाओं की ऊर्जा को रचनात्मक दिशा प्रदान कर उन्हें आत्म-निर्भर बनाएंगे। इससे वे रोजगार देने वाले बन सकेंगे और विकसित भारत के लिए विकसित मप्र में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकेंगे।

### स्टार्ट-अप के लिए युवा उद्यमियों को तैयार करें

मुख्यमंत्री ने बताया कि शहडोल संभाग के तीनों जिलों में कलेक्टर्स को निर्देश दिए गए है कि स्टार्ट-अप के लिए युवा उद्यमियों को तैयार करें। राज्य सरकार उन्हें स्व-रोजगार के लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष-2025 को प्रदेश में उद्योग वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी वर्ष फरवरी में भोपाल में ग्लोबल इंवेस्टर समिट भी होने जा रही है। इसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। यह मप्र के लिए गौरव की बात है।

### मुख्यमंत्री ने कामतानाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को सतना जिले के चित्रकूट में कामदगिरि पर्वत पर स्थित कामतानाथजी के मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जगत कल्याण के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि करुणानिधान श्रीराम जी ने इस स्थान पर ग्यारह वर्ष से अधिक का समय व्यतीत किया था। उन्होंने भगवान श्रीराम से प्रार्थना की कि प्रदेशवासियों पर सदैव कृपा बरसती रहे, सबके जीवन में सुख-समृद्धि और शांति का वास हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर में मौजूद एक बालिका सहित अन्य श्रद्धालुओं से भी बातचीत की और उन्हें मकर संक्रांति की बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने चित्रकूट में की प्रगतिरत एवं प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा

# प्राकृतिक सौंदर्य व मूल स्वरूप कायम रखते हुए किए जाएंगे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चित्रकूट के समग्र विकास का प्लान समेकित रूप से बने और सबके सहयोग से क्रियान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि चित्रकूट में अनेक सामाजिक संस्थाओं की ओर से समाज सेवा तथा अन्य विकास कार्य किए जा रहे हैं।

धार्मिक स्थल में होने वाले मेले और अवसरों पर तीर्थ यात्रियों तथा पर्यटकों की सुविधाओं के लिए इन संस्थाओं के कार्यों से भी जोड़े। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को चित्रकूट में चित्रकूट के समग्र विकास के लिए प्रगतिरत एवं प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि चित्रकूट का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता है। यहां बेहतर विकास हो और आध्यात्मिक वैभव के साथ चित्रकूट का मूल स्वरूप कायम रहे।

### हमारी पुरातन संस्कृति और परंपरागत पहचान को कायम रखना है

मुख्यमंत्री ने कहा कि मां मंदाकिनी की स्वच्छता और निर्मलता के साथ वाटर रिचार्ज का भी अभियान स्वयंसेवी संस्थाओं एवं जनभागीदारी से चलाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे आश्रम, संस्थाएं मिलकर भूगर्भ के जल संभरण और संरक्षण का अभियान चलाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गो-शालाएं, गो-पालन, स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में सबके सहयोग से कार्य हो। चित्रकूट के अमावस्या मेला और दीपावली मेले में भीड़ प्रबंधन के लिए रोप-वे के विकल्प की भी संभावनाएं तलाशी जा सकती है। मेले में पार्किंग के लिए कन्ट्रोल रूम बनाएं। सड़कों का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का कार्य गुणवत्ता के साथ हो।

### परिक्रमा में सफाई के उचित प्रबंध भी हों

नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि कामदगिरी परिक्रमा मार्ग में सुविधाओं के विकास की जरूरत है। परिक्रमा में साफ-सफाई के उचित प्रबंध भी होने चाहिए। दान दाताओं के लिए भी सुनियोजित स्थान तय करना आवश्यक है। समाजसेवी सुरेश सोनी ने कहा कि चित्रकूट का विकास प्लान आगामी 15-20 साल की परिस्थितियों के अनुसार ही बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चित्रकूट के प्रत्येक मठ, मंदिर, विद्यालय, सामाजिक संस्थाएं जन प्रबोधन का कार्य भी करें।

परिवहन विभाग ने जारी किया आदेश

# ग्वालियर व्यापार मेले में वाहन खरीदी पर रोड टैक्स में मिलेगी 50% की छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्वालियर व्यापार मेले में वाहन खरीद पर रोड टैक्स में 50% की छूट के संबंध में मंगलवार को परिवहन विभाग की ओर से नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

परिवहन विभाग के अनुसार ऐसे गैर परिवहन यान मोटर कार, निजी उपयोग के लिए ओमनी बस तथा हल्के परिवहन यान जो जीवनकाल मोटर कर दाता है और जिनकी साल 2024-25 की कालावधि के दौरान ग्वालियर व्यापार मेले से खरीदारी की जाती है, उनको इस योजना का लाभ मिलेगा।

### ऐसे समझिए छूट का गणित चार पहिया वाहन के लिए

अगर कोई सात लाख रुपए की कार खरीदने पर 27900 रुपए के लगभग मेला छूट मिलेगी। 10 लाख रुपए की कार पर पर मेला में 37 हजार रुपए के लगभग मेला छूट मिलेगी। दोपहिया वाहन में अपाचे 160 सीसी बाइक खरीदते हैं तो आपको करीब 7 हजार रुपए की मेला छूट मिलेगी। इसी तरह 80 से 90 हजार रुपए की बाइक खरीदने पर 4500 से 5 हजार रुपए की मेला छूट मिलेगी।

देवास के कन्नौद, बागली, हाटपिपल्या में कांग्रेस की बैठक

# जय बापू-जय भीम-जय संविधान अभियान रैली पर विचार-विमर्श

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि देश में बड़ा वर्ग बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को भगवान मानता है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने उनका अपमान किया है। इसके लिए उन्हें माफी मांगनी होगी। पटवारी देवास जिले के कन्नौद, बागली, हाटपिपल्या में कांग्रेसजनों की बैठक में बोल रहे थे। बैठक में जय बापू-जय भीम-जय संविधान अभियान रैली की तैयारियों को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई।

27 जनवरी को महू में आयोजित इस रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी सहित देश, प्रदेश के वरिष्ठ नेता पहुंच रहे हैं।

### गांधी, आंबेडकर के विचार घर-घर पहुंचाएंः पटवारी

पटवारी ने कांग्रेसजनों से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर के विचारों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने प्रदेश के एक-एक कार्यकर्ता से आह्वान किया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की अगुवाई में संविधान की रक्षा के लिए 27 जनवरी को आंबेडकर की जन्मस्थली महू से प्रारंभ होने वाले जय बापू-जय भीम-जय संविधान अभियान कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। पटवारी ने पतंग उड़ाकर मकर संक्राति मनाकर प्रदेश की जनता की खुशहाली के लिए कहा कि पतंगों की उड़ान हो, खुशियों की पहचान हो, मकर संक्राति पर हर दिल में उल्लास और उत्साह हो।

### हर मंगलवार मांगता हूं शिवराज से समय

पटवारी ने कहा कि हर मंगलवार केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से समय मांगता हूं। किसानों के दर्द और पीड़ा उनके सामने रखना चाहता हूं। लगातार 18 मंगलवार हो गए हैं, पर समय नहीं दे रहे हैं। उन्होंने 2700 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं, 3100 धान, 6000 सोयाबीन और 24 घंटे बिजली देने का किसानों से वादा किया था। लेकिन आपका वादा पूरा नहीं हुआ है।

दो हजार करोड़ के शराब घोटाला मामले में ईडी की कार्रवाई

# पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और उनका बेटा हरीश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित दो हजार करोड़ के शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और बेटे हरीश लखमा को गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को कवासी लखमा ईडी दफ्तर में पूछताछ के लिए पहुंचे हुए थे, जहां उनकी गिरफ्तारी हुई है। दूसरी ओर ईडी दोनों को लेकर कोर्ट में पेश करने के लिए रवाना हो गई है। इसकी पुष्टि ईडी के वकील सौरभ चंद्राकर ने की है। बता दें कि शराब घोटाला मामले में कवासी लखमा से इससे पहले दो बार ईडी के अधिकारियों ने पूछताछ की थी।

यह तीसरी पूछताछ थी, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। ईडी के दफ्तर पहुंचने से पहले लखमा ने कहा था कि पूछताछ के बुलाया गया था, इसलिए आया हूं। देश कानून के हिसाब चलता है। अगर कानून के हिसाब से बुलाएंगे, तो मैं 25 बार आऊंगा। ईडी के अधिकारी जो सवाल करेंगे, उसका जवाब दूंगा। उनका सम्मान करुंगा। पूर्व आबकारी मंत्री लखमा और सीए को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था। इस संबंध में लखमा ने बताया कि उनके सीए बाहर हैं, इस वजह से वह नहीं आए हैं। लखमा अकेले दफ्तर पहुंचे हुए थे। जानकारी के अनुसार, 28 दिसंबर को ईडी ने कवासी लखमा और उनके बेटे हरीश लखमा के ठिकानों में छापेमार कार्रवाई की थी। इस कार्रवाई के बाद ईडी ने नगद लेनदेन के सबूत मिलने की जानकारी दी थी। इससे पहले दो बार लखमा से ईडी आठ-आठ घंटे पूछताछ की थी। वहीं बुधवार को तीसरी और चार घंटे पूछताछ के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### पूर्व सीएम बघेल ने कहा, बदले की भावना से हुई कार्रवाई

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले मामले पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के गिरफ्तारी के बाद प्रदेश में सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। गिरफ्तारी के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि बदले की भावना से कार्रवाई की गई। केंद्र सरकार में बैठे अपने आकाओं के इशारे पर ईडी कांग्रेसी नेताओं को बदनाम करने में लगी है। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर लिखा कि पूर्व मंत्री और वरिष्ठ विधायक कवासी लखमा की गिरफ़्तारी बदले की भावना से की गई कार्रवाई है। केंद्र सरकार में बैठे अपने आकाओं के इशारे पर ईडी कांग्रेस नेताओं को बदनाम करने की साजिश रच रही है। उन्होंने आगे लिखा कि पूरी कांग्रेस पार्टी कवासी लखमा के साथ खड़ी है।



### डिप्टी सीएम ने कहा-अपनी ही सरकार में ठगे गए लखमा

वहीं दूसरी ओर मामले में पूर्व मंत्री के गिरफ्तारी के बाद उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का भी बयान सामने आया है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि लखमा के आबकारी मंत्री रहते एफएल-10 के नाम पर स्कैम किया गया। अपनी ही सरकार में कवासी लखमा ठग लिए गए। इसीलिए उनके साथ तब जो लोग थे, वे आज नहीं हैं। कानून अपना काम करेगा और कोई भी बख्शा नहीं जाएगा।



आज शाम 5 से 7 बजे तक नामांकन की प्रक्रिया

# भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा आगामी कल होगी। इसके लिए आज शाम 5 से 7 बजे तक नामांकन होगा। इसकी जानकारी प्रदेश संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख ने दी। उन्होंने बताया कि इसके लिए आज शाम पांच से सात बजे तक नामांकन होगा। प्रदेश अध्यक्ष पद का निर्वाचन संपन्न कराने भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े शामिल होंगे। साथ ही भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन और चुनाव पर्यवेक्षक गजेंद्र पटेल भी निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल होंगे।

भाजपा प्रदेश संगठन चुनाव प्रभारी पारख ने कहा कि पूरे देश के साथ ही छत्तीसगढ़ में भी सितंबर-2024 से संगठन महापर्व मनाया गया, जिसमें पहले सदस्यता महाअभियान चलाया गया। छत्तीसगढ़ भाजपा को 60 लाख सदस्यता का जो लक्ष्य केंद्रीय नेतृत्व ने दिया था, उस लक्ष्य को अर्जित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन में भाजपा सरकार के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, भाजपा व सभी मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं व समस्त जनप्रतिनिधियों ने परिश्रम की पराकाष्ठा करके इस अभियान को सर्वसमावेशी और सर्वस्पर्शी बनाया।

### सदस्यता अभियान में सुदूर क्षेत्रों तक पहुंची थी भाजपा

*सदस्यता अभियान में समाज के हर वर्ग और सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचकर उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। भाजपा के इस ऐतिहासिक संगठन महापर्व सक्रिय सदस्यता अभियान भी युद्धस्तर पर चला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, कार्यक्रमों व योजनाओं के साथ मोदी के नेतृत्व के प्रति जन आकर्षण के चलते भाजपा ने छत्तीसगढ़ में सदस्यता अभियान में इतिहास रचा और पूरे प्रदेश की 35 प्रतिशत आबादी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है, जो भाजपा की लोकप्रियता, भाजपा के प्रति अटूट जन-विश्वास का प्रमाण है। चुनाव प्रभारी पारख ने बताया कि सदस्यता महाअभियान के बाद संगठन चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई जिसके तहत सबसे पहले बूथ कमेटियों का गठन कर बूथ अध्यक्ष बनाए गए। बूथों के बाद मंडल अध्यक्ष की घोषणाएं हुई। इसके बाद सारे 36 संगठन जिलों में जिला अध्यक्ष भी घोषित कर ले गए।*

आनंद उत्सव में बिखरेंगी खुशियां, हर चेहरे पर होगी मुस्कान

# मकर संक्रांति से 28 जनवरी तक प्रदेश के हर गांव और शहर में होगा उत्सव

*प्रतिस्पर्धा नहीं, सहभागिता है आनंद उत्सव की मूल भावना*

*भारतीय परंपरा में आनंद की अवधारणा पर होंगी गतिविधियां*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मकर संक्रांति से 28 जनवरी तक प्रदेश के हर गांव और शहर में आनंद उत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि परंपराओं और संस्कृति का संरक्षण राज्य सरकार का प्रण है। लोक-संस्कृति में रची-बसी गतिविधियों का सामुदायिक स्तर पर संचालन जीवन में आनंद का संचार करता है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण प्रदेश में आनंद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि नागरिकों में सहभागिता और उत्साह को बढ़ाने के लिए हर गांव और शहर में समूह स्तर पर परंपरागत खेल और संस्कृति से जुड़ी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि आनंद उत्सव की मूल भावना प्रतिस्पर्धा नहीं, सहभागिता है।

### आनंद और प्रसन्नता का संचार जीवन को परिपूर्ण बनाने के लिए आवश्यकः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नागरिकों की मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक उन्नति और प्रसन्नता, प्रदेश के विकास और खुशहाली के लिए आवश्यक है। आधारभूत आवश्यकताओं तथा अधोसंरचना की उपलब्धता के साथ आनंद और प्रसन्नता का संचार जीवन को परिपूर्ण बनाने के लिए जरूरी है। सांस्कृतिक आयोजन तथा खेल, व्यक्ति की मानसिक-शारीरिक और भावनात्मक सकुशलता बढ़ाने के मुख्य कारक हैं। आनंद उत्सव का आयोजन इन्हीं तथ्यों के आधार पर किया जा रहा है। इसके अंतर्गत होने वाली गतिविधियां, भारतीय परम्परा में आनंद की अवधारणा पर केंद्रित होंगी।

### दिव्यांगों, बुजुर्गों के अनुकूल होंगी गतिविधियां

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आनंद उत्सव में प्रमुख रूप से स्थानीय तौर पर प्रचलित परंपरागत खेल-कूद जैसे कबड्डी, खो-खो, बोरा रेस, पिट्ठू, सितोलिया, नींबू दौड़ आदि होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत लोक संगीत, नृत्य, गायन, भजन, कीर्तन, नाटक तथा स्थानीय स्तर पर तय अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। आनंद उत्सव का आयोजन इस तरह होगा, जिससे गतिविधियों में समाज के सभी वर्गों जैसे महिला-पुरुष, सभी आयु वर्ग के नागरिक, दिव्यांग आदि शामिल हो सकें। उत्सव में 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला-पुरुषों, दिव्यांगों और बुजुर्गों की विशेष सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए उनके अनुकूल गतिविधियां होंगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी पुरस्कृत होंगे।

### आयोजन में स्वयंसेवी संस्थाएं भी होंगी सहभागी

राज्य आनंद संस्थान और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के साथ स्वयंसेवी संस्थाओं, जन-प्रतिनिधि और राज्य आनंद संस्थान के स्वयं-सेवकों की सक्रिय सहभागिता से हो रहे आनंद उत्सव के आयोजन में ग्राम स्तर पर पंचायतें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। जनपद, अनुविभाग और जिलास्तर पर अधिकारियों को आवश्यक समन्वय का दायित्व सौंपा गया है।

सीएम साय ने बैच और स्टार पहचानकर दी बधाई

# जशपुर के एसपी शशिमोहन सिंह पदोन्नत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर के एसपी शशिमोहन सिंह को एसएसपी के पद पर पदोन्नत होने के अवसर पर बैच और स्टार पहनाकर बधाई दी। दरअसल, यह आयोजन बगिया स्थित मुख्यमंत्री के निजी निवास पर बीती रात 11 बजे पीपींग सेरेमनी के तहत संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में कमिश्नर नरेन्द्र सिंह दुग्गा, आईजी अंकित गर्ग, कलेक्टर रोहित व्यास, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार और पत्नी रेखा सिंह व बेटे रिभु समर्थ सिंह भी उपस्थित थे। शशिमोहन सिंह 1997 बैच के डीएसपी रहे हैं। 2012 में उन्हें आईपीएस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। पिछले एक वर्ष से वे जशपुर में पुलिस अधीक्षक के रूप में सेवा दे रहे हैं।



पुलिस कर रही जांच, घायलों को पहुंचाया अस्पताल

# असुरन चौक पर गोलंबर से टकराई कार, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोरखपुर

असुरन चौक पर एक कार गोलंबर से टकरा गई। हादसे में एक शख्स की मौत हो गई। वहीं, कार में सवार अन्य लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान कोतवाली इलाके के आमिर लारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि देर रात मेडिकल कॉलेज की तरफ से आते हुए कार गोलबंर से टकरा गई। जानकारी के अनुसार, कार में जीत शाही पुत्र इंद्रजीत शाही सिद्धार्थ शर्मा पुत्र वीरेंद्र शर्मा पार्थ शुक्ला पुत्र रवि शुक्ला और एक महिला नाम व पता अज्ञात (28) सवार थे। हादसे में चारों लोग घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आरोपियों के कब्जे से लेपटॉप, टीवी, सोने-चांदी के जेवरात जब्त

# अंतरराज्यीय शातिर चोर गिरोह का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ राजनांदगांव जिले में डोंगरगढ़ पुलिस ने अंतरराज्यीय शातिर चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। जहां पुलिस ने पकड़े गए चोरी के चार आरोपियों के पास से पुलिस ने चोरी किए गए लैपटॉप टीवी और सोने चांदी के जेवरात के साथ एक चार पहिया वाहन जब्त किया है।

पूरा मामला राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कालकापारा का है।जहां पीड़िता विजेता शिंदे ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि बीते 6 जनवरी की रात को कुछ अज्ञात चोरों के द्वारा उसके घर का ताला तोड़कर अलमारी से जेवरात एवं नगद की चोरी कर ली गई है।



### विभिन्न सीसीटीवी कैमरों को देखकर मिली सफलता

*पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा ने अलग-अलग टीम बनाकर मामले की जांच शुरू की गई। जिसमें शहर में लगे विभिन्न सीसीटीवी कैमरा की जांच की गई। सीसीटीवी में एक चार पहिया सफेद वाहन संदिग्ध हालत में घूमते हुए पुलिस को दिखाई दिया। जिसका पीछा करने पर राजनांदगांव में भी 6 जनवरी की शाम को या वहां और 7 जनवरी की रात्रि को इस वाहन में एक घर में घुसकर कुछ व्यक्तियों के द्वारा चोरी का प्रयास करते दिखाई दिए।*

# बच्चों को निरोगी बनाने जैन समाज की पहल अनुकरणीय

## लोक निर्माण मंत्री ने किया सुवर्ण प्राशन संस्कार शिविर का शुभारंभ

जबलपुर।

लोक निर्माण मंत्री से राकेश सिंह ने आज यहाँ रामलीला मैदान गढ़ा में आचार्य विद्यासागर महाराज के प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर आयोजित स्वर्ण प्राशन संस्कार शिविर का शुभारंभ करते हुये बच्चों को निरोगी बनाने की दिशा में जैन समाज की इस पहल को पवित्र और अनुकरणीय बताया है। श्री सिंह ने कहा कि सुवर्ण प्राशन संस्कार में जो औषधि दी जा रही है उससे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढायेगी, वे निरोगी होंगे और यही बच्चे स्वस्थ्य भारत की नीव रखेंगे।



### आचार्य श्री की समाधि दिवस पर आयोजन

लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने शिविर का शुभारंभ आचार्य विद्यासागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने हाथों से पाँच बच्चों को सुवर्ण प्राशन की दो बूँद पिलाई। श्री सिंह ने जैन समाज द्वारा आचार्य विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा से बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा उनके शारीरिक एवं बौद्धिक विकास के उद्देश्य से चलाये जा रहे सुवर्ण प्राशन संस्कार अभियान की सफलता की कामना भी की।

### एक लाख बच्चों को दवा का सेवन कराया जायेगा

उल्लेखनीय है कि आचार्य विद्यासागर महाराज के प्रथम समाधि दिवस की स्मृति पर जैन समाज द्वारा आज 15 जनवरी से सुवर्ण प्राशन संस्कार में जबलपुर के सरकारी स्कूलों के 15 वर्ष तक आयु के लगभग एक लाख बच्चों को पूर्णायु आयुर्वेद चिकित्सालय एवं अनुसंधान पीठ में स्वर्ण भस्म, घी एवं अनेक औषधियों के मिश्रण से बनी दवा का सेवन कराया जायेगा। सुवर्ण प्राशन संस्कार शिविर में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के साथ अभय सिंह ठाकुर, अजय तिवारी, दिलीप पटेल, मंडल अध्यक्ष श्री गुप्ता एवं शैलेन्द्र विश्वकर्मा तथा जैन समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी बेस्ट टीचर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित

**जबलपुर।** मंगलयातन विश्वविद्यालय के विधि संकाय में कार्यरत प्राध्यापक डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी को होटल लवली इन में पर्यावरण और सतत विकास विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में कैंट विधायक अशोक रोहानी द्वारा वर्ष 2023-24 का बेस्ट टीचर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर विक्रम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति अखिलेश कुमार पांडे उपस्थित थे। उक्त संगोष्ठी विक्रमादित्य महाविद्यालय एवं सोशल साइंस मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित की गई थी। डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु संबीस्वा राव, उप कुलगुरु विनीता सलूजा, रजिस्ट्रार नागाकिशोर, विधि संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. नीरज प्रकाश राय, लाइब्रेरियन सुनील कुमार यादव, डॉ. प्रकाश मिश्रा, अवनीश राजपूत, डॉ. अंकित तिवारी, डॉ. अंकित, मार्केटिंग विभाग के डॉ. आशुतोष सक्सेना, रूपल ज्योतिषी आदि ने डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी की इस उपलब्धि पर बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कमाना की।

### सिंधी समाज का 46वां निःशुल्क नेत्र शिविर आज

**जबलपुर।** सिन्धु नेत्र सेवा समिति द्वारा 16 जनवरी को 46वें विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन सिन्धु नेत्रालय एवं सिन्धु डायलिसिस सेंटर तीर्थ धाम में स्व. चन्द्रा देवी पुरुसवानी एवं रमेश पुरुसवानी की स्मृति में किया गया है। शिविर का शुभारंभ मध्यान्ह 12 बजे विष्णु धाम के महंत स्वामी रामदास दीप प्रज्ज्वलित कर करेंगे। समिति के अध्यक्ष डॉ. केसी देवानी, अर्जुन पुरुसवानी, विजय अधवानी, हरीश रीझवानी, ताराचंद खत्री, प्रकाश सदानी, दीपक असरानी आदि ने शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

### राजेश माहेश्वरी की नई कृति "संगम" का विमोचन



**जबलपुर।** नगर के सुप्रसिद्ध उद्योगपति एवं लेखक राजेश माहेश्वरी-पद्मा माहेश्वरी की 50वीं सालगिरह के अवसर पर गत दिवस राजेश माहेश्वरी द्वारा लिखित 18वीं कृति "संगम" जिसका संकलन श्यामसुन्दर जेठा, मध्यप्रदेश प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के प्रदेश मंत्री द्वारा किया गया था] का विमोचन आईटीसी के होटल वेलकम सभागार में हरिमोहन बांगड़ (मैनेजिंग डायरेक्टर), वेणुगोपाल बांगड़ चेयरमेन श्री सीमेंट द्वारा संपन्न हुआ। द्वितीय चरण में अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध कलाकार अंजना चांडक (बैंगलोर) द्रोपदी के जीवन पर आधारित मोनो प्ले का सजीव चित्रण पेश किया गया। उनकी शानदार प्रस्तुति से आमंत्रितजनों से भरा पूरा हॉल तालियों गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अभय सप्रे, कैलाश गुप्ता, पूर्व वित्तमंत्री तरुण भनोत, प्रेम दुबे, डॉ. राजेश धीरावाणी, प्रणव पटेल, हर्ष पटेरिया, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज चाचा, रविन्द्र राठी, आलोक राठी, प्रदीप बियाणी, शीतल बियाणी एवं दीपेश माहेश्वरी (जेठा) आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन पंकज माहेश्वरी एवं आभार माधवी माहेश्वरी द्वारा किया गया।

### 11,000 गुलाबों के पुष्पों से भगवान सूर्य का का अर्चन किया गया

# समस्त तीर्थों के फल प्रदाता है भगवान सूर्य : ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद

**हरिभूमि, जबलपुर।** श्री बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में विश्वकल्याणर्थ पौष मास के पावन अवसर पर एक माह का सूर्य अर्चन पर समापन दिवस को विशेष माना गया है। इस अवसर पर भगवान शिव का अभिषेक किया गया तत्पश्चात 11,000 गुलाबों के पुष्पों से सहस्त्रार्चन ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद महाराज श्री के सानिध्य में एवं वैदिक ब्राह्मणों द्वारा भगवान सूर्य का अर्चन किया गया। इस अवसर पर भक्तों को सूर्य के विषय मे जानकारी देते हुए ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी महाराज श्री ने बताया कि हमें प्रतिदिन भगवान सूर्य को अर्घ्य देते हुए, भगवान सूर्य के बाराहा नाम स्मरण करना



चाहिए। जो क्रमशः आदित्य, दिवाकर, भास्कर, प्रभाकर, सहस्रांशु, त्रिलोचन, हरिदश्व, विभावसु , दिनकृत, द्वादशात्मक, त्रयीमूर्ति तथा सूर्य है। जो मनुष्य प्रातःकाल इन बारहों नामों का जप कर लेता है उसके समस्त अशोभनीय स्वप्न नष्ट होकर शुभता प्रदान करने लग जाते हैं और उसके समस्त दुःख नष्ट हो जाते हैं।कुष्ठ को हरने वाले, निश्चित ही दारिद्रय को हरने वाले, सूर्य समस्त तीर्थों के फलों के प्रदाता है, आदित्य हृदय स्त्रोत भगवान सूर्य को अतिप्रिय है जो मनुष्य प्रातःकाल उठकर पूर्ण मनोयोग से नित्य ही इस परम पवित्र स्तोत्र का भक्तिपूर्वक पाठ करता है, वह सुख, सम्पत्ति, आयु, आरोग्य एवं मोक्ष प्राप्त करके परमपद प्राप्त करता है।पूजन में उपस्थित विधायक अशोक रोहाणी, कुलपति राजेश वर्मा, विवेक शर्मा, संदीप जैन, श्रीमतीअंजू भार्गव, सुधांशु गुप्ता, अभिजीत कुमार, मधु यादव, बृजेश दुबे, योगेश सिंह, श्याम चौदाहा, मनीष पांडे, अदिति दुबे, पद्मा मेनन, उषा कटारिया, राधा शुक्ला, मनोज सेन आदि उपस्थित रहे।



# निवाड़गंज में बैठेंगे सीएसपी कोतवाली

जबलपुर।

**पार्षद की पहल पर अब निवाड़गंज चौकी का उन्नयन**

महात्मा गांधी वार्ड के पार्षद हर्षित यादव द्वारा आज से दो साल पहले की गई पहल अब कारगार साबित हुई। वर्षो से निवाड़गंज पुलिस चौकी बंद पड़ी थी और खण्डहर हो रही थी। जिससे क्षेत्र में अराजकता का वातावरण बन रहा था और व्यापारी अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे थे। पार्षद हर्षित यादव ने 7 नवंबर 2022 को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर चौकी की नवीनीकरण की मांग की थी, उसके बाद निवाड़गंज चौकी का जीर्णोद्वार कर अब यहां सीएसपी कार्यालय बना दिया गया है। जबलपुर जोन के पुलिस महानिरीक्षक अनिल सिंह कुशवाह, डीआईजी अतुल सिंह और एसपी संपत उपाध्याय ने सीएसपी कोतवाली के निवाड़गंज स्थित कार्यालय का शुभारंभ किया। सीएसपी कोतवाली रीतेश कुमार शिव अब निवाड़गंज स्थित कार्यालय में बैठेंगे। उद्घाटन के मौके पर एएसपी आनंद कलादंगी, समर वर्मा, लार्डगंज थाना प्रभारी हरिकिशन अठनेरे, कोतवाली टीआई देशमुख, मदनमहल थाना प्रभारी प्रवीण धुर्वे सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।



## श्री राधा-कृष्ण व विश्वकर्मा भगवान की मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**जबलपुर।** विजय नगर में नवनिर्मित विश्वकर्मा मंदिर में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा कर हवन पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें विश्वकर्मा महिला महासंगठन के द्वारा सुंदरकांड का आयोजन कर सुहाग की सामग्री एवं प्रसाद वितरित किया गया, जिसमें संगठन की अध्यक्ष नम्रता विश्वकर्मा, छाया, मीरा, कृष्णा, पूजा, रचना, विमलेश, पूनम, इशरा, संगीता, डॉ. प्रार्थना, स्वाति सहित विश्वकर्मा समाज की महिलाओं की उपस्थित रही।

# कोटवारों को वर्दी व अन्य सामग्री हेतु राशि कोटवारों के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाए

**जबलपुर।** उक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि हम जबलपुर जिले की तहसील पाटन शहपुरा बरेला बरगी कुण्डम पनागर मझौली के कोटवारों की वर्दी व अन्य सामग्री की राशि सीधे बैंक खाते में मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार डाली जाती है, जिससे कोटवार अपने नाप के अनुसार वर्दी बनवाता है लेकिन कुछ विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई है कि प्रमुख राजस्व आयुक्तके आदेशानुसार निजी ऐजेंसी या ठेकेदारो के द्वारा सिली सिलाई वर्दी दी जावेगी जो अनफिट रहेगी अन्य सामग्री ठेकेदार या निजी एजेंसियों द्वारा प्रदान किये जाने की स्थिति में घटिया सामग्री प्रदान की जावेगी जिससे बिचौलियों को फायदा



होगा। ऐसी स्थिति में हम जबलपुर जिले के कोटवार निजी एजेंसियों के द्वारा दी गई वर्दी सामग्री नहीं लेंगे इसका हम सभी विरोध करते हैं, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

अतः श्रीमान से विन्रम निवेदन है कि कोटवारों के आवेदन पर गौर करते हुए जबलपुर जिले के कोटवारों को वर्दी, गरमकोट, जूता, टॉर्च, बेल्ट आदि की राशि जैसे पूर्व में हमारे बैंक खातों में ट्रांसफर की जाती थी, वर्तमान वर्ष में भी प्रदान की जावे।



## छात्राओं के बीच नशा मुक्ति कार्यशाला आयोजित

**जबलपुर।** नवज्योति नशा मुक्ति केन्द्र अवधपुरी में शासकीय मोहन हरगोविंददास गृह विज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय जबलपुर के प्राचार्य समीर शुक्ल के मार्गदर्शन एवं विभाग अध्यक्ष डॉ. आभा तिवारी के सहयोग से डॉ. अर्चना गुप्ता प्राध्यापक के साथ उपस्थित छात्राओं के बीच नशा मुक्ति कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख हेमंत सोलंकी, काउंसलर श्वेता मिश्रा ने मादक पदार्थों के सेवन से बचने के उपाय बताएं एवं विस्तृत जानकारी प्रदान की। उपस्थित छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति संबंधित कुछ पोस्टर, स्लोगन प्रस्तुत कर कार्यशाला में जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर हेमंत सोलंकी, डॉ. सरकार, डॉ. अर्चना गुप्ता, पूजा झारिया, सुरभि द्विवेदी, निधि लोधी, अनामिका हल्दकार, कृषिका सेठी, साक्षी कोलारी, शिवानी, राधिका अहिरवार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# गोंड समाज ने नाबालिग दो भाईयों को न्याय दिलाने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया

**जबलपुर।** गोंड समाज महासभा के जिलाध्यक्ष द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि हाथीताल निवासी गोंड समाज के दो सगे नाबालिग भाईयों को आपसी रंजिश के चलते गोरखपुर थाने में षडयंत्र के तहत एफ.आई.आर. करवाकर जेल भेज दिया गया। जिसके विरोध में 08/01/2025 को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया गया। जिसमें मांग की गई कि दोनों निर्दोष सगे भाईयों पर की गई कार्यवाही की निष्पक्ष जाँच कर न्याय दिया जाये एवं गोरखपुर एस.आई. सोनम पाण्डे को निलम्बित किया जाये। इस ज्ञापन में एस.सी./एस.टी. के सभी



सामाजिक संगठन जयस, अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ, म.प्र. आदिवासी विकास परिषद, गोंडवाना जन जागृति विकास समिति, एस.सी./एस.टी. छात्र संगठन उपस्थित थे। ज्ञापन में मुख्य रूप से कोमल सिंह कोरचे, राजेन्द्र सिंह तेकाम, नवनीत सिंह, एड. शैलेष धुर्वे, मुकेश बट्टी, सेबल परते, नरेश कुलस्ते, एड. अरविन्द मार्को, संज ठाकुर, शुभम चौधरी, अजय सोनकर, आदि उपस्थित थे।

### बिजनेस साइट

# ग्रामीण विकास में मिल रहे हैं ढेरों अवसर

**जबलपुर।** भारत एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के मुहाने पर है, आर्थिक विकास की अगली लहर इसके गांवों से शुरू होने वाली है - जिसे महात्मा गांधी ने भारत की आत्मा भी माना था। यह संभावना सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार, जीवन की बढ़ी हुई गुणवत्ता और प्रभावशाली सरकारी पहलों की एक पूरी सीरीज द्वारा समर्थित है। नतीजतन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था में निवेश करना अगले दो दशकों में भारत की ग्रोथ स्टोरी को आगे बढ़ाने के इच्छुक निवेशकों के लिए एक आकर्षक अवसर प्रस्तुत करता है।



सुनील एस वैद्य
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, जबलपुर

**विकास फाउंडेशन -** देश की 64 प्रतिशत आबादी के आवास के बावजूद, ग्रामीण क्षेत्र वर्तमान में सकल घरेलू उत्पाद में केवल 44 प्रतिशत का योगदान करते हैं। यह असंतुलन धीरे-धीरे बदल रहा है, सरकार के ठोस प्रयासों की बदौलत जिसने महत्वपूर्ण मील के पत्थर हासिल किए हैं जैसे कि 2000 से 7.2 लाख किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2.1 करोड़ घरों का निर्माण, 100 प्रतिशत ग्रामीण विद्युतीकरण और साक्षरता दर 73 प्रतिशत के करीब पहुंचना। बेहतर कनेक्टिविटी, उच्च शिक्षा तक अधिक पहुंच और कृषि पर कम निर्भरता ग्रामीण भारत के आर्थिक माहौल को बदल रही है। रूरल ग्रास वैल्यू एडेड (जीवीए) में कृषि का योगदान वित्त वर्ष 1994 में 56 प्रतिशत से गिरकर वित्त वर्ष 2022 में 40 प्रतिशत हो गया है, जबकि गैर-कृषि गतिविधियां - जिसमें मैन्युफैक्चरिंग, सर्विसेज और कंस्ट्रक्शन शामिल हैं - इसी अवधि के दौरान 44 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो गई हैं। यह बदलाव कृषि से धीरे-धीरे दूर होने का संकेत देता है, जो वर्तमान में 41.5 प्रतिशत आबादी को रोजगार देने के बावजूद राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद का सिर्फ 16 प्रतिशत हिस्सा है।

**अगली लहरः मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज-** यह ग्रामीण पुनरुत्थान अवसरों की व्यापक सीरीज के कारण अलग है। ट्रैक्टर, उपभोक्ता स्टेपल आदि जैसे पारंपरिक ग्रामीण-केंद्रित उद्योगों के विपरीत, यह लहर बैंकिंग, यात्री कारों और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स जैसे क्षेत्रों में फैल रही है। ग्रामीण भारत तेजी से आर्थिक विकास का एक गतिशील इंजन बन रहा है, जो देश की ग्रोथ स्टोरी की रूपरेखा को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है। ग्रामीण औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई सरकारी कार्यक्रम सस्टेनेबल विकास के लिए, उपजाऊ जमीन तैयार कर रहे हैं। यह बदलाव भारतीय उद्योग जगत के लिए नए अवसर खोलता है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां प्रमुख क्षेत्रों में अभी भी बहुत कम पहुंच है।

ग्रामीण विकास की संभावनाओं का लाभ उठाने के इच्छुक निवेशक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल रूरल ऑपर्च्युनिटीज फंड पर विचार कर सकते हैं। यह ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम उन क्षेत्रों और कंपनियों को लक्षित करती है जो ग्रामीण भारत के विकास को आगे बढ़ा रहे हैं और उससे लाभ उठा रहे हैं। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 9 जनवरी से 23 जनवरी, 2025 तक निवेश के लिए उपलब्ध है।

## मप्र जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने शहीर मुमताज़

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि आज संगठन के वरिष्ठ नेता राकेश श्रीवास की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने शहीर मुमताज को जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन का वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया है, ध्यान रहे की शहीर मुमताज लम्बे समय से संगठन के लिए समर्पित और निष्ठा से कार्य करते आ रहे हैं, उनकी इसी कार्यशैली को ध्यान में रखते हुए संगठन के समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में उन्हें वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है। संगठन के सभी पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, हेमंत ठाकरे, राकेश श्रीवास, गुडविन चार्ल्स, राजेश सहारिया, शहीर आदि।


**CHANGE OF NAME**

I, **NIRMALA DEVI** it legally Mother of Army No. 2704500N Rank HAV/CLK (SD) JAG PARVESH, presently residing at Vill- KHERI, P.O. MEHAM, Dist- ROHTAK, State (Haryana) Pin-124112, I have changed of my name from **NIRMALA DEVI** (name as per my Son army service records) to **NIRMLA** (name as per my AADHAR CARD And PAN CARD) vide Affidavit dated in **15/01/2025** format) before ANAND MOHAN CHOUDHARY Public notary, JABALPUR M.P.
CORRRECT NAME-NIRMLA
INCORRRECT NAME-NIRMALA DEVI

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY No. JC 389808W, RANK-SUB, NAME DHARNIDHAR KUMAR DUBEY S/0 JANARDAN DUBEY OF UNIT MB AREA SIGNAL COMPANY JABALPUR(M.P.),R/O, W 5 AWHO COLONY, DRIGPAL VIHAR, KALINDIPURAM, PRAYAGRAJ, UTTAR PRADESH 211016 solemnly declare and affirm on oath under I am presently residing at the above mentioned address. In My Wife, Aadhar card my Wife Name (**LAXMI DUBEY**) which is true and correct but in my Army service Record my Wife Name is recorded (**LAKSHMI DEVI**) Which is incorrect. The true and correct Name of my Wife is (**LAXMI DUBEY**) and same Name shall be corrected in my Army service Record. For the above variation Name of my Wife this affidavit is being furnished.
CORRECT NAME
(LAXMI DUBEY)
INCORRECT NAME
(LAKSHMI DEVI)

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/242
दिनाकः- 15/01/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ग्लोरया एनीड बोरो पति स्व. श्री नयन कांत बोरो ने मकान नं. 1805/1 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 950 व.फु. शपथपत्र, मृत्यू प्रमाणपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/243
दिनाकः- 15/01/2024
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री देवाशीष नन्दी पिता श्री सचिन्द्रनाथ नन्दी (2) श्रीमती मौसमी नन्दी पति श्री देवाशीष नन्दी ने मकान नं. 288 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 800+785 व.फु., प्रथम तल 400+815 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/244
दिनाकः- 15/01/2024
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री पी. एम. सतीश पिता श्री पी. एम. बालन (2) श्रीमती कविता सतीश पति श्री पी. एम. सतीश ने मकान नं. 802 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 950 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/245
दिनाकः- 15/01/2024
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री दीपक रोहरा पिता स्व. श्री कन्हैया लाल रोहरा (2) श्रीमती रजनी रोहरा पति स्व. श्री कन्हैया लाल रोहरा ने मकान नं. 150 का भाग वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 135 शपथपत्र/मृत्यू प्रमाणपत्र/वसीयतनामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/246
दिनाकः- 15/01/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती उषा अग्रवाल पति स्व. श्री रतनचंद अग्रवाल ने मकान नं. 1526/4 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल 1200 व.फु.,भूतल 570 व.फु., प्रथमतल 570 व.फु. शपथपत्र/सहमति पत्र/मृत्यू प्रमाणपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

# वडनगर में पुरातत्व अनुभव संग्रहालय, प्रेरणा संकुल और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण आज

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे सैकड़ों करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाएं जनता को समर्पित, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से वडनगर के विकास का विजन हो रहा है साकार

**गांधीनगर। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 16 जनवरी, 2025 को मेहसाणा जिले के वडनगर शहर में सैकड़ों करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। पुरातत्व अनुभव संग्रहालय, प्रेरणा संकुल और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जैसे विकास कार्यों के साकार होने से वडनगर आने वाले पर्यटकों को एक नया अनुभव मिलेगा। गुजरात के प्राचीनतम जीवंत शहर वडनगर का इतिहास बहुत ही भव्य है। 2500 से अधिक वर्षों से लगातार आबाद रहने वाला यह शहर सात अलग-अलग राजवंशों के अधीन रहा है। वडनगर प्रमुख व्यापारिक मार्ग पर स्थित होने के कारण हिंदू, बौद्ध, जैन और इस्लाम धर्मों के संगम का एक जीवंत केंद्र था। यह शहर सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों का अनमोल खजाना है। अपनी तमाम ऐतिहासिक खूबियों के बावजूद अनजान सा रहा वडनगर उस वक्त देश और दुनिया के नक्शे पर चमक उठा, जब यहां की मिट्टी में पैदा हुए नरेन्द्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बने।**




### नए आकर्षणों के जरिए पर्यटकों को लुभाने के लिए तैयार है प्राचीन शहर वडनगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वडनगर के ऐतिहासिक महत्व और पर्यटन संभावनाओं को देखते हुए इससे जुड़ी परियोजनाएं शुरू करने के लिए प्रेरित किया।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से ही मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मार्गदर्शन में राज्य सरकार वडनगर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और संवारने तथा इस ऐतिहासिक नगर में बुनियादी तथा पर्यटन सुविधाएं विकसित करने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। वडनगर पर आईआईटी खड़गपुर, आईआईटी गुवाहाटी, आईआईटी गांधीनगर और आईआईटी रुड़की की ओर से व्यापक बहु-विषयक शोध शुरू किया गया है।

#### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से हुआ वडनगर का विकास-\

वडनगर में मौजूद पर्यटन संभावनाओं को ध्यान में रखकर उनके नेतृत्व में वडनगर में विभिन्न पर्यटन आकर्षण और पर्यटक सुविधाएं विकसित की गई हैं। श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में बौद्ध सर्किट का विकास हो रहा है, जिसका एक हिस्सा वडनगर से गुजरता है। गुजरात पुरातत्व विभाग को वडनगर में खुदाई के दौरान बौद्ध मठ के अवशेष मिले थे। नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से ही वडनगर रेलवे स्टेशन का विकास किया गया, ताकि पर्यटक वडनगर तक आसानी से पहुंच सकें। वडनगर के लगभग 4500 वर्ष पुराने शर्मिष्ठा तालाब का भी विकास किया गया है। पर्यटकों के लिए वहां बोटिंग की सुविधा भी विकसित की गई है और ओपन एयर थियेटर का भी निर्माण किया गया है।इसके अलावा, राग मल्हार गाकर तानसेन के शरीर की जलन को शीतलता प्रदान करने वाली वडनगर की दो बहनों ताना और रीरी की स्मृति में प्रतिवर्ष ताना-रीरी महोत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसकी शुरुआत भी तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 2003 में की थी। यह महोत्सव आज विश्व स्तर पर प्रसिद्धि प्राप्त कर चुका है, जिसमें प्रतिवर्ष शास्त्रीय संगीत से जुड़े कलाकारों को 'ताना-रीरी' अवॉर्ड भी दिया जाता है। इसके साथ ही, श्री नरेन्द्र मोदी ने वडनगर और उसके आसपास के क्षेत्र के लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वडनगर में अत्याधुनिक हॉस्पिटल भी शुरू कराया है। उनके प्रयासों से गुजरात का वडनगर पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। अब, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह वडनगर को तीन नए विकास कार्यों की भेंट देने जा रहे हैं।

#### पुरातत्व अनुभव संग्रहालय : 2500 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा का अनुभव

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह वडनगर में नवनिर्मित पुरातत्व अनुभव संग्रहालय का उद्घाटन करेंगे। यह भारत का अपनी तरह का पहला संग्रहालय है जिसे केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने राज्य के पुरातत्व और संग्रहालय निदेशालय के सहयोग से तैयार किया है। इस संग्रहालय का उद्देश्य यहां उत्खनन से प्राप्त पुरातात्विक वस्तुओं के माध्यम से वडनगर के बहुस्तरीय सांस्कृतिक इतिहास को उजागर करना और 2500 वर्षों से भी अधिक समय से इस शहर के निरंतर मानव विकास को प्रदर्शित करना है। इस संग्रहालय को पुल के माध्यम से जीवंत उत्खनन स्थल के साथ से जोड़ा गया है। 298 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से तैयार यह चार मंजिला संग्रहालय लगभग 12,500 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला है।संग्रहालय भवन में पुरातात्विक उत्खनन के दौरान प्राप्त 5000 से अधिक कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है, जिनसे वडनगर के 2500 वर्ष के इतिहास और प्राचीन ज्ञान भंडार का पता चलता है। दृश्य-श्रव्य फिल्मों और प्रदर्शनियों के साथ यह पुरातत्व अनुभव संग्रहालय इतिहास और संस्कृति के जिज्ञासुओं के लिए एक खास नजराना है।वडनगर के पुरातात्विक उत्खनन अवशेषों का अनुभव प्रदान करने के लिए एक स्थायी शेड और पर्यटक सुविधाओं का विकास किया गया है। संग्रहालय में विभिन्न समय अवधियों, कलाओं, शिल्पों और क्षेत्र की भाषा को प्रदर्शित करने वाली 9 विषयगत गैलरियां भी बनाई गई हैं।

#### 'प्रेरणा संकुल' : आधुनिक तकनीक के साथ-साथ नैतिक मूल्यों का पाठ

इसके साथ ही, केंद्रीय गृह मंत्री 72 करोड़ रुपए की लागत से तैयार 'प्रेरणा संकुल' राष्ट्र को समर्पित करेंगे। 'प्रेरणा संकुल' वडनगर के ऐतिहासिक प्राथमिक स्कूल भवन के जीर्णोद्धार की पहल है। 1888 में स्थापित इसी स्कूल में हमारे माननीय प्रधानमंत्री ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की थी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा इस स्कूल को भविष्य के आधुनिक शैक्षणिक संस्थान के रूप में विकसित किया गया है, जिसमें नई टेक्नोलॉजी के जरिए शिक्षा और नैतिक मूल्यों का अनूठा समन्वय है।

प्रेरणा संकुल का मुख्य उद्देश्य छात्रों और आम लोगों में विकास और परिवर्तन की भावना को प्रोत्साहित करना है। यह स्कूल युवाओं को उस राह पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है, जहां से प्रधानमंत्री की शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत हुई थी। स्टडी टूर के तहत देश के सभी जिलों से छात्र यहां एक सप्ताह के लिए पढ़ने आते हैं। अब तक देश के कई हिस्सों से छात्रों और शिक्षकों का 36 समूह पढ़ने के लिए आ चुका है, जिनमें 720 छात्र और 360 शिक्षक शामिल हैं। इस परिसर में पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम को आईआईटी गांधीनगर द्वारा डिजाइन किया गया है, जिसमें 9 मूल्य-आधारित विषय शामिल हैं।परिसर विकास कार्य:- अमित शाह वडनगर की विरासत को संरक्षित रखने के लिए शुरू किए गए परिसर विकास कार्य का अवलोकन करेंगे। इसके तहत अग्रभाग जीर्णोद्धार, सड़क निर्माण, इमारतों को पुनः उपयोग के लायक बनाना, पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए संकेत और गलियों के फर्नीचर के सुधार कार्य शुरू कर चार परिसरों में विरासत के संरक्षण और विकास की योजना बनाई गई है।परिसर विकास के माध्यम से धरोहर यात्रा मार्ग तैयार किया जाएगा, जो वडनगर के इतिहास का गहराई से अनुभव करने का अवसर प्रदान करेगा। 'प्रेरणा संकुल' इन सभी मार्गों का केंद्र बिंदु होगा, जहां सभी धरोहर यात्राएं समाप्त होंगी।

#### स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह वडनगर में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का भी उद्घाटन करेंगे। इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करना और एथलीटों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के साथ-साथ उनके विकास में मदद करना है। यह परिसर नई खेल प्रतिभाओं को सामने लाएगा। यहां पैरा स्पोर्ट्स कार्यक्रम, कार्यशालाओं और जागरूकता अभियानों का आयोजन कर दिव्यांग एथलीटों की भागीदारी को बढ़ावा देते हुए एक समावेशी खेल संस्कृति के विकास का प्रयास किया जाएगा।33.50 करोड़ रुपए के खर्च से विकसित इस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में विभिन्न प्रकार के इनडोर खेलों की सुविधाएं हैं। वहीं, आउटडोर सुविधाओं में 8 लेन वाला 400 मीटर सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक, एक एस्ट्रो टर्फ फुटबाल मैदान, कबड्डी, खो-खो और वॉलीबॉल का मैदान शामिल हैं। इसके अलावा, एक छात्रावास का निर्माण प्रगति पर है, जहां 100 युवकों और 100 युवतियों के रहने की व्यवस्था होगी।वडनगर दौरे के दौरान अमित शाह प्राचीन हाटकेश्वर मंदिर भी जाएंगे। 17वीं सदी का यह खूबसूरत नक्काशीदार मंदिर किसी समय में वडनगर के प्रमुख समुदाय 'नागर ब्राह्मणों' के कुल देवता हाटकेश्वर महादेव को समर्पित है। मंदिर की वास्तुकला और डिजाइन इस क्षेत्र की समृद्ध विरासत और परंपराओं को दर्शाती है।

---

**आईआईटी, एम्स, नीट-यूजी और ओलंपियाड में हर चौथा सफल विद्यार्थी एलन से**

# एलन स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट 19 जनवरी को

## एसेट में शामिल होकर 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप पाने का मौका

**कोटा।** एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में प्रवेश व प्रतिभा को प्रोत्साहन देने के लिए आयोजित किया जाने वाला एलन स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (ए-सेट) 19 जनवरी, रविवार को देशभर में होगा। परीक्षा में शामिल होकर स्टूडेंट्स एलन फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं।

एलन की ओर से 20 जनवरी तक एडमिशन लेने वाले स्टूडेंट्स को दोहरा लाभ दिया जा रहा है। जो स्टूडेंट्स 20 जनवरी तक एडमिशन लेते हैं उन्हें फीस में रियायत के रूप में लाभ दिया जा रहा है। इसके अलावा यदि वे ए-सेट देते हैं और इसमें भी उन्हें स्कॉलरशिप मिलती है तो ये

ALLEN CAREER INSTITUTE KOTA (RAJASTHAN) path to success

दोनों लाभ एक साथ लिए जा सकते हैं। कक्षा 11 से 12 में जाने वाले विद्यार्थियों की जेईई एडवास्ड की तैयारी के लिए एलन का एंथ्यूज बैच 20 जनवरी से शुरू हो रहा है। वहीं मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारी के लिए एंथ्यूज एडवांस बैच 3 फरवरी से शुरू हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 में हुई जेईई, नीट और ओलम्पियाड परीक्षाओं में एलन के बेहतर परिणाम रहे हैं। आईआईटी, एम्स, नीट-यूजी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लेने वाले और ओलम्पियाड में सफल होने वाला हर चौथा विद्यार्थी एलन से है।ए-सेट के माध्यम से हर स्ट्रीम का स्टूडेंट स्वयं का असेसमेंट कर सकता है। यह पेपर साइंटिफिक, एकेडमिक व साइकोलॉजिकल असेसमेंट के लिए तैयार किया जाता है, जिसमें बेस सब्जेक्ट व आईक्यू के प्रश्न होते हैं। पेपर के सांइटिफिक असेसमेंट के आधार पर स्टूडेंट को एलन द्वारा स्कॉलरशिप ऑफर की जाती है।

---

**रूस का यूक्रेन पर बड़ा मिसाइल हमला**

# रूकी बिजली आपूर्ति, कई शहर अंधेरे में डूबे, लोगों से अन्यत्र जाने की अपील की

एजेंसी ▶▶ कीव

रूस ने यूक्रेन पर बड़ा मिसाइल हमला किया है। इसके चलते यूक्रेन ने बचाव के लिए अपने कई शहरों में बिजली की आपूर्ति बंद कर दी है। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री हरमन हलुश्चेंको ने बुधवार को सोशल मीडिया फेसबुक पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि 'दुश्मन देश यूक्रेन के लोगों को डराने में लगा है।'मंत्री हलुश्चेंको ने लोगों से सुरक्षित पनाहगाहों में जाने की अपील की। यूक्रेन की सरकारी बिजली कंपनी यूक्रेनगो ने बताया कि कई शहरों में बिजली आपूर्ति रोक दी गई है। जिन इलाकों में बिजली आपूर्ति रोकी गई है, उनमें खारकीव, सूमी, पाल्टोवा, जापोराजिया आदि क्षेत्र शामिल हैं। रूस ने बुधवार सुबह को मिसाइलों से हमला किया। इन हमलों में यूक्रेन के पश्चिमी लीव क्षेत्र में ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाया गया। लीव शहर के मेयर ने यह जानकारी दी। हालांकि इस हमले में किसी तरह से बड़े नुकसान की खबर नहीं है।



**अगले माह युद्ध को 3 साल पूरे**

यूक्रेन की वायुसेना ने भी रूस की तरफ से कई मिसाइलें दागे जाने का दावा किया है। हालांकि अभी तक किसी बड़े नुकसान का कोई दावा नहीं किया गया है। रूस द्वारा लगातार यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे पर हमले किए जा रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध को अगले महीने तीन साल का समय पूरा हो जाएगा।

---

# पृथ्वी के अंदर छिपे रहस्य का वैज्ञानिकों ने लगाया पता, 5000 डिग्री सेल्सियस तापमान में मौजूद है एक और परत, खुलासा



**कैनबरा।** ज्यादातर लोग जमीन के बारे में बहुत नहीं सोचते हैं, लेकिन वैज्ञानिकों ने पृथ्वी के अंदर छिपे ऐसे रहस्य का पता लगाया है, जो कई मान्यताओं को बदलकर रख सकता है। शोध में पाया गया है कि वास्तव में पृथ्वी की आंतरिक कोर के भीतर भी एक या उससे अधिक कोर मौजूद हैं। ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी के भूभौतिक शास्त्री जोआन स्टीफेंसन और उनके सहयोगियों ने पाया कि पृथ्वी के आर्तंरिक कोर में दो अलग-अलग परतें हो सकती हैं।

### पृथ्वी के अंदर क्या है?

स्टीफेंसन ने कहा, 'हमें ऐसे सबूत मिले हैं जो लोहे की संरचना में बदलाव का संकेत दे सकते हैं, जो पृथ्वी के इतिहास में शायद दो अलग-अलग शीतलन घटनाओं का सुझाव देते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि 'इस बड़ी घटना का विवरण अभी भी थोड़ा रहस्यपूर्ण है, लेकिन जब पृथ्वी के आंतरिक कोर के बारे में हमारे ज्ञान की बात आती है, तो हमने पहेली का एक और टुकड़ा जोड़ दिया है।' शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में वैश्विक भूकंपों और रिसीवरों के वितरण की कमी का जिक्र किया है और कहा कि यह लापता डेटा उनके निष्कर्षों को निश्चितता को सीमित करता है।

### 5000 डिग्री है आंतरिक कोर का तापमान

वैज्ञानिकों के अनुसार, पृथ्वी की आंतरिक कोर इसके कुल आयतन का केवल 1 प्रतिशत है, जिसका तापमान 5000 डिग्री सेल्सियस से अधिक है। हालांकि, कुछ साल पहले स्टीफेंसन ने पाया कि आंतरिक कोर में दो अलग-अलग परतें हो सकती हैं। उन्होंने कहा, 'यह बहुत रोमांचक है और इसका मतलब यह हो सकता है कि हमें स्कूल की किताबों को फिर से लिखना होगा।' शोध के दौरान टीम ने एल्गोरिदम का उपयोग करते हुए आंतरिक कोर के हजारों मॉडलों का मिलान कई दशकों के दौरान देखे गए आंकड़ों से किया। इन आंकड़ों में भूकंपीय तरंगों के पृथ्वी से होकर गुजरने के समय की जानकारी थी, जिसमें अंतरराष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने एकत्र किया था।

---

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** — परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** — संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** — किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** — आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते

**मीन** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

---

# 'अमीर' होकर पछताया लड़का बताए साइड इफेक्ट्स

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में एडिलेड के रहने वाले 22 साल के जेडेन ने सोशल मीडिया पर अपनी कहानी बताई है। उसने बताया कि जब वो 12 साल का था, तब उसका परिवार अचानक से अमीर हो गया। उसके मुताबिक वो अपने भाई-बहनों के साथ स्कूल से जब लौटा, तो मम्मी ने उन्हें सरप्राइज़ दिया। मम्मी ने बताया कि उन्होंने लॉटरी जैकपॉट जीत लिया है और वे अमीर हो गए हैं।

**बेटे को नहीं हुई खुशी :** जेडेन ने बताया कि वो गरीब से अचानक अमीर हो गए थे, लेकिन उसे इससे शर्मिंदगी महसूस हो रही थी। उसे अपने परिवार की इस जीत के बाद दोषी और काफी अलग-थलग महसूस होने लगा। हम बच्चों पर इसका बहुत असर हुआ था। उनके परिवार को भी कई बार अलग-थलग महसूस होता था और हाई सोसायटी में एडजस्ट करने में दिक्कत होती थी। खासतौर पर जेडेन को अमीर होने की वजह से अपराध बोध होता था। आखिरकार वो बड़ा होकर लॉस एंजिल्स में शिफ्ट हो गया, तब पता चला कि वे इतने अमीर नहीं थे, वे सिर्फ अच्छी जिंदगी जी पा रहे थे, क्योंकि यहां अलग ही किस्म के लोग थे।



---

**मार्शल लॉ ऐलान से जुड़ा मामला**

# दक्षिण कोरिया में महाभियोग झेल रहे राष्ट्रपति यून येओल गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ सियोल

दक्षिण कोरिया में महाभियोग का सामना कर रहे राष्ट्रपति यून सुक येओल को गिरफ्तार कर लिया है। दक्षिण कोरियाई अधिकारियों ने 3 दिसंबर को मार्शल लॉ के ऐलान से जुड़े मामलों में कार्रवाई की है। इससे पहले सुबह-सुबह 3,000 से अधिक पुलिस अधिकारी और भ्रष्टाचार विरोधी जांचकर्ता येओल के आवास के पास इकट्ठा हुए। इस दौरान येओल के समर्थक और सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी के सदस्य सुरक्षाबलों से भिड़ते देखे गए।

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**

---

## आवश्यकता

आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐं - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 9899306231 (रायपुर /18 /जनवरी 25)

आवश्यकता है - जरूरतमंद लोग की आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित/बेरोजगार जरूरतमंद लड़के-लड़कियाँ हाउसवाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम/फुलटाइम 35,500/- से 45,500/- महीना कमाएं ( जरूरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC -2150/- +91 8602999284 (भोपाल /15 /जनवरी 25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

---

## शब्द पहेली - 5749



**बाएँ से दाएँ**

1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

**ऊपर से नीचे**

2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

**शब्द पहेली- 5748 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | ■ | म | त | वा | ला |
| ह | रा | ■ | त | ■ | का | म | ना | ■ | दा | वा |
| न | ■ | बे | र | ह | म | ■ | ना | रा | ■ | रि |
| शी | ल | वा | न | ■ | या | द | ■ | नी | र | स |
| ल | ■ | प | ■ | ख | ब | र | ची | ■ | न | ■ |
| ता | र | न | हा | र | ■ | का | न | भ | र | ना |
| ■ | म | ■ | र | ह | ब | र | ■ | यं | ■ | प |
| प्र | ण | य | ■ | रा | हु | ■ | ब | क | वा | स |
| ति | ■ | दा | स | ■ | बे | क | रा | र | ■ | न्द |
| का | न | ■ | चि | रा | ग | ■ | म | ■ | क | हो |
| र | म | जा | न | ■ | म | द | द | क | र | ना |

---

## सूडोकु नवताल- 5760

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5759 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |



## लेते रहें ओमेगा थ्री फैटी एसिड
# कई बीमारियों से होगा बचाव



शरीर में विटामिंस, कैल्शियम की तरह ही ओमेगा-3 फैटी एसिड की भी आवश्यकता होती है। इसकी कमी से कई समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर फूड्स को आप अपनी डाइट में जरूर शामिल करें।

**डाइट सजेशन**
चेतना झा

शरीर में ओमेगा-3 फैटी एसिड की कमी कई समस्याओं का कारण बनती है। इससे थकान, याददाश्त कमजोर होना, ड्राई स्किन, दिल के रोग, मूड स्विंग, तनाव, ब्लड सर्कुलेशन का बिगड़ना जैसे गंभीर लक्षण महसूस हो सकते हैं। यह मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। पुरुषों के लिए रोजाना 1,600 मिलीग्राम और महिलाओं के लिए 1,100 मिलीग्राम की मात्रा में इसकी आवश्यकता होती है।

### ये होते हैं फायदे

ओमेगा-3 फैटी एसिड आपकी त्वचा को मुलायम, नमी से युक्त और झुर्रियों से मुक्त रखता है। त्वचा को डिहाइड्रेट होने से बचाता है। यह मुंहासों को आने से रोकता है। इतना ही नहीं यह सूर्य की रोशनी से त्वचा को होने वाले नुकसान से रक्षा करता है। गर्भावस्था के दौरान ओमेगा-3 फैटी एसिड के सेवन से गर्भवती महिलाओं के साथ-साथ गर्भस्थ शिशु का शरीर भी निरोग रहता है। हृदय संबंधी रोगियों के लिए ओमेगा-3 फैटी एसिड वरदान की तरह है। ओमेगा-3 फैटी एसिड में भरपूर फाइबर होता है। इसके सेवन से पेट भरा-भरा महसूस होता है और अधिक भोजन ग्रहण करने से हम बचते हैं। इस तरह मोटापा कम करने में सहायक है। आंखों की रेटिना, ओमेगा थ्री के नियमित सेवन से स्वस्थ रहती हैं। ओमेगा 3 फैटी एसिड हाई ब्लड प्रेशर को कम करता है और गुड कोलेस्ट्रॉल (एचडीएल) के लेवल को बढ़ाता है। रक्त के थक्के बनने से रोकता है। यह सूजन को कम करता है और धमनियों के कार्य को गतिशील रखता है। टाइप 1 डायबिटीज में भी ओमेगा-3 फैटी एसिड राहत दिलाता है। शरीर में ओमेगा-3 फैटी एसिड की कमी से आंत संबंधी रोग, भूलने की बीमारी (अल्जाइमर) जैसी बीमारियां भी हो सकती हैं। यह लिवर को फैटी होने से रोकने में मदद पहुंचाता है। इसके साथ ही लिवर की सूजन को भी कम करता है। ओमेगा-3 फैटी एसिड हड्डियों में कैल्शियम की मात्रा बढ़ाता है। इससे ऑस्टियोपोरोसिस का जोखिम कम होता है। यह जोड़ों के दर्द में कमी लाता है और मांसपेशियों को मजबूती देता है।

### ओमेगा-3 फैटी एसिड के स्रोत

अब जान लेते हैं कि किन फूड आइटम्स में यह पाया जाता है?

**चिया सीड्स:** चिया सीड्स ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होती है। 28 ग्राम चिया सीड्स में 5,050 मिलीग्राम ओमेगा-3 पाया जाता है।

**अखरोट:** अखरोट में एएलए ओमेगा-3 फैटी एसिड होता है। 28 ग्राम या लगभग 14 अखरोट में 2,570 मिलीग्राम ओमेगा-3 पाया जाता है।



**अलसी:** अलसी ओमेगा-3 फैटी एसिड का खजाना है। इसे तेल, चटनी आदि रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। 10.3 ग्राम अलसी के बीज में 2,350 मिलीग्राम ओमेगा-3 पाया जाता है।

**सोयाबीन:** सोयाबीन में ओमेगा-3 फैटी एसिड बहुत अधिक होता है। 1/2 कप (47 ग्राम) सूखे भुने हुए सोयाबीन में 670 मिलीग्राम ओमेगा-3 फैटी एसिड होता है।

**अन्य स्रोत:** इनके अलावा सरसों, मेथी के बीज, काला चना, लाल राजमा, सहजन की पत्तियां, पालक आदि भी ओमेगा-3 फैटी एसिड के मुख्य शाकाहारी स्रोत हैं। वहीं ओमेगा-3 के मांसाहारी स्रोत में अधिक वसा वाली मछलियां जैसे कि सैल्मन, टूना आदि शामिल हैं। *

**(सीनियर डायटीशियन डॉ. मनीषा घई से बातचीत पर आधारित)**

---

अकसर कम तापमान, धूप की कमी, छोटे दिन और लंबी रातें होने की वजह से सर्दियों में मानसिक स्थिति में उतार-चढ़ाव बहुत ज्यादा होता है। अवसाद, चिड़चिड़ापन और अनावश्यक तनाव से बचने और हैप्पी रहने के लिए अपनाएं कुछ खास उपाय।

# सर्दी के मौसम में मन रहेगा हैप्पी

**हेल्थ सजेशन**
शिखर चंद जैन

सर्दी के मौसम में कुछ लोग बहुत डल या कहें लो फील करते हैं। इससे बचाव के लिए आप कुछ आसान उपाय आजमा सकते हैं।

### फोटो थेरेपी है इफैक्टिव

प्रकाश चिकित्सा में, जिसे फोटो थेरेपी भी कहा जाता है, आप एक विशेष प्रकाश बॉक्स से कुछ फीट की दूरी पर बैठते हैं ताकि आप प्रत्येक दिन जागने के पहले घंटे के भीतर उज्वल प्रकाश के संपर्क में आ सकें। प्रकाश चिकित्सा नेचुरल लाइट्स की नकल करती है और मूड से जुड़े मस्तिष्क रसायनों में बदलाव लाती है।

### आजमा सकते हैं आर्ट थेरेपी

मस्तिष्क में डोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे फील गुड न्यूरोट्रांसमीटर बढ़ाने के लिए मनोवैज्ञानिक और व्यवहार विशेषज्ञ इन दिनों आर्ट और क्रिएटिव थेरेपी का इस्तेमाल कर रहे हैं। मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त करने के लिए यह एक प्रभावी तकनीक है। कई अध्ययनो में पता चला है कि कला से जुड़ी गतिविधियां, मस्तिष्क में फील गुड हारमोंस का स्राव बढ़ाती हैं। आप चाहें तो पेंटिंग या ड्रॉइंग जैसी गतिविधियों में इंवॉल्व हो सकते हैं।

### कलर थेरेपी



मूड स्विंग जैसी समस्याओं में बेहद कारगर है कलर थेरेपी। ऐसा न सिर्फ हमारे पूर्वजों और कुदरती चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना था बल्कि आधुनिक मनोवैज्ञानिकों का अध्ययन भी इसका समर्थन करता है। रंग चिकित्सा उपचार का बेहद प्राचीन तरीका है। आज की भाषा में इसे क्रोमोथेरेपी कहते हैं। रिसर्च बताते हैं कि पीले और नारंगी रंग दिमाग में सेरोटोनिन नामक फील गुड हार्मोन का स्तर बढ़ाते हैं। इससे मूड बेहतर होता है, शरीर में पॉजिटिव एनर्जी बढ़ती है तथा क्रिएटिविटी के लिए मोटिवेशन मिलता है। आपको अपने घर में सूर्य की रोशनी से मिलते-जुलते पीले नारंगी रंगों का उपयोग करना चाहिए या वैकल्पिक रूप से आप क्रोमोथेरेपी लैंप भी आजमा सकते हैं।

### फॉरेस्ट बाथिंग



हम दिनों दिन कुदरत से दूर होते जा रहे हैं। पहले हमारे घरों के बाहर और आस-पास भरपूर हरियाली व पेड़-पौधे होते थे। इस कमी से बचने के लिए जापान, फिनलैंड, अमेरिका और साउथ कोरिया में फॉरेस्ट बाथिंग की परंपरा है। लेकिन फॉरेस्ट बाथिंग की शुरुआत सबसे पहले सन 1980 में जापान में एक मनोवैज्ञानिक अभ्यास के रूप में हुई। जापानी भाषा में इसे शिनरिन योकू कहा जाता है। इसमें प्रकृति के साथ सीधा जुड़ाव होता है। इसमें लोगों को पक्षियों की आवाज सुनने, पेड़ों को गले लगाने और उनकी महक को महसूस करने के लिए प्रेरित किया जाता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि जंगल की हवा में पेड़ों से निकलने वाले प्राकृतिक रसायन फाइटोसायनाइड होते हैं, जो तनाव के हार्मोन को कम करते हैं। इसके अलावा ये खुशी बढ़ाने वाले सेरोटोनिन हार्मोन का लेवल बढ़ाते हैं। प्रकृति के बीच बिताया गया समय मन की शांति और स्थिरता लाने वाली मस्तिष्क की अल्फा वेव्स को सक्रिय करता है। यह थेरेपी दिल की धड़कन को भी दुरुस्त करती है। अध्ययन में सामने आया कि इससे तनाव कम रहता है और जीवन की गुणवत्ता बेहतर होती है।

### बायोयूरल बीट्स थेरेपी



अलग-अलग फ्रीक्वेंसी की बीट्स सुनने से मूड स्थिर होता है। कई अध्ययनों में पता चला है कि अलग-अलग फ्रीक्वेंसी की ध्वनि तरंगों को सुनना मन को सुकून देने वाला होता है। विभिन्न फ्रीक्वेंसी की ध्वनि तरंगों को सुनने से मस्तिष्क एक नई फ्रीक्वेंसी प्रोसेस कर लेता है। यह प्रक्रिया मस्तिष्क की तरंगों को अल्फा, बीटा, थीटा या डेल्टा स्टेट में लाती है। अल्फा तरंगों से मन शांत होता है, जबकि थीटा तरंगों से भावनात्मक संतुलन बढ़ता है। इन्हें रेग्युलर सुनने से न्यूरोलॉजिकल संतुलन बेहतर होता है। आप चाहें तो मन को सुकून देने के लिए अल्फा या थीटा फ्रीक्वेंसी पर आधारित बीट्स सुन सकते हैं।

इन सरल उपायों से सर्दी के इस मौसम में आपका मन उदास नहीं होगा। *

---

**सीजनल डिजीज**

# मौसमी रोगों में प्रभावी आयुर्वेदिक औषधियां



सर्दी जैसे-जैसे बढ़ रही है, लोगों में जुकाम, खांसी और श्वसन संबंधित समस्याएं भी काफी देखी जा रही हैं। वहीं दूसरी तरफ प्रदूषण के बढ़ते स्तर के कारण भी यह समस्या और गंभीर होती जा रही है। इस दौरान एलर्जी के कारण भी संक्रमण और तेजी से फैलता है। इस मौसम में खांसी, निमोनिया, रेस्पिरेटरी सिन्सिटियल वायरस से होने वाला संक्रमण, फ्लू और प्रदूषण से होने वाली समस्याएं काफी बढ़ रही हैं। इनसे बचाव के लिए श्वसन संबंधित स्वास्थ्य और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे में आयुर्वेद के विशेषज्ञ इस मौसम में स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं से बचाव के लिए सबसे पहले शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के महत्व पर जोर देते हैं।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएं:** प्रवेक कल्प के आयुर्वेद विशेषज्ञ और कंसल्टेंट, **डॉ. जीएस तोमर** के अनुसार, 'हमें रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले उपायों और दवाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता है, क्योंकि वे लंबे समय तक आपको स्वस्थ रखते हैं। आयुर्वेद उपचार पद्धति में शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया जाता है, जिसके कारण ना सिर्फ आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है बल्कि प्रदूषण और मौसम में परिवर्तन के कारण जो श्वसन संबंधित समस्याएं आती हैं, उससे बचाव में भी मदद मिलती है।'

**ये औषधियां हैं कारगर:** आयुर्वेद विशेषज्ञों के अनुसार, शाकाहारी सिल्वर वरक, शुद्ध केसर, मुक्ता पंचामृत और शुद्ध शहद जैसी आयुर्वेदिक औषधियां हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता तो बढ़ाती ही हैं, साथ ही ये औषधियां श्वसन स्वास्थ्य के लिए विशेष रूप से फायदेमंद हैं। **डॉ. तोमर** कहते हैं, 'सिल्वर वरक अपने कायाकल्प गुणों के लिए जाना जाता है। शुद्ध केसर जीवन शक्ति को बढ़ाता है। मुक्ता पंचामृत, श्वसन स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। शुद्ध शहद ऊर्जा को बढ़ाता है और एक प्राकृतिक प्रतिरक्षा बढ़ाने वाले के रूप में कार्य करता है। खांसी और जुकाम के लिए कफ कल्प या प्रतिरक्षा बढ़ाने के लिए रजतप्राश जैसे आयुर्वेदिक फॉर्मूलेशन का दैनिक सेवन कई लाभ प्रदान करता है। ये मौसमी संक्रमणों से लड़ने के लिए प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करते हैं, खांसी, जुकाम और अन्य श्वसन समस्याओं को कम करने में मदद करते हैं। ये प्रदूषण से होने वाली एलर्जी से भी राहत प्रदान करते हैं।' ***प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

---

**मौसमी फल**

# स्वादिष्ट-गुणकारी अमरूद



अमरूद को कुदरत ने कई स्वास्थ्यवर्धक गुणों से भरपूर किया है। प्रांतीय भाषाओं में यह अनेक नामों से प्रसिद्ध है। जैसे जामफल, पेरु, सफरी, लताम और अमरूद। आयुर्वेद के विद्वानों ने उत्तम स्वास्थ्य के लिए फलों का सेवन उपयोगी बताया है। अन्य फलों की तरह ही अमरूद को भी स्वास्थ्यवर्धक और गुणकारी फल माना जाता है। अपने स्वाद और गुणों के कारण ही यह आम लोगों का प्रिय फल माना जाता है। जाड़ों में इसकी पैदावार खूब होती है। एक दूसरी जाति के अमरूद के अंदर का हिस्सा लाल होता है, जो अधिक गुणकारी होता है। इसमें कई जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं जैसे- प्रोटीन, खनिज लवण, कार्बोहाइड्रेट, कैल्शियम, फास्फोरस और आयरन आदि। इसके बीजों में आयरन की मात्रा अधिक होती है। अमरूद खाते समय इसके बीजों को फेंकने के बजाय खूब चबा-चबा कर खाना चाहिए। इससे विटामिन सी की प्राप्ति होती है। लेकिन अगर अमरूद ज्यादा खा लें तो तुरंत हजम करने के लिए जरा सी सौंफ या गुड़ खाने से शीघ्र लाभ मिलता है। बच्चों को अमरूद खिलाते समय ध्यान रखें कि इसको बीज, छिलके समेत चटनी की तरह खूब पीस कर खिलाना हितकर है। यह भी ध्यान रखें कि अमरूद कच्चा न हो और छील कर भी न खाया जाए। नहीं तो कब्ज हो सकता है।

**कई तरह से लाभकारी:** जिनको हाथ-पैरों में जलन महसूस होती हो उनको भोजन के बाद अमरूद अवश्य खाना चाहिए। जो लोग कब्ज से परेशान हैं, उनके लिए भोजन से पहले अमरूद खाना लाभकारी है।

गठिया रोग से ग्रस्त लोगों को दर्द से राहत के लिए इसको खूब पीस कर जोड़ों पर लेप लगाना चाहिए। दांत दर्द, मसूड़ों की परेशानी में इसके पत्ते चबाने और पत्तों का काढ़ा बनाकर जरा सी फिटकरी मिला कर कुल्ला करने से खून आना बंद होता है। किसी भी प्रकार का सिर दर्द हो तो इसको पत्थर पर पीस कर सिर पर लेप लगाना लाभकारी है। लेकिन यह लेप सूरज निकलने से पहले करना जरूरी है। पुराना घाव जो भरता न हो तो इसकी जड़ का काढ़ा बनाकर घाव धोना लाभकारी है। खांसी-जुकाम हो तो भूभल में इसको भून कर नमक लगा कर खाना हितकर है। भांग या धतूरे का नशा दूर करने के लिए अमरूद खिलाना और इसके पत्तों का रस पिलाना लाभकारी है। यहां बताए गए उक्त सभी उपचार-उपाय सामान्य हैं। प्रयोग करने से पहले अपने स्थानीय वैद्यजी या आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य करें। *

**-वैद्य हरिकृष्ण पांडेय 'हरीश'**

---



**डॉक्टर्स सजेशन**
डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# खतरनाक नहीं है एचएमपीवी संक्रमण



**मेरी उम्र 61 वर्ष है। इन दिनों एचएमपीवी संक्रमण के बारे में खबरें आ रही हैं। क्या यह बहुत खतरनाक है? इससे बचने के लिए हमें क्या सावधानियां बरतनी चाहिए?**

**-राम आसरे, जबलपुर**

यह वायरस सर्दी-जुकाम जैसे लक्षण उत्पन्न करने वाला है। इसलिए इससे घबराने की जरूरत नहीं है। अभी तक जो रिपोर्ट्स आ रही हैं, उससे पता चलता है कि यह कोरोना जितना खतरनाक भी नहीं है। लेकिन सर्दी के इस मौसम में आप इससे बचने की कोशिश करें। ध्यान रखें, ज्यादा एक्सपोजर न हो। घर से बाहर निकलें तो सिर और कान कवर करके ही निकलें। कोशिश करें कि सुबह और शाम जब ठंड अधिक हो तो घर से बाहर न निकलें।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। मैं जब सीढ़ी चढ़ता हूं या थोड़ा भी तेज चलता हूं तो सांस फूलने लगती है। क्या ऐसा हार्ट प्रॉब्लम की निशानी है? प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-जगतवीर, झज्जर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा ही लग रहा है कि आपको या तो हार्ट संबंधी समस्या होगी या फिर सांस रोग से संबंधित कोई प्रॉब्लम है। इसलिए आप इसमें लापरवाही न बरतें और तुरंत हार्ट रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। वे ईको और टीएमटी कराकर यह पता लगाएंगे कि क्या वाकई हार्ट की प्रॉब्लम है। उसके बाद ट्रीटमेंट शुरू होगा।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। सर्दी में जब भी मुझे जुकाम होता है तो उसके ठीक होने के बाद कई दिनों तक सूखी खांसी आती रहती है। ऐसा क्यों होता है? इसका कोई स्थाई उपचार बताएं।** **-जतिन, कांकेर**

इस तरह की समस्या कई लोगों में देखी जाती है। इसका कारण एलर्जी होती है, जिससे सर्दी शुरू होते ही खांसी बढ़ जाती है। इसके लिए आप सुबह और शाम गुनगुने पानी से गरारा करें और दिन में गर्म पानी पिएं। इसके अलावा आप ठंडा पानी या फ्रिज में रखी ठंडी चीजें न खाएं। खट्टी चीजें खाने से भी परहेज करें। इस तरह आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 39 वर्ष है। मुझे कई वर्षों से माइग्रेन की समस्या है। वैसे तो यह दर्द महीने-डेढ़ महीने में उभरता है। लेकिन जाड़े के मौस्म में सप्ताह में हर दूसरे-तीसरे दिन होता है। इससे राहत का कृपया प्रभावी उपचार बताएं।**

**-अविरल, भिलाई**

माइग्रेन की समस्या से राहत पाने के लिए थोड़ा आपको ध्यान रखना चाहिए। यानी उन चीजों से बचना चाहिए, जिनसे आपको लगता है कि माइग्रेन शुरू हो जाता है। जैसा कि आप बता रहे हैं सर्दी के मौसम में आपको माइग्रेन अधिक होता है, इसका सीधा अर्थ है आपको सर्दी से बचना चाहिए। इस मौसम में कम से कम एक्सपोजर करें। इसके अलावा अगर घर से बाहर निकलना पड़ रहा है तो आप पूरी तरह से वूलेन कपड़े पहन कर ही निकलें। सिर और कान ढंक कर निकलें। कोशिश करें मुंह-नाक पर मास्क लगाकर निकलें। इस तरह बचाव करने से ही आपको माइग्रेन से राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 57 वर्ष है। मेरी किडनी में 3 मिमी के कुछ स्टोंस हैं। कभी-कभी बहुत पेट दर्द होता है। क्या ऑपरेशन करवाना पड़ेगा या यूरीन से यह निकल सकता है?**

**-महेंद्र, ईमेल से**

आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। क्योंकि ट्रीटमेंट इस बात पर डिपेंड करता है कि किस जगह स्टोन है? डॉक्टर अल्ट्रासाउंड करा कर पता करेंगे और उसके बाद ही ऑपरेशन करने पर निर्णय लेंगे। लेकिन इसके चेकअप में आप देर न करें। जल्द डॉक्टर से संपर्क करें। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

---

सर्दी के मौसम में कई वजहों से लोग हाई बीपी से ग्रस्त हो जाते हैं। इससे कई तरह के हेल्थ रिस्क बढ़ सकते हैं। ऐसे में जरूरी है कि उन कारणों से बचा जाए, जो बीपी को हाई करते हैं। साथ ही डॉक्टर से कंसल्ट कर होम्योपैथिक दवा का भी सेवन कर सकते हैं।

# सर्दियों में हाई बीपी कर सकते हैं कंट्रोल

**ट्रीटमेंट**
डॉ. एम. डी. सिंह
होम्योपैथ स्पेशलिस्ट



आमतौर पर सर्दी के मौसम में बीमारियां कम होती हैं। खासतौर से बैक्टीरिया और पैरासाइट्स के कारण उत्पन्न होने वाली बीमारियां इस मौसम में कुछ कम हो जाती हैं। लेकिन कई लोगों को हाई बीपी की प्रॉब्लम घेर लेती है।

**हाई बीपी के कारण:** ठंड के कारण धमनियों का संकुचित हो जाना, जिससे रक्त के प्रवाह को सामान्य बनाए रखने के लिए हार्ट को अधिक कार्य करना पड़ता है। रक्त में गाढ़ापन और कभी-कभी थक्के बनना। इससे भी शिराओं और धमनियों में रक्त संचार धीमा और बलपूर्वक होने लगता है, जो ब्रेन, हार्ट, किडनी और फेफड़े चारों के लिए घातक है। धमनियों में अवरोध के कारण मस्तिष्क में रक्त संचार की कमी। जिसके कारण मस्तिष्क सुस्त होने लगता है। जिसकी पूर्ति ब्रेन, हार्ट रेट और रक्त संचार को बढ़ाकर करता है। पसीने से नमक काफी अधिक मात्रा में शरीर से बाहर जाता है। लेकिन जाड़े के मौसम में पसीना नहीं निकलता, जिसके कारण भी नमक का कंसंट्रेशन रक्त में बढ़ जाता है, जो उच्च रक्तचाप का एक प्रमुख कारण है। जाड़े के मौसम में ठंड और आलस्य के कारण लोग लिहाफ से बाहर नहीं निकलना चाहते। वार्मअप, व्यायाम और योगासन जैसी जरूरी और रक्त संचार को सक्रिय रखने वाली प्रक्रियाएं घट जाती हैं, जो रक्त के जमाव को प्रोत्साहित करती हैं। फलस्वरूप उच्च रक्तचाप बढ़ जाता है। जाड़े में स्पाइसी और तैलीय भोजन का प्रयोग बढ़ने से लिवर फंक्शन प्रभावित होता है। रक्त वाहिकाओं में कोलेस्ट्रॉल का जमाव होने लगता है, जो रक्तचाप को बढ़ावा देता है।



**हाई बीपी के दुष्प्रभाव:** रक्तचाप के बढ़ जाने से मस्तिष्क की धमनियां फट सकती हैं। जाड़े के दिनों में मॉर्निंग वॉक या टॉयलेट में इसे अकसर होते हुए पाया जाता है।

- रक्त के थक्के जम जाने, कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ जाने, अथवा हार्ट को जमे हुए रक्त को संचालित करने के लिए ज्यादा काम करना पड़ता है। जिसके कारण उसके मस्कुलेचर को कोरोनरी आर्टरी प्रचुर मात्रा में रक्त प्रदान नहीं कर पाती। यही एंजाइना, हार्ट ब्लॉक और हार्ट अटैक का कारण बनता है।
- मस्तिष्क की अति सक्रियता के कारण अमाशय में एचसीएल और पेप्सिन का स्राव बढ़ जाता है, जो हाइपरएसिडिटी का कारण बनता है और पाचन को प्रभावित करता है।
- सिर दर्द, अवसाद, बेचैनी, चिड़चिड़ापन और बात-बात पर गुस्सा करना।

**बचाव के उपाय:** आप इन उपायों पर अमल करें-

- यथासंभव खुद को ठंडक से बचाइए।
- सुबह वार्म अप करके ही बाहर टहलने निकलें।
- रोज सुबह घर में ही व्यायाम किया जाए।
- सुबह पूरे शरीर में तेल की मालिश कर यदि संभव हो तो कुछ समय तक धूप का सेवन करें।
- हंसने और खिलखिलाने से परहेज न करें। इससे अवसाद से बच सकेंगे।
- हरी सब्जियों, सलाद, फल और दूध का सेवन करें।
- शहद का सेवन करें। भोजन में नमक की मात्रा कम करें।
- गर्म वस्त्रों और अन्य साधनों से शरीर के तापमान को नियंत्रित रखें।
- भोजन में विटामिन डी, ए, सी और बी12 को जरूर शामिल करें।
- फास्ट फूड और अत्यधिक तैलीय भोजन से बचें।

**होम्योपैथिक दवाएं:** अपने होम्योपैथिक डॉक्टर से कंसल्ट कर एकोनाइट, जेल्सीमियम, आरम मेटालिकम, बेराइटा म्यूर, आर्सेनिक एल्ब, लैकेसिस, थूजा, क्रेटेगस आक्स, आर्निका मांट, जिंजिबर, वेरेट्रम विरिडी, राउल्फिया सर्पेंटाइना, ऐड्रीनलिन और इग्नेशिया में से किसी दवा का सेवन कर सकते हैं। किसी भी दवा का अपने मन से सेवन कभी न करें। *

**-सेहत फीचर्स**

भारतीय टीम ने 435 रन बनाकर खड़ा किया अपना सबसे बड़ा स्कोर

# भारत की 'स्मृति' का सबसे तेज शतक, 3-0 से जीती वनडे सीरीज, प्रतिका 150 पार, आयरलैंड को 304 रनों से रौंदा

राजकोट। भारतीय महिला टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 70 गेंद में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड बना दिया। इसके अलावा प्रतिका रावल के पहले सैकड़े के दम पर भारत ने कई रिकॉर्ड बनाते हुए आयरलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में 304 रन की अपनी सबसे बड़ी जीत से श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की। स्मृति 135 रन बनाकर सबसे तेज शतक जड़ने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं। प्रतिका ने 129 गेंद में 154 रन की पारी खेली। कार्यवाहक कप्तान स्मृति और प्रतिका ने पहले विकेट के लिए 26.4 ओवर में 233 रन की साझेदारी निभाई।



### सबसे बड़ा स्कोर

भारत ने पांच विकेट पर 435 रन बनाए जिससे टीम 50 ओवर के प्रारूप में अब तक के अपने सर्वोच्च स्कोर तक पहुंची। यह किसी भी (पुरुष और महिला) भारतीय टीम का वनडे में सर्वोच्च स्कोर है। वनडे में भारतीय पुरुष टीम का सबसे बड़ा स्कोर पांच विकेट पर 418 रन है जो उसने 2011 में इंदौर में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था। भारत ने आयरलैंड को 31.4 ओवरों में सिर्फ 131 रन पर ढेर कर दिया।

### पहली बार 400 पार

भारतीय महिला टीम पहली बार 400 रन के आंकड़े तक पहुंची। इससे टीम ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के साथ एलीट सूची में शामिल होने में कामयाब रही। यह महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चौथा सर्वोच्च स्कोर भी है।

### स्मृति का 10वां सैकड़ा



स्मृति ने सिर्फ 70 गेंद पर अपना 10वां वनडे शतक जड़ा। अपनी इस शानदारी पारी की मदद से स्मृति ने हरमनप्रीत कौर के पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 87 गेंद पर बनाए गए शतक को भी पीछे छोड़ दिया।

### 200 रन की साझेदारी



स्मृति-प्रतिका के बीच 233 रन की साझेदारी से यह जोड़ी महिला वनडे में 200 रन की भागीदारी करने वाली चौथी भारतीय जोड़ी बन गई। पिछली बार दीप्ति शर्मा और पूनम राउत ने 2017 में आयरलैंड के खिलाफ पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड 320 रन की साझेदारी निभाई थी।

### सबसे बड़ी जीत

भारतीय टीम रनों के लिहाज से अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज करने में कामयाब रही। इससे पहले टीम ने 2017 में दक्षिण अफ्रीका में इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 249 रन से जीत दर्ज की थी।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रतिका का डेम्पसे बो सार्जेंट | 154 | 129 | 20 | 1 |
| मंधाना का कैनिंग बो प्रेंडरगास्ट | 135 | 80 | 12 | 7 |
| ऋचा घोष बो कैली | 59 | 42 | 10 | 1 |
| तेजल का डेलानी बो प्रेंडरगास्ट | 28 | 25 | 2 | 0 |
| हरलीन का प्रेंडरगास्ट बो डेम्पसे | 15 | 10 | 3 | 0 |
| जेमिमा रोड्रिग्स नाबाद | 04 | 06 | 0 | 0 |
| दीप्ति शर्मा नाबाद | 11 | 08 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 29, कुल : 50 ओवर में 435/5
गेंदबाजी : प्रेंडरगास्ट 8-0-71-2, अवा कैनिंग 8-0-64-0, अर्लेने कैली 7-0-66-1, सार्जेंट 8-0-68-1, डेम्पसे 10-0-65-1, डालजेल 3-0-28-0, डेलानी 6-0-59-0.

| आयरलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सारा फोर्ब्स रन आउट | 41 | 44 | 7 | 0 |
| गैबी पगबाधा बो टिटास साधु | 01 | 06 | 0 | 0 |
| क्रिस्टिना बो सयाली सतघरे | 00 | 04 | 0 | 0 |
| प्रेंडरगास्ट बो तनुजा कंवर | 36 | 43 | 6 | 0 |
| लौरा डेलानी बो दीप्ति शर्मा | 10 | 20 | 1 | 0 |
| लिया पॉल का एवं बो दीप्ति शर्मा | 15 | 25 | 2 | 0 |
| कैली का सतघरे बो तनुजा कंवर | 02 | 08 | 0 | 0 |
| अवा कैनिंग बो मीनू मणि | 02 | 21 | 0 | 0 |
| जॉर्जिना डेम्पसे रन आउट | 00 | 03 | 0 | 0 |
| अलाना डालजेल नाबाद | 05 | 12 | 0 | 0 |
| सार्जेंट का मीनू मणि बो दीप्ति | 01 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 18, कुल : 31.4 ओवर में 131/10
गेंदबाजी : साधु 4-1-22-1, सतघरे 4-0-24-1, तनुजा 9-2-31-2, दीप्ति 8.4-2-27-3, मीनू मणि 6-0-22-1.

### तीसरी बार दोनों ओपनर की सेंचुरी

यह तीसरा मौका था जब दोनों भारतीय सलामी बल्लेबाजों ने महिला वनडे में शतक जड़े हों। इससे पहले 1999 में रेश्मा गांधी और मिताली राज तथा दीप्ति और राउत ने आयरलैंड के खिलाफ शतक जड़े थे। भारतीय जोड़ी ने पावरप्ले के दौरान 90 रन और अगले 10 ओवर में 67 रन जोड़े जिससे स्कोरिंग गति तेज रही। इस तरह दोनों ने पिछली छह पारियों में से चौथी बार 100 रन की भागीदारी बनाई।

### छठी पारी में पहला शतक

स्मृति ने 39 गेंद में अपना 31वां वनडे अर्धशतक पूरा किया। वहीं रेलवे का प्रतिनिधित्व करने वाली दिल्ली की क्रिकेटर प्रतिका ने अपनी छठी ही पारी में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय शतक जड़कर इस मैच को और भी खास बना दिया। उन्होंने 129 गेंद में 154 रन बनाए। वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली श्रृंखला में पदार्पण करने वाली 24 वर्षीय खिलाड़ी ने चार पारियों में तीन अर्धशतक जड़े थे। उन्होंने 100 गेंद में शतक जड़कर शानदार प्रदर्शन किया।

## खबर संक्षेप



### मुंबई टीम के शिविर से जुड़े जायसवाल

मुंबई। भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल रणजी ट्रॉफी के अगले दौर के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि करने के बाद बुधवार को यहां मुंबई की टीम के शिविर में शामिल हो गए, लेकिन पहले दिन दो अभ्यास सत्र में भाग लेने वाले कप्तान रोहित शर्मा दूसरे दिन नजर नहीं आए। मंगलवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ बल्लेबाजी का अभ्यास करने वाले रोहित के एक या दो दिन में फिर से अभ्यास सत्र में भाग लेने की उम्मीद है। रोहित ने हालांकि अभी तक मुंबई के जम्मू-कश्मीर के खिलाफ 23 जनवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहने की पुष्टि नहीं की है।

### नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भाग लेगी हम्पी



स्टवान्गर। मौजूदा विश्व रैपिड शतरंज चैंपियन और भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी मई में नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में भाग लेंगी। वर्तमान में महिलाओं के क्लासिकल शतरंज में विश्व में छठे नंबर की खिलाड़ी हम्पी का लक्ष्य इस प्रतिष्ठित शतरंज टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ना है। हम्पी 2002 में ग्रैंडमास्टर बनने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी बनी थी। दो बार 2019 और 2024 में विश्व रैपिड चैम्पियनशिप का खिताब जीतने वाली हम्पी नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में वापसी करने को लेकर उत्साहित हैं।

### पाक की प्रारंभिक टीम में सईम अयूब शामिल



कराची। पाकिस्तानी चयनकर्ताओं ने दाहिने टखने की चोट से उबर रहे सलामी बल्लेबाज सईम अयूब को अगले महीने होने वाले चैम्पियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की प्रारंभिक टीम में चुना है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टीम की आधिकारिक घोषणा नहीं की है लेकिन यह तय है कि इसमें शाहीन शाह अफरीदी, हारिस रऊफ, नसीम शाह, फखर जमां और शादाब खान जैसे सितारे हैं। एक जानकार सूत्र ने कहा कि चयनकर्ताओं ने सईम को शामिल किया है हालांकि अभी वह पूरी तरह से फिट नहीं है। प्रारंभिक टीम में बदलाव 13 फरवरी तक किए जा सकते हैं।

# जोकोविच ने खेला रिकॉर्ड 430वां ग्रैंडस्लैम मैच, ओसाका भी जीती

ऑस्ट्रेलियन ओपन

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न



नोवाक जोकोविच ने बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर के मैच में कोर्ट पर उतरते ही ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक मैच खेलने का रिकॉर्ड बनाया। नाओमी ओसाका पिछले तीन साल में पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के तीसरे दौर में पहुंची। जोकोविच चारों ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में 430 मैच खेल चुके हैं जो नया रिकॉर्ड है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में रोजर फेडरर (429) की बराबरी की थी।

जोकोविच ने दूसरे दौर में पुर्तगाल के क्वालीफायर जेमी फरिया को 6-1, 6-7 (4), 6-3, 6-2 से हराया। जोकोविच अब ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताओं में 379 मैच जीत चुके हैं जबकि 51 मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, 'ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट हमारे खेल के मजबूत स्तंभ हैं। इस खेल के इतिहास में वह बहुत मायने रखते हैं। मैं भाग्यशाली हूं कि आज एक और रिकॉर्ड बनाने में सफल रहा।' पुरुष वर्ग में ही तीसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कारास ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए योशिहितो निशिओका पर 6-0, 6-1, 6-4 से जीत हासिल की।



### तीसरे दौर में ओसाका

महिला एकल में दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन ओसाका 2022 के बाद पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के तीसरे दौर में पहुंचीं। उन्होंने अमेरिकी ओपन की सेमीफाइनलिस्ट करोलिना मुचोवा के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके 1-6, 6-1, 6-3 से जीत हासिल की। ओसाका ने इस तरह से पिछले साल अमेरिकी ओपन में मुचोवा से मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया।

## सबालेंका 16 मैचों से अजेय



पिछले दो बार की चैंपियन सबालेंका ने आखिरी पांच गेम जीतकर विश्व में 54वें नंबर की खिलाड़ी जेसिका बौजास मनेइरो को 6-3, 7-5 से हराकर लगातार तीसरा खिताब जीतने की तरफ कदम बढ़ाए। वह इस टूर्नामेंट में लगातार 16 मैच जीत चुकी हैं। सातवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला भी तीसरे दौर में पहुंच गई हैं। उन्होंने एलिस मर्टेंस पर 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। एक अन्य मैच में 14वीं वरीयता प्राप्त 17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा ने मोयुका उचिजिमा को 6-4, 3-6, 7-6(8) से हराया।



### लौरा का बड़ा उलटफेर, झेंग बाहर

विश्व रैंकिंग में 97वें नंबर की खिलाड़ी लौरा सीगमंड ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए ओलंपिक चैंपियन और पिछले साल की उप विजेता झेंग किनवेन को सीधे सेटों में पराजित करके बड़ा उलटफेर किया। झेंग ने पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। लेकिन साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के दूसरे दौर में उन्हें 36 वर्षीय सीगमंड से 7-6 (3), 6-3 से हार का सामना करना पड़ा।

## चैंपियंस ट्रॉफी का उद्घाटन समारोह 16 या 17 फरवरी को रोहित के जाने की उम्मीद

लाहौर। चैंपियंस ट्रॉफी का उद्घाटन समारोह 16 या 17 फरवरी को आयोजित किया जाएगा और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को उम्मीद है कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा इसमें शिरकत करेंगे। पीसीबी सूत्र ने बताया कि उसे कप्तानों के फोटो शूट और टूर्नामेंट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस के शेड्यूल के लिए आईसीसी से सूचना का इंतजार है। आठ टीमों का टूर्नामेंट 19 फरवरी से कराची में शुरू होगा। सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान नहीं जा रही भारतीय टीम अपने मैच दुबई में खेलेगी। भारत को 20 फरवरी को बांग्लादेश से पहला मैच खेलना है। सूत्र ने कहा कि पीसीबी को सभी कप्तानों, खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के वीजा के लिए सरकार से मंजूरी मिल गई है। उन्होंने कहा, 'इसमें रोहित या अन्य कोई भी भारतीय खिलाड़ी या अधिकारी शामिल है। यह आम प्रोटोकॉल है कि पहला मैच 19 फरवरी को है तो उद्घाटन समारोह 16 या 17 को होगा।'



## फॉरेस्ट ने लिवरपूल को चौंकाया मैनचेस्टर सिटी ने भी ड्रॉ खेला



एजेंसी ▶▶ लंदन

नॉटिंघम फॉरेस्ट ने लिवरपूल के खिलाफ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शीर्ष पर चल रही इस टीम के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ खेला। लिवरपूल को प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में 20 मैच में केवल एक बार हार का सामना करना पड़ा है। वह सितंबर में फॉरेस्ट के घरेलू मैदान पर 1-0 से हारा था। चार महीने बाद उसकी टीम पर फिर हार का खतरा मंडरा रहा था जब क्रिस वुड के आठवें मिनट में गोल करके फॉरेस्ट को बढ़त दिला दी थी। डिओगो जोटा ने 66वें मिनट में गोल किया जिससे लिवरपूल इस मैच से एक अंक हासिल करने में सफल रहा। मैनचेस्टर सिटी ने फिल फोडेन के दो गोल की बदौलत दो बार बढ़त बनाने के बावजूद ब्रेंटफ़ोर्ड के खिलाफ मैच 2-2 से ड्रॉ खेला। सिटी ने 82वें मिनट में और फिर स्टॉपेज टाइम के दूसरे मिनट में गोल खाया। ब्रेंटफोर्ड के लिए योएन विसा और क्रिस्चियन नॉर्गार्ड ने गोल किए।

## अनुपमा, तनीषा-अश्विनी की इंडिया ओपन में आसान जीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



एच एस प्रणय और प्रियांशु राजावत जुझारू प्रदर्शन के बावजूद हार गए लेकिन पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन अनुपमा उपाध्याय इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गई। प्रियांशु को दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी जापान के कोडाइ नराओका ने 21-16, 20-22, 21-13 से हराया। वहीं प्रणय को चीनी ताइपै के सू लि यांग ने 16-21, 21-18, 21-12 से मात दी।

महिला वर्ग में अनुपमा ने हमवतन रक्षिता श्री को 21-17, 21-18 से हराया। गोपीचंद अकादमी की दोनों प्रशिक्षु कोर्ट के बाहर घनिष्ठ मित्र हैं। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी ने काव्या गुप्ता और राधिका शर्मा को 21-11, 21-12 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं त्रृतुपर्णा और स्वेतापर्णा पांडा ने थाईलैंड की पी ऐमवारीस्त्रीसाकुल और सरिसा जानपेंग को 7-21, 21-19, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। सुबह आकर्षि कश्यप को थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग ने 21-17, 21-13 से हराया। मालविका बंसोड को दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी चीन की हान युइ ने 21-16, 21-11 से हराया।

## पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी का न्यूनतम टिकट 310 रुपए

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए न्यूनतम टिकट 1000 पाकिस्तानी रुपए का रखा है जो भारतीय मुद्रा में 310 रुपए के बराबर होगा। पीसीबी के एक अंदरुनी दस्तावेज में यह बताया गया है जिसकी प्रति एजेंसी के पास है। इसमें यह नहीं बताया गया है कि दुबई में होने वाले भारत के मैचों की टिकट दर क्या होगी। अगर भारतीय टीम सेमीफाइनल और फाइनल खेलती है तो वह भी दुबई में आयोजित होंगे। दस्तावेज के अनुसार पीसीबी ने कराची, लाहौर और रावलपिंडी में होने वाले मैचों के न्यूनतम टिकट 1000 पाकिस्तानी रुपए के रखे हैं।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
JAWAHARLAL NEHRU KRISHI VISHWA VIDYALAYA, JABALPUR
SHORT TENDER NOTICE
No. E.E./Teder /2025/1740 Dated - 13/01/2025
Sealed tender are invited from Registered Contractor/ Firm in PWD/MES/CPWD by Registered post /Speed post only for Repair work of Plaster and Water supply line work, Boys Hostel Building at College of Agriculture, Tikamgarh. The detailed specification and tender document can be obtained from the office of the undersigned on payment of Rs.1,000/-.
The last date of issue of the tender document - 24/01/2025 up to 5.00PM
The last date of submission of tender document - 31/01/2025 up to 5.00PM
Date of opening of the tender - Next working day.
IPRO EE/2025/06 Executive Engineer

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड परासिया
निविदा आमंत्रण सूचना
निविदा जारी करने का दिनांक 11.01.2025
निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदाओ हेतु निविदा प्रपत्र डाउन लोड / क्रय करने की दिनांक 11.01.2025 से प्रारंभ है।
कार्य का नाम - छिन्दवाड़ा जिले के खण्ड परासिया के विकासखण्ड तामिया, जामई, अमरवाड़ा, एवं हर्रई के पहुँचविहीन बसाहटों एवं ग्रामों में 200/150/125 मि.मी.व्यास के 180 मी. गहरे टेलिस्कोपिक नलकूपों का पी.व्ही. टी. जी. एवं जल जीवन मिशन अंतर्गत फास्टरिंग द्वारा खनन कार्य (बी.ओ. क्यू. के अनुसार)

| ई-टेण्डर क्रमांक | निविदा संदर्भ क्रमांक दिनांक | विकास खंड का नाम | नलकूपों की संख्या | अनुमानित लागत (रुपए लाख में) | अमानत राशि रूपये | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि | निविदा खोलने की नियत दिनांक | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025-PHED-395151_1 | 33/24-25/ 11.01.2025 | तामिया, जामई, अमरवाड़ा एवं हर्रई | 25 | 35.94 | 50000 | 5000 | 28.01.2025 5:30 PM | 28.01.2025 5:30 PM | नवीन केंद्रीकृत पद्धति पर सक्षम श्रेणी में पंजीकृत | 45 दिन |
| 2025-PHED-395207_1 | 34/24-25/ 11.01.2025 | हर्रई एवं जामई | 8 | 12.89 | 25746 | 2000 | 27.01.2025 5:30 PM | 28.01.2025 5:30 PM | | 45 दिन |

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क, केश-कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैंकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त बेवसाइड पर भुगतान कर केवल ऑनलाईन पर ही क्रय किए जा सकते है विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित बेवसाईड पर देखी जा सकती हैं।
कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ यांत्रिकी खण्ड परासिया जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)
G-21642/24
दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

पश्चिम मध्य रेल
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से करने वाले डिप्टी सी एस टी ई/कार्य/मुख्यालय खुली ई निविदाएं आमंत्रित करते है। निविदा संख्या- GC-WCR-SNT-PROJ-01-2025, कार्य का नाम- पश्चिम मध्य रेलवे के संकेत एवं दूरसंचार परियोजना इकाई में भोपाल, जबलपुर और कोटा मंडल के सिग्नलिंग कार्यों के लिए सामान्य सलाहकार की नियुक्ति।, कार्य की अनुमानित लागत रू.- 76429840.41/-, बयाना राशि रू.- 532200/-, टेंडर फार्म की कीमत रू. - 0.00, कार्य समाप्ति अवधि- 36 माह, टेंडर जमा करने की तारीख- 10/02/2025 15:00 बजे, सभी सूचनाएं सहित निविदा दस्तावेज रेलवे की वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाकर्ता/बोलीदाताओ के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते है। ई-टेडरिंग में भाग लेने के समय सभी प्रासंगिक कागजात अपलोड किये जाने चाहिए।
डिप्टी सीएसटीई/वर्क्स/मुख्यालय, पमरे, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय उप संचालक, बफरजोन वनमण्डल
कान्हा टायगर रिजर्व, मण्डला (म.प्र.) 481661
ई-मेल :ddknpb.mdi@mp.gov.in, दूरभाष: 07642-250760, फैक्स : 07642-
खण्ड - 1
ई - निविदा आमंत्रण सूचना
मध्यप्रदेश शासन
कार्यालय उप संचालक बफरजोन वनमण्डल कान्हा टाइगर रिजर्व मण्डला
ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 179 / ई-टेण्डरिंग 24. 25 / मण्डला दिनांक 08/01/2025
उप संचालक बफरजोन वनमण्डल कान्हा टाइगर रिजर्व मण्डला द्वारा म.प्र.भण्डार क्रय एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 ( यथा संशोधित 2022 ) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं ।

| क्रमांक | कार्य का नाम | स्थल संख्या | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | वाच टावर स्थापना कार्य | 01 | 500/- |

1. निविदा दस्तावेज से संबधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निशुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते हैं ।
2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / केश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज एवं ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दर्शित तिथी के पश्चात केवल ऑनलाइन खरीद सकते हैं ।
3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया / तिथियाँ लागू होंगी ।
4. ई - निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट यदि कोई हो तो केबल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा समाचार पत्रों में नही ।
5. म.प्र. के लिए ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://mptenders.gov.in/nicgep/app

उप सचांलक,
बफरजोन वनमण्डल,
कान्हा टाइगर रिजर्व मण्डला
G-21697/24




## मप्र हाईकोर्ट में जजों की कमी का असर

# 4 लाख 62 हजार केस पेंडिंग

हरिभूमि जबलपुर।

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में लगातार बढ़ते मामलों और जजों की कमी का प्रभाव साफ देखा जा रहा है। वर्तमान में हाईकोर्ट में लगभग 4 लाख 62 हजार मामले पेंडिंग हैं। वहीं, न्यायाधीशों के कुल 53 स्वीकृत पदों में से केवल 33 जज ही कार्यरत हैं। 20 पद अभी भी खाली है। ऐसे में न्यायाधीशों पर प्रकरणों के निपटारे का भारी दबाव है। इसके अलावा, 2025 में चीफ जस्टिस के साथ 8 जस्टिस रिटायर हो रहे हैं।



मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की मुख्य पीठ जबलपुर सहित तीनों पीठों में कुल 4 लाख 62,000 हजार से ज्यादा मामले पेंडिंग हैं। न्यायाधीशों की कमी के कारण एक जज पर औसतन 14,000 मामलों का बोझ है। पेंडिंग मामलों की बढ़ती संख्या का एक मुख्य कारण न्यायाधीशों के रिक्त पद हैं। हालांकि, नए साल में नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की उम्मीद जताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, हाई कोर्ट कॉलेजियम ने वकीलों के कुछ नाम सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम को भेजे हैं। सुप्रीम कोर्ट की स्वीकृति के बाद ये नाम राष्ट्रपति को भेजे जाएंगे। कुछ समय पहले मध्य प्रदेश हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात कर न्यायाधीशों के रिक्त पदों को भरने की मांग की थी। वहीं, पिछले वर्ष सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा भेजे गए कुछ नाम अब भी कानून विभाग के पास लंबित हैं।

### नाबालिग से दुष्कर्म के 4928 केस पेंडिंग

दुष्कर्म पीड़ित नाबालिग बेटियों को प्रदेश में न्याय की सबसे बड़ी संस्था से भी न्याय के लिए सालों इंतजार करना पड़ रहा है। मप्र में पिछले 24 साल में पॉक्सो के 4,928 मामले हाई कोर्ट में लंबित हैं। इन मामलों में कुल 5,243 आरोपी हैं। इनमें से 2,650 जेल में बंद हैं, जबकि 2,593 (49.46 प्रतिशत) जमानत पर आजाद हैं।

## चायनीज मांझा बेचते दुकान संचालक गिरफ्तार

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत अहमद नगर में चायनीज मांझा बेच रहे एक दुकान संचालक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 नग लच्छी चायनीज मांझा जब्त किया है जिसकी कीमत 800 रुपए बताई गई है।

गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अहमद नगर गोहलपुर निवासी 40 वर्षीय एजाज अहमद मंसूरी गत दिवस अपनी दुकान में चायनीज मांझा रखकर बेच रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी एजाज अहमद मंसूरी के कब्जे से 3 नग चकरी में लिपटा एवं 20 नग पन्नी लच्छी चायनीज मांझा जब्त किया है जिसकी कीमत लगभग 800 रूपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 223 भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## रादुविवि कार्यपरिषद की बैठक में फिर हंगामा

एनएसयूआई कार्यकर्ता महाआरती लेकर पहुंचे

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) में बुधवार को कार्य परिषद की बैठक में एक बार फिर एनएसयूआई कार्यकताओं ने जमकर हंगामा किया। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष सचिन रजक महाआरती लेकर बैठक में पहुंचे और कुलगुरु की तस्वीर की आरती उतारी। एनएसयूआई छात्र नेताओं का आरोप है कि कुलगुरु छात्रों, कर्मचारियों की समस्याओं को छोड़ ज्यादातर समय तो गायब रहते हैं। बड़ी मुश्किल से उनके दर्शन हो पाते है, इसलिए एनएसयूआई कार्यकर्ता महाआरती लेकर उनका पूजन करने आए थे। उधर दूसरी ओर कर्मचारियों का धरना बुधवार को भी जारी रहा। कर्मचारी अपनी समस्याओं व मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलनरत हैं। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने आश्वासन दिया था कि 15 जनवरी को कार्य परिषद (ईसी) की एक विशेष बैठक बुलाकर उनकी मांगों को पूरा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि रादुविवि प्रशासन ने गत 2 जनवरी को ईसी की बैठक बुलाई थी, लेकिन उक्त बैठक में कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा नहीं होने से काफी हंगामे की स्थिति बनी थी। कर्मचारी श्रमसाध्य भुगतान, 2008 और 2013 में नियमित हुई कर्मचारियों के मामले में शासन से आए पत्र पर मंथन, 70 पदों के निरस्त होने के मामले में ठोस कार्यवाही सहित अन्य बिंदूओं को लेकर 30 दिसंबर से विश्वविद्यालय में अनशन कर रहे है।



# कमीशन का लालच देकर खुलवाया युवक का खाता

### अनाधिकृत लेन देन करने वाले आरोपियों पर मामला दर्ज

हरिभूमि जबलपुर।

फर्जी खाता खुलवाकर अवैध कारोबार का ट्रांजेक्शन करने का मामला सामने आया है। रांझी थाना क्षेत्र में दो बदमाशों ने एक युवक को कमीशन देने का प्रलोभन देकर उसके दस्तावेज मांगे फिर एक निजी फायनेंस बैंक में उसके नाम से खाता खुलवाकर अनाधिकृत रुप से लेन देन किया। युवक की लिखित शिकायत की जांच के बाद दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम करोंदा काली मंदिर के पास रांझी निवासी 27 वर्षीय पारस बघेल ने रांझी थाने में एक लिखित शिकायत की, जिसमें कहा कि लगभग पांच माह पहले करोंदी निवासी दीपक चढ़ार ने पारस बघेल से कहा कि शेयर मार्केट का काम करना है जिसमें बैंक खाते की आवश्यकता होती है अगर तुम अपने नाम से बैंक खाता खुलवाओगे तो उसमें जो भी ट्रांजेक्शन होगा उसका कमीशन मिलेगा। प्रलोभन देकर 3 अगस्त 2024 को आरोपी दीपक चढ़ार ने पारस से उसका पेन कार्ड, अधारकार्ड, लेकर राईट टाउन स्थित उत्कर्ष फायनेंस बैंक में खाता खुलवा लिया। इस काम में दीपक चढ़ार ने पूरा सहयोग किया और दो तीन फार्म में उससे दस्तख्त भी करवाए और बोला कि बैंक वालें पूछे तो उसके दिए मोबाइल नंबर और दस्तावेज दे देना। वह बैंक से बाहर आकर दीपक एवं बिनोद से मिला जिन्होंने कहा कि किट आयेगी तब देखेंगे। जो मोबाइल नम्बर उसे दिया था वो याद नहीं है। लगभग 15-20 दिन बाद दीपक चढ़ार एवं बिनोद कुमार मिले जिनसे उसने कहा कि मेरे हिस्से का क्या हुआ तो बोले कि तुम्हारा एकाउण्ट फेल हो गया है ऐसा कहते हुये दोनों उसे 4-5 बैंक और लेकर गये थे और खाता खुलवाये और दोनों ने कहा कि तुम्हारे सारे खाते फैल हो गये हैं । उसे न्यूज पेपर एवं टीव्ही न्यूज से जानकारी लगी कि कुछ लोग बैंक खाता खुलवाकर उनके खाते की जानकारी अपने पास रखकर गलत लेन देन करते हैं उसे डर है कि उसके खाते खुलवाकर खाता की किट अपने पास रखकर दीपक चढार एवं बिनोद कुमार गलत उपयोग कर रहे हैं।

लिखित शिकायत की जांच में प्रथम दृष्टया उत्कर्ष स्माल फायनेंस बैंक के खाता की जानकारी में प्रथम दृष्टया संदिग्ध लेनदेन प्रदशित हो रहा है। पुलिस ने आरोपी दीपक चढ़ार एवं विनोद कुमार के खिलाफ धारा 318, 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## अब 750 निजी कॉलेजों की होगी जांच, अपर मुख्य सचिव ने दिए जांच के निर्देश

**जबलपुर।** ग्वालियर में जीवाजी यूनिवर्सिटी (जेयू) से संबद्ध शिवशक्ति कॉलेज झुंडपुरा, में फर्जीवाड़े के खुलासे के बाद अब 750 निजी कॉलेजों पर भी जांच की तलवार लटक गई है। उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) अनुपम राजन ने प्रदेशभर के 750 निजी कॉलेजों की जांच के निर्देश दिए हैं। इनमें ग्वालियर-चंबल संभाग के 373 कॉलेज शामिल हैं। एसीएस ने जबलपुर सहित सभी जिलों के कलेक्टरों को दो सप्ताह में राजस्व टीम से कॉलेजों का भौतिक सत्यापन कराकर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं। इस जांच से उन कॉलेजों का भंडाफोड़ होगा जो सिर्फ कागजों पर मौजूद हैं। माना जा रहा है कि इस बार भी नर्सिंग की तरह बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आ सकता है।




## शाम ढलते ही शीतलहर चली

# दिन के तापमान में उछाल, ठंड से राहत

**जबलपुर।** उत्तर भारत में हुए हिमपात के कारण समूचा मध्यप्रदेश शीतलहर की गिरफ्त में आ गया है। पूर्वी दिशा से 6 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही बर्फीली हवाओं के चलने से शहर कंपकंपा गया। बुधवार की सुबह से लेकर दोपहर तक अच्छी धूप निकली रही जिससे लोगों को ठंड से राहत मिली। लेकिन शाम ढलते ही शीतलहर चलने लगी थी। एक बार फिर न्यूनतम तापमान लुढ़क कर 8 डिग्री पर आ गया। बुधवार की शाम को शीतलहर ने लोगों को घरो में दुबकने विवश कर दिया। तड़के शहर में घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण रेल यातायात और हवाई सेवाएं प्रभावित हुई।



स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि पिछले दिनों चक्रवाती हवाओं के कारण हुई बारिश के बाद उत्तर भारत में हुए हिमपात की वजह से शहर बर्फीली हवाओं की चपेट में आ गया। इस कारण कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। तापमान एक बार फिर नीचे लुढ़क गया। नगर का अधिकतम तापमान पिछले 24 घंटों के दौरान 24.6 डिग्री सेल्सियस समान्य रिकार्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 08.05 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जो सामान्य से 2 डिग्री कम रहा। हवा मे नमी प्रातःकाल 85 प्रतिशत और सायंकाल 56 प्रतिशत दर्ज की गई। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 23.7 और न्यूनतम 11.06 तापमान दर्ज किया गया। सूर्यउदय 6.54 और सूर्यास्त 5 .45 बजे हुआ। प्रदेश में सबसे कम 5.6 डिग्री तापमान पचमढ़ी में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

## माशिमं: दसवीं-बारहवीं की परीक्षा के लिए 3887 केंद्रों का चयन, 562 पर विशेष नजर

सीसीटीवी कैमरों से लैस केंद्रों पर पुलिस की रहेगी व्यवस्था

हरिभूमि, जबलपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की कक्षा दसवीं-बारहवीं की मुख्य परीक्षाओं को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मंडल ने परीक्षा केंद्रो का चयन करने के साथ ही केंद्राध्यक्षों की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि इस बार प्रदेश में 3887 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें 562 संवेदनशील व अति संवेदनशील केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। सीसीटीवी कैमरों से लैस केंद्रों पर सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल की व्यवस्था भी रहेगी। इस संबंध में मंडल ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इस बार बड़े शहरों के निजी स्कूलों में अधिक केंद्र बनाए गए हैं।

### 15 फरवरी से शुरू हो रही है परीक्षा, इस साल 47 हजार कम

बता दें कि माशिमं की 10वीं व 12वीं परीक्षा 25 फरवरी से शुरू हो रही है। दो कक्षाओं की परीक्षा में इस साल विद्यार्थियों की संख्या पिछले साल के मुकाबले करीब 47 हजार कम है। इस साल दोनों कक्षाओं में 16.60 लाख विद्यार्थी और पिछले साल 17.07 लाख शामिल हुए थे।

### मुख्य शहरों में केंद्र

- जबलपुर के 69 सरकारी व 34 निजी स्कूल में केंद्र तय किए गए हैं।
- भोपाल में 51 सरकारी व 52 निजी स्कूलों में केंद्र बनाए हैं।
- ग्वालियर के 51 सरकारी व 41 निजी स्कूल में केंद्र बनाए गए हैं।
- इंदौर में 111 सरकारी और 29 निजी स्कूल को बनाया गया है।

## बुलट ने बाईक को टक्कर मारी, 2 घायल

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थाना अतंर्गत रानीदुर्गावती स्कूल के आगे गंगानगर के पास एक बुलट बाईक ने एक मोटरसायकिल में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे मोटरसायकिल में सवार दो युवक नीचे गिरकर घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस चंद्रेश अहिरवार तथा नवीन कुमार डेहिरया अपनी मोटरसायकिल से तिलवारा घाट जा रहा था और दूसरी बाईक से उसका एक और दोस्त अभिषेक दाहिया भी उनके पीछे चल रहा था। रास्ते में रानी दुर्गावती स्कूल गंगानगर के पास पीछे से आ रही एक बुलट बाईक क्रमांक एमपी 20 एनपी 9818 के चालक ने चंद्रेश अहिरवार की बाईक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे चंद्रेश एवं नवीन गिर गये और दोनों को पैर में चोटे आ गयी है। अभिषेक दाहिया ने दोनों को घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## ट्रेन से टकराकर युवक की मौत

**जबलपुर।** शहपुरा थाना अतंर्गत कैथरा रेलवे फाटक के आगे ट्रेन से टकराकर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। शहपुरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 1 शहपुरा निवासी 32 वर्षीय राजू कुमार यादव की कैथरा रेलवे फाटक के आगे ट्रेन से टकराकर मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेद्वी RNI No.: MPHIN/2008/24240